वर्ष- 13 अंक - 107
लखनऊ, बुधवार 17 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



हम सभी जनता के प्रति जवाबदेह : सतीश महाना 03
मानक व नियमों को दरकिनार कर संचालित हो रहा अस्पताल 12

# यमुना एक्सप्रेस-वे हादसे में 13 की मौत

## घने कोहरे के चलते सात बसें और तीन कारों के आपस में टकराने के बाद लगी आग, 70 से ज्यादा लोग झुलसे

**पुलिस ने घायलों को मथुरा व वृंदावन के अस्पतालों में कराया भर्ती**

समृद्धि न्यूज

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में थाना बलदेव क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के घने कोहरे के चलते सात बसें और तीन कारों के आपस में टकराने के बाद आग लगने से 13 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इसके अलावा 70 से ज्यादा लोग झुलस गए हैं।

पुलिस ने घायलों को मथुरा और वृंदावन के अस्पतालों में भर्ती कराया है। इस भीषण सड़क हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक जताया और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार कीआथिर्क मदद का ऐलान किया है। जिलाधिकारी ने मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया बलदेव थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस से माइलस्टोन संख्या 127 पर मंगलवार की सुबह कोहरे के चलते एक रोडवेज और सहित सात बसें और चार छोटी गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। आपस में टकराने के वाहनों में आग लग गई। इससे अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 70 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना पर फायर ब्रिगेड और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बसों में लगी आग को बुझाया। हादसे में झुलसे लोगों को 20 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग से जलने से शवों की पहचान मुश्किल है। उनका डीएनए टेस्ट के माध्यम से पहचान की जाएगी। इस पूरी घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि बलदेव थाना क्षेत्र में अयोध्या से दिल्ली की ओर जा रही बस घने कोहरे के कारण टकरा गई। इसके बाद बसों में आग लग गई। इस आग की चपेट में अन्य वाहन भी आ गए। उन्होंने बताया कि प्रथमदृष्टया हादसे की वजह घना कोहरा लग रहा है। कम विजिबिलिटी की वजह से 7 बसों, 1 रोडवेज और 4 छोटी गाड़ियों की टक्कर हुई, जिससे आग लगी और बड़ा हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटवा दिया गया है और मौके पर बैरिकेडिंग कराकर यातायात बहाल करा दिया गया है।बसों और कारों में आग लगने की सूचना पर मंडल और जिले के आलाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी राधा वल्लभ ने बताया कि मृतकों के डीएनए टेस्ट से ही उनकी पहचान हो सकेगी।



**सीएम ने जताया दुख, मदद का ऐलान**

मुख्यमंत्री योगी ने किया आर्थिक मदद का ऐलान जनपद मथुरा में हुए सड़क हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश हैं। मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

**हेल्पलाइन नंबर जारी**

मथुरा जिला प्रशासन हादसे के संबंध में हेल्पलाइन नंबर 0565-2403200 जारी किया गया है। किसी भी समस्या या जानकारी के लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा के मोबाइल नंबर 9454417583 और एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत के मोबाइल नंबर 9454401103 पर संपर्क किया जा सकता है।

### अमंगल रहा मंगल, इन जिलों में हादसे, कई की मौत

**आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे हादसे में चार की मौत**

जनपद उन्नाव में बागंरमऊ कोतवाली क्षेत्र स्थित आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। बांगरमऊ सीओ संतोष सिंह ने बताया कि फॉच्यूनर कार टायर फटने से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जिनकी पहचान गाजियाबाद निवासी अशोक अग्रवाल (57), आकाश अग्रवाल (35), अभिनव अग्रवाल (20 ) के रूप में हुई है। एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो पायी है।

**बस्ती में ट्रक और बस की भिड़ंत में चार की मौत**

बस्ती जिले में कोतवाली क्षेत्र राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर सोमवार देर रात को एक ट्रक और बस की टक्कर हो गई। हादसे में बस्ती निवासी अब्दुल्ला (60), मुख्तार अली (75), बस चालक संदीप पांडेय (32) और ट्रक चालक शिवराज सिंह की मौत हो गई। इस हादसे में 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। डीआईजी संजीव त्यागी ने बताया कि संतकबीर नगर से एक प्राइवेट बस यात्रियों को लेकर अजमेर शरीफ के उर्स में शामिल होने जा रही थी। बस में करीब 60 लोग सवार थे।

**बागपत में सिपाही समेत दो की मौत**

बागपत जिले के सिंघावली अहीर थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि कोर्ट के एक नोटिस पर हेड कांस्टेबल राहुल और कौशल शर्मा बसोद गांव निवासी गुड्डू, तैयब और अजहरुद्दीन को साथ लेकर मेरठ दबिश देने गए थे। रात्रि में करीब दो बजे जब लौटते समय उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में कांस्टेबल राहुल और अजहरुद्दीन की मौत हो गई, जबकि एक कांस्टेबल सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

## हंगामे के बीच मनरेगा से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक लोकसभा में पेश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को विपक्ष के विरोध के बीच ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार से जुड़े गारंटी योजना मनरेगा में बदलाव से जुड़ा 'जी राम जी' विधेयक पेश किया गया। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर आपत्ति जताते हुए विपक्ष ने विधेयक का विरोध किया। ज्यादातर सदस्यों ने विधेयक को सदन की स्थायी समिति को भेजे जाने का अनुरोध किया।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-रोज़गार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिए गारंटी (विकसित भारत- जी राम जी) विधेयक, 2025 पेश किया। यह विधेयक विकसित भारत ञ्च2047 के राष्ट्रीय विज़न के साथ जुड़ा एक ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसमें हर वित्तीय वर्ष में हर ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के रोज़गार की कानूनी गारंटी दी जाएगी। इसमें परिवार के वयस्क सदस्य को उनकी इच्छा पर बिना किसी कौशल वाला काम दिया जाएगा। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी देशवासियों के दिलों में बसते हैं और उन्होंने एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के कल्याण की सोच दी थी। विधेयक में सरकार ने 100 दिनों के बजाय 125 दिनों की रोजगार गारंटी देने का प्रावधान किया है, जिसके लिए 1,51,282 करोड़ रुपये की राशि रखी गई है। उन्होंने विपक्ष से पूछा कि क्या जवाहर रोजगार योजना का नाम बदलने से पंडित जवाहर लाल नेहरू के साथ अन्याय हुआ था। इसमें ग्राम विकास को प्राथमिकता दी गई है और 95 हजार करोड़ रुपये केन्द्र से खर्च किए जाएंगे। कम विकसित पंचायतों को अधिक काम मिलेगा। कृषि कार्यों के लिए विशेष फंड दिया गया है। बापू रामराज्य की बात करते थे और सरकार कृषि और मजदूरी से जुड़े कार्यों को एक समान करने का काम करेगी। इसी बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विधेयक लाया गया है और केवल विधायी क्षमता पर ही बहस सीमित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देशहित में कानून होगा उसे पारित करके रहेंगे। उन्होंने कहा कि विधायी कार्यों में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों का उपयोग किया जा सकता है।

**लोकसभा में 'सबका बीमा सबकी सुरक्षा विधेयक' पेश**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान करने वाला विधेयक पेश किया। विधेयक का नाम 'सबका बीमा सबकी सुरक्षा (बीमा कानूनों में संशोधन) विधेयक, 2025' है। कुछ सदस्यों ने विधेयक के नाम पर उद्देश्य और भाषा से जुड़ी आपत्ति जताई। इंश्योरेंस एक्ट, 1938, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन एक्ट, 1956 और इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी एक्ट, 1999 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक सदन के विचार हेतु पेश किया। लोकसभा में विधेयक को लाए जाने का कई सदस्यों ने विरोध किया। सदस्यों ने विधेयक का नाम उद्देश्य से जुड़ा नहीं होने और हिन्दी में होने पर आपत्ति जाहिर की। आरएसपी नेता एनके प्रेमचंद्रन ने कहा कि विधेयक के नाम का उसके कार्य से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि विधेयक बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रावधान करता है जो राष्ट्रीय हित को प्रभावित करता है। इसमें एलआईसी एजेंट और अन्य बीमा एजेंटों की कमीशन को तय करने का प्रावधान नियामक को दिया गया है। उन्होंने कहा कि एजेंट बीमा क्षेत्र की बैकबोन हैं और उनका इसमें ध्यान नहीं रखा गया है।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,34,010/ |
| 22 कैरेट | = | 1,22,850/ |
| 18 कैरेट | = | 1,00,540/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,99,100/ |



### संक्षिप्त समाचार

**यूपी रेरा ने 3200 करोड़ के प्रोजेक्ट को दी मंजूरी**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने प्रदेश के 9 जिलों में 16 नई रियल एस्टेट परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन परियोजनाओं में 3 हजर 200.16 करोड़ का अनुमानित निवेश प्रस्तावित है। इन परियोजनाओं के जरिए 3,845 आवासीय, व्यवसायिक एवं मिश्रित उपयोग की इकाइयों का विकास किया जाएगा। यह निर्णय 190वीं प्राधिकरण बैठक में लिया गया। मंजूर की जाने वाली परियोजनाओं में लखनऊ की सबसे ज्यादा 6 परियोजना है। जिसमें 2,154.69 करोड़ के निवेश किया जाएगा। इनमें दो आवासीय, दो मिश्रित उपयोग एवं दो व्यवसायिक परियोजनाएं शामिल हैं। जिनमें कुल 1,406 इकाइयां विकसित की जाएंगी। आगरा में 200.69 करोड़ की लागत वाली 2 परियोजनाओं (एक आवासीय एवं एक मिश्रित उपयोग) को मंजूरी दी गई है, जिनमें 668 इकाइयां शामिल हैं।

**राज्यों-केंद्रशासित प्रदेशों में बनाई जाएगी एनआईए स्पेशल कोर्ट**

**नई दिल्ली।** आतंकवाद से जुड़े मामलों के तेजी से निपटारे के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एनआईए की स्पेशल कोर्ट बनाई जाएगी। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को ये सूचना दी। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि जब अपराध एक राज्य में होता है और आरोपित दूसरे राज्य में चला जाता है, तो जांच और मुकदमे में देरी होती है। इसका सीधा फायदा कुख्यात अपराधियों को मिलता है। ऐसा समाज और देश दोनों के हित में नहीं है। सुनवाई के दौरान केंद्र ने कहा कि जहां दस से ज्यादा एनआईए के केस हैं, वहां एक से अधिक अदालतें होंगी। केंद्र ने कहा कि हर एनआईए अदालत के लिए करीब एक करोड़ रुपये का प्रस्ताव है।

**दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार से राहत**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में सुधार होने से पिछले तीन दिनों के खतरनाक गंभीर वायु प्रदूषण से कुछ राहत मिली है। सुबह छह बजे दिल्ली का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में 381 था जो सोमवार के 427 और रविवार के 461 के मुकाबले बेहतर था।

## राजधानी में छाया सीजन का सबसे घना कोहरा, 20 मीटर ही रही विजिबिलिटी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज सीजन का सबसे घना कोहरा छाया हुआ है। कई इलाकों में 20 मीटर ही रह गई। लोगों को दिन में भी वाहनों की हेडलाइट ऑन कर चलना पड़ा। धूप निकलने के साथ मौसम साफ होना शुरू होगा।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 25 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास दर्ज किया जाएगा। एक्यूआई फिर से 200 के पार हो गया। अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 0.7 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहा। यह सामान्य तापमान से 1.6 डिग्री अधिक रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की तरफसे सोमवार शाम 4 बजे जारी आंकड़े के मुताबिक लखनऊ का औसत एक्यूआई 213 के साथ खराब जोन में दर्ज किया गया।

**अमौसी एयरपोर्ट से सात फ्लाइट लेट, एक कैंसिल**

शहर और आसपास के इलाकों में सुबह से छाए घने कोहरे और खराब मौसम का सीधा असर चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के उड़ान संचालन पर पड़ा। कम विजिबिलिटी के चलते कई उड़ानें अपने तय समय से देरी से चलीं, एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान को डायवर्ट किया गया।

**सरकारी अस्पतालों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों की उपस्थिति को लेकर सख्त कदम उठाया है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है। अब डॉक्टरों, अधिकारियों और कर्मचारियों को बिना बायोमेट्रिक हाजिरी के वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा। यह व्यवस्था जिला चिकित्सालयों, महिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पीएचसी समेत सभी सरकारी स्वास्थ्य इकाइयों में लागू होगी। स्वास्थ्य विभाग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बायोमेट्रिक प्रणाली को तत्काल प्रभाव से सभी स्तरों पर सुनिश्चित किया जाए।

## खाद की कालाबाजारी पर लगेगा एनएसए : योगी

**सीएम कार्यालय से हर जिले पर होगी सीधी निगरानी, डीएम, एडीएम, एसडीएम उतरेंगे मैदान में**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक शब्दों में कहा है कि मिलावटी अथवा नकली खाद बेचने वालों और खाद की कालाबाजारी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम एनएसए के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नदाता किसान को यदि खाद को लेकर कोई भी समस्या हुई तो जवाबदेही तय होगी और दोषी चाहे किसी भी स्तर का हो, कार्रवाई से नहीं बचेगा। कृषि मंत्री और सहकारिता मंत्री की उपस्थिति में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खाद की समुचित उपलब्धता और सुचारू वितरण को लेकर सख्त निर्देश दिए।



सहकारिता और कृषि मंत्री प्रतिदिन खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से हर जिले पर सीधी निगरानी रखी जाएगी और खाद वितरण में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी और उप जिलाधिकारी स्वयं खाद की दुकानों और समितियों पर औचक निरीक्षण करें।

**ओवर रेटिंग किसी भी दशा में न हो और खाद समितियां निर्धारित अवधि के अनुसार अनिवार्य रूप से खुली रहें। डीएपी, यूरिया और पोटाश किसानों को केवल तय सरकारी दरों पर ही उपलब्ध कराई जाए। जहां भी गड़बड़ी पाई जाए, वहां तत्काल जवाबदेही तय की जाए। फील्ड में तैनात अधिकारियों की गतिविधियों की निरंतर निगरानी की जाएगी। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या लापरवाही सामने आती है तो खुली विजिलेंस जांच कराई जाएगी।**

## सेवा निर्यातकों के लिए पहली बार लागू होगी विपणन विकास सहायता योजना

**सेवा क्षेत्र के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने सेवा क्षेत्र के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

राज्य में सरकार नई उत्तर प्रदेश निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 के अंतर्गत पहली बार सेवा निर्यातकों के लिए समर्पित विपणन विकास सहायता योजना लागू करने जा रही है, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए वित्तीय सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने सेवा निर्यात के लिए अलग और विशेष विपणन सहायता नीति लागू की है। योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रदेश के सेवा निर्यातकों को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना, उनकी विपणन क्षमता का विकास करना और वैश्विक बाजारों की मांग के अनुरूप सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह योजना प्रदेश की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के साथ-साथ रोजगार और निवेश के नए अवसर भी सृजित करेगी।

**भारत-दक्षिण अफ्रीका टी-20 मैच आज, इकाना स्टेडियम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

**लखनऊ।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले को लेकर लखनऊ पुलिस ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस प्रशासन का अनुमान है कि मैच के दिन स्टेडियम और आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचेंगे, जिससे वाहनों का दबाव काफी बढ़ सकता है। संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने मंगलवार को बताया कि मैच के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत रखने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

## आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड होंगे मेडिकल कॉलेज

**डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिया बजट**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मरीजों को सरकार ने बेहतर इलाज की सौगात दी है। मेडिकल कॉलेजों को अपग्रेड करने के लिए बजट प्रदान किया है। इसमें आईसीयू बेड से लेकर जांच तक की व्यवस्था को बेहतर किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को बताया कि कुशीनगर के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 50 आईसीयू बेड खरीदे जाएंगे। इसके लिए 6729950 रुपये स्वीकृत किए हैं। इससे आईसीयू केयर बेहतर होगी। साथ ही कॉलेज में पठन-पाठन के लिए 720 लेक्चरर टेबल व फर्नीचर के लिए 9892080 एवं फोलर बेड के लिए 3450000 स्वीकृत किए हैं। अयोध्या के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की इमरजेन्सी एण्ड ट्रॉमा सेन्टर के लिए 50 लाख रुपये के उपकरण क्रय किए जाएंगे। मिर्जापुर के मां विन्ध्यवासिनी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में 5510000 से 2 पोर्टेबल अल्ट्रासाउण्ड मशीने स्थापित की जाएंगी। बाराबंकी जिला चिकित्सालय में 8,68,274 की अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की जाएगी। ब्रजेश पाठक ने बताया कि अमेठी के गौरीगंज जिला चिकित्सालय में महीन सुराख से मोतियाबिंद के ऑपरेशन होंगे। इसके लिए आधुनिक फेको मशीन क्रय की जाएगी। हड्डी रोग विभाग में उपकरण आएंगे। इसके लिए 3115203 रुपये की वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गई है। चित्रकूट जिला संयुक्त चिकित्सालय में मोतियाबिन्द के मरीजों फेको मशीन क्रय की जाएगी। इसकी स्थापना के लिए 1990000 की स्वीकृति प्रदान की गई। वाराणसी के पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय व एसएसपीजी चिकित्सालय में एक्सरे, लैप्रोस्कोप सहित अन्य कई आधुनिक उपकरणों के क्रय किए जाएंगे।



## बंगलादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता प्रेरणादायक : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को विजय दिवस के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महानिदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। विजय दिवस 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी जीत थी जहाँ मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र- बंगलादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किये गये क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया, केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया।



**नीलामी**

**अबू धाबी में आईपीएल 2026 के लिए मिनी ऑक्शन में 10 टीमों ने 215.45 करोड़ में खरीदे 77 खिलाड़ी**

## आईपीएल ऑक्शन में 156 खिलाड़ियों पर लगी बोली, ग्रीन सबसे महंगे

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के लिए मिनी ऑक्शन मंगलवार को अबू धाबी में हुआ। इसमें 156 खिलाड़ियों पर बोली लगी। 10 टीमों ने 215.45 करोड़ रुपए खर्च कर 77 खिलाड़ी खरीदे। इनमें 29 विदेशी और 48 भारतीय शामिल रहे।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बने। उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही हमवतन मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्हें 2024 में केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों में ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपए के साथ पहले और श्रेयस अय्यर 26.75 करोड़ रुपए के साथ दूसरे नंबर पर हैं।



केकेआर ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा, लेकिन ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। बाकी 7.20 करोड़ बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा किए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले साल विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की ऊपरी सीमा तय की थी, ताकि ज्यादा मांग के नाम पर विदेशी खिलाड़ी अनुचित फायदा न उठा सकें। इस ऑक्शन में युवा भारतीय खिलाड़ियों पर भी टीमों ने जमकर भरोसा जताया। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ रुपए में बिके। दोनों को चेन्नई सुपर किंग्स ने 30 लाख की बेस प्राइस से करीब 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। सीएसके ने इन पर कुल 28.40 करोड़ खर्च किए। ये दोनों इस सीजन के सबसे महंगे भारतीय बने हैं। प्रशांत उत्तर प्रदेश से हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के रहने वाले हैं। इसके अलावा, जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी डार को दिल्ली कैपिटल्स ने 8.40 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा। तेज गेंदबाजों के सेट में केकेआर ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। उसने श्रीलंका के मथीशा पथिराना (18 करोड़) और बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान (9.20 करोड़) को खरीदा। स्पिनर्स में रवि बिश्नोई को राजस्थान रॉयल्स ने 7.20 करोड़ रुपए में खरीदा। वहीं, वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने 7 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा।

**सांसद पप्पू यादव के बेटे की आईपीएल में एंट्री, केकेआर ने खरीदा**



इंडियन प्रीमियर लीग की मिनी नीलामी अबू धाबी में हो रही है। आईपीएल नीलामी में पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 30 लाख में खरीदा है। इस नीलामी में केकेआर के पास सबसे अधिक 64.3 करोड़ रुपये थे। आईपीएल 2026 नीलामी से बिहार के लोगों के लिए एक अच्छी खबर आई है। जी हां, बिहार के पूर्णिया जिले के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के बेटे सार्थक रंजन को कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीद लिया है। अब इस साल सार्थक रंजन केकेआर के साथ खेलते हुए नजर आएंगे। सार्थक रंजन को अपनी काबिलियत दिखने का पूरा मौका मिलेगा।

# डाक बंगले में हुई अखिल भारतीय पत्रकार संघ की बैठक

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

सिंचाई विभाग के डाक बंगले में अखिल भारतीय पत्रकार संघ गोण्डा इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मनकापुर तहसील और तहसील गोंडा सदर का गठन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष रईस अहमद ने की, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष के.डी. तिवारी और विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव पवन जायसवाल थे। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारों के मानदेय के लिए, उनके आवासीय सुविधा के लिए और उनके स्वास्थ्य पर व्यय होने वाले धन के लिए

**▸ तहसील मनकापुर एवं तहसील सदर गोंडा का हुआ गठन**

संगठन केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार से लगातार संपर्क में है, पत्र के माध्यम से और प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से लगातार आप सभी की समस्याओं को उठाने का कार्य हमारा संगठन करता है। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए भी हम लगातार आवाज उठा रहे हैं कि उन्हें कोई मानदेय नहीं मिल रहा है उन्हें कोई आवासीय सुविधा नहीं मिल रही है और तमाम ऐसी सुविधाएं हैं जिससे मान्यता प्राप्त पत्रकार वंचित है, हमारा पत्रकार संघ उनको भी सुविधा दिलाने के लिए प्रयासरत है। आखिल भारतीय पत्रकार संघ के




प्रदेश सचिव पवन जायसवाल ने कहा अगर किसी की कोई भी समस्या हो आप कभी भी जिला मुख्यालय पर पहुंच कर अपनी समस्या बता सकते हैं, अधिकारियों से बात करके समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा आप किसी के साथ अन्याय मत कीजिये, संगठन आप के साथ है, अन्याय को कभी बर्दास्त नहीं करेगा। आप द्वेष भावना में आकर न्यूज़ न छापे और हमेशा पुष्टि कृत न्यूज़ निकाले आपको लिखने से कोई रोक नहीं सकता है। पिछली कार्यवाही को पढ़कर महामंत्री विनीत प्रताप श्रीवास्तव ने पढ़कर सुनाया। उपस्थित लोगो ने ध्वनिमत से सहमति जताई और जिला सचिव महबूब अहमद ने आये हुये अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन अतुल श्रीवास्तव ने किया और संगठन पर प्रकाश डाला।

जिला कार्यकारिणी में रेहान रज़ा शाह जिला उपाध्यक्ष, जिताऊ राम मौर्या को संगठन मंत्री और सरोज मौर्य को जिला सचिव नामित किया गया है। वहीं तहसील मनकापुर व तहसील सदर गोण्डा का गठन हुआ।जिसमें तहसील मनकापुर के गठन में अध्यक्ष सरवन कुमार, महामंत्री इमरान अहमद, उपाध्यक्ष राकेश सिंह, संगठन मंत्री शरफुद्दीन खान हशमती, सचिव राजेश चतुर्वेदी व मुख्तार अली को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया एवं गोण्डा सदर तहसील के गठन में संरक्षक बृजेश सिंह, अध्यक्ष शोएब अख्तर, महामंत्री खेम राज मिश्रा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, सचिव जावेद अहमद पप्पू मोहर को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर संजय यादव, वहीदुल्ला, लवकुश कुमार, आफताब अहमद, निधि मिश्रा, गीता जायसवाल, राजेन्द्र श्रीवास्तव, हनुमान प्रसाद गुप्ता, मनोज कुमार श्रीवास्तव, जावेद अख्तर उर्फ पप्पू, पिरया, सलीम, मोहम्मद तलहा, मो. अनस राइनी, सज्जन गोस्वामी, शाहबाज अली, विवेक कुमार श्रीवास्तव, हेमराज शुक्ला प्रदीप शुक्ला आदि सहित कई दर्जन पत्रकार उपस्थित रहे।

# भागवत कथा से पहले निकाली गई कलश शोभा यात्रा



**बेलसर/गोंडा,समृद्धि न्यूज़।**

नगर पंचायत बेलसर रगड़गंज में मदनलाल कसौधन के यहां हो रहे भागवत के आरंभ में क्लस शोभा यात्रा बडी ही धूमधाम के साथ नगर भ्रमण के लिए निकाला गया जिसमें क्षेत्रीय श्रद्धालु हजारों की संख्या में शामिल हुए शोभा यात्रा परसपुर रोड, उमरी रोड, तरबगंज रोड ,व गोंडा रोड ,में निकाला गया शोभायात्रा में नगर पंचायत प्रतिनिधि गोलू सिंह व्यापार मंडल अध्यक्ष निखिल सिंह रंजजन बाबा प्रधान बेलसर अवध क्षेत्रीय प्रभारी व्यापार मंडल हरी सिंह जीतू सिंह राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी प्रदेश अध्यक्ष शिवनाथ गुप्ता भोजवाल राम कुमार कसौधन पवन कौशल प्रदीप कसौधन शिव शंकर कौशल सुन्दर लाल अशीष कसौधन सुशील कसौधन शिव कुमार कसौधन दिलीप कसौधन संदीप कौशल आदि क्षेत्रीय लोग शोभायात्रा में शामिल हुए।

# मण्डल स्तरीय युवा उत्सव व विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा मण्डल स्तरीय युवा उत्सव एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन टाउन हॉल गोण्डा में किया गया जिसमें बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती एवं गोंडा के जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न विधाओं यथा लोकगीत, लोकनृत्य,पेंटिंग, डिक्लेमेशन, कविता एवं कहानी लेखन तथा विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिनिधि सांसद गोण्डा एवं विदेश मंत्री, रमाशंकर मिश्रा द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। लोकनृत्य समूह विधा में जनपद गोण्डा के सरयू प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज की



संस्कृति,भावना,वैष्णवी आदि बच्चों की टीम विजेता रही। लोकगीत समूह में एलबीएस पी जी कॉलेज के मनीष चंद्र दूबे, हरिओम, सौम्या की टीम विजेता रही।

इनोवेशन ट्रैक अंतर्गत विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद बलरामपुर के आदित्य दूबे,प्रियांशी गुप्ता,फरिहा शफीक एवं मानसी तिवारी का समूह विजेता रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन मोनिका श्रीवास्तव द्वारा किया गया। निर्णायकों की भूमिका में प्रोफेसर अरविंद कुमार शर्मा, प्रो.जितेंद्र सिंह, प्रो.रेखा शर्मा, प्रो.स्मृति शिशिर,उर्मिला पाण्डेय, मांडवी तिवारी, किरन पाण्डेय आदि का अमूल्य योगदान प्राप्त हुआ। विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापन जिला युवा कल्याण अधिकारी राजितराम द्वारा किया गया। पंकज तिवारी,अर्जुन कुमार,कुलदीप यादव, दीप कुमार सहित अन्य सभी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों का सहयोग मिला।

# मिशन शक्ति अभियान एवं साइबर अपराधों की थानावार हुई समीक्षा




**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर अभियान चलाकर मिशन शक्ति अभियान एवं साइबर अपराधों की थानावार समीक्षा की जा रही है। तत्क्रम में मंगलवार की समीक्षा में जनपद बलरामपुर से थाना तुलसीपुर, जनपद गोण्डा से थाना कटरा बाजार एवं जनपद श्रावस्ती से थाना सिरसिया के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान आईजी अमित पाठक द्वारा अपहृत बालिकाओं के प्रकरणों की गहनता से समीक्षा करते हुए लम्बे समय से बरामदगी हेतु लम्बित प्रकरणों में अपहृताओं की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित किये जाने हेतु आईजी द्वारा फोन के माध्यम से परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकगण को निम्नांकित दिशा-निर्देश दिए गए इसके अतिरिक्त मिशन शक्ति अभियान रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क प्रार्थना पत्र रजिस्टर, एण्टीरोमियो स्क्वाड रजिस्टर, महिला बीट रजिस्टर, एफआईआर रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, जनशिकायत रजिस्टर (महिला एवं पुरूष), फीडबैक रजिस्टर एवं नाबालिगों की बरामदगी साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों में की गई कार्यवाहियों एवं साइबर अपराधों से बचाव हेतु आमजन को जागरूक करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों आदि की विस्तार से समीक्षा की गई। विभिन्न रजिस्टरों में निर्धारित प्रारुप में सभी सूचनाए अंकित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने किया जिला पंचायत राज अधिकारी का स्वागत

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ शाखा जनपद गोंडा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे का स्वागत किया 2 दिन पहले उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव चौधरी चरण सिंह सिंचाई डाक बंगला में प्रदेश संगठन के द्वारा संपन्न कराया गया था जिसमें गोंडा जनपद का लगातार सातवीं बार राघवेंद्र तिवारी को जिलाध्यक्ष बनाया गया महामंत्री देवमणि शुक्ला कोषाध्यक्ष अमीर अहमद संगठन मंत्री उधो राम गौतम



संप्रेक्षक राम रूप वर्मा का निर्वाचन हुआ था आज दोपहर 12:00 संघ के पदाधिकारी के द्वारा कार्यालय में मिष्ठान वितरण करते हुए सभी अधिकारियों कर्मचारियों से भेंट मुलाकात किया उनका स्वागत किया कर्मचारी की समस्याओं पर वार्ता किया जिस पर जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय व अपर जिला पंचायत राज अधिकारी गोंडा ने कहा कि जनपद के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को प्रत्येक माह समय से वेतन उनकी पावनाओं का भुगतान होता रहेगा इस मौके पर जिला समन्वयक अभय प्रताप सिंह रमन सलोनी सिंह अरुण सिंह कलप नाथ तिवारी मनीष मिश्रा सुरेश बाबू रामपाल यादव सहित संघ के शिवराम शुक्ला छपिया ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप वर्मा मनकापुर ब्लॉक अध्यक्ष अतुल तिवारी अध्यक्ष लोकनाथ शुक्ला बेलसर ब्लॉक अध्यक्ष रघुनाथ मौर्य मुकेश सोनकर विक्रमजीत सिंह सलीम महेश चौरसिया जुबेर अहमद सहित सैकड़ो कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर युवक की मौत

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** कटरा बाजार थाना क्षेत्र के सेलरहा गांव के निवासी 23वर्षीय मोहित पुत्र लाल जी सोमवार के दिन कटरा बाजार आया था। जाते समय ट्रैक्टर ट्रॉली ने रिक्शा को टक्कर मार दिया जिस से उस की मौत हो गई। मृतक के भाई रमेश कुमार ने बताया कि उस का भाई घर का सामान खरीदने के लिए सोमवार कटरा बाजार आया था। देर शाम को बैट्री रिक्शा पर सवार हो कर घर जा रहा था। मंडप ढाल के पास गन्ना लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने बैट्री रिक्शा को साइड मार दिया जिस मोहित ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे आ गया। इलाज के लिए उस को देर शाम को मेडिकल कालेज लाया गया।चिकित्सक ने देखने के बाद उस को मृत्यु घोषित कर दिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम भेजा है ।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, मजदूर की मौत

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** धाने पुर थाना क्षेत्र में एक ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो कर पलट गई जिस के नीचे दबकर 30 वर्षीय जगत राम चौहान पुत्र राम हरख निवासी रिठौडा थाना जरवल रोड बहराइच की मौत हो गई। मृतक जगत राम चौहान धरमू ठेकदार के अंडर में मजदूरी करता था। धरमू ठेकदार धाने पुर थाना क्षेत्र में एक गांव में इंटर लॉकिंग का कार्य करा रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### पेड़ से लटकती मिली लाश

**गोंडा,समृद्धि न्यूज़।** परस पुर थाना क्षेत्र के सुसंडा ग्राम के निवासी 24 वर्षीय नकछेद वर्मा पुत्र राम सुंदर वर्मा का शव घर के पास लगे एक नीम के पेड़ से लटकता हुआ मंगलवार की सुबह मिला है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। परिजनों ने बताया कि मृतक नक्छेद वर्मा सोमवार की देर रात्रि में दारू के नशे में घर पर आया और अपने पत्नी ज्योति से किसी बात को लेकर झगड़ा करने लगा। उस की मां रामा देवी ने दोनो को समझने के बाद अपने कमरे में चली आई। सोमवार की देर रात्रि में ही घर से निकल गया और सुबह उस की लाश पेड़ से लटकती हुई पाई गई। लाश मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया।काफी लोगों की भीड़ इकठा हो गई।घटना की सूचना परस पुर की पुलिस को दी गई।

### दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मेरा युवा भारत बहराइच उत्तरप्रदेश युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 15-16 दिसम्बर 2025 तक इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक चित्तौरा, ऋषिया, बलहा से ब्लॉक स्तर की विजेता टीम बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ तथा बालिका वर्ग में बैडमिंटन और साइकिल रेस तथा कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न हुई। जहाँ बॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम बलहा और द्वितीय पयागपुर इसी क्रम में 400 मीटर दौड़ में प्रथम गुलशन कुमार, द्वितीय अमित कुमार चौहान, तृतीय चन्दन यादव और कुश्ती में प्रथम दीदार हुसैन, द्वितीय सलमान तथा बालिका वर्ग में कबड्डी में प्रथम पयागपुर, द्वितीय चित्तौरा तथा साइकिल रेस बालिका में प्रथम सोनम वर्मा, द्वितीय सपना गुप्ता तृतीय नंदिनी सिंहएवहीं बैडमिंटन में प्रथम आराध्या त्रिपाठी द्वितीय स्नेहा यादव रहीं। तथा समारोह में विशिष्ट अतिथि पंकज कुमार सिंह कार्यक्रम अधिकारी एनसीसी किसान पीजी कॉलेज व प्रोफेसर डॉ तसनीम फातिमा जैदीए सविता वर्मा व नीलम शुक्ला जिला समन्वयक महिला शक्ति केंद्र, विधायक प्रतिनिधि शिवम जयसवाल व वरिष्ठ समाजसेवी पल्लवी सिंह, मीरा मिश्रा,अनुपमा तिवारीएअनवार खान आज उपस्थित रहे।

# फार्मासिस्ट पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : रोहित मिश्रा

**▸ संगठन का विस्तार करते हुए समस्याओं पर की गईं चर्चा**

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।**

शहर के सिंचाई विभाग डाक बंगला में सोमवार को जिले की यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के पदाधिकारियों ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने कि बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए समस्याओं पर चर्चा की गईं। उन्होंने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए और मंडल उपाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा के नेतृत्व में कहा कि वरिष्ठ उपाध्यक्षपद पर मनोज कमार सैनी, उपाध्यक्ष अंशुमान मिश्रा, संजय अवस्थी, वैष्णो दत्त शुक्ला, तीन उपाध्यक्ष बनाया गया, और कोषाध्यक्ष सनत कुमार



पांडे, संगठन मंत्री श्याम वरन, मंत्री अनुराग तिवारी, कार्यवाहक सचिव अंकित तिवारी, सा मीडिया प्रभारी शमशाद खान, तरबगंज तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू,कर्नलगंज तहसील अध्यक्ष हर्षित मिश्रा को मनोनीत किया गया है। जिला महामंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि सबसे ज्यादा फार्मासिस्ट को मेडिकल स्टोर लाइसेंस बनवाने में आ रहीं है और अवैध मेडिकल स्टोर चल रहे हैं उन समस्याओं को दूर करने के लिए जल्दी अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा यो फार्मासिस्ट साथियों के साथ हो रहे अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस दौरान अंकित तिवारी, आलोक पांडेय, सुनील दुबे, सत्यम सक्सेना, शैलेंद्र प्रभाव, अंकित, विकास, सहित अन्य फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

### जंगली जानवर का बच्चे पर हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के कैसरगंज इलाके में मंगलवार सुबह एक जंगली जानवर ने अलाव ताप रहे 6 वर्षीय बच्चे पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर जानवर बच्चे को छोड़कर भाग गयाए जिससे उसकी जान बच गई। यह घटना दनावल ग्राम में हुई जहां विजय कुमार के बेटे यश ;6 वर्ष अपने बाबा माता प्रसाद के साथ घर के बाहर ठंड से बचने के लिए अलाव ताप रहे थे। तभी अचानक एक जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। हमले के दौरान बच्चे ने जैकेट पहनी हुई थी जिससे जानवर उसे दूर तक खींच नहीं पाया। परिजनों और ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू किया तो जानवर गन्ने के खेत में भाग गया। इस हमले में यश की पीठ पर हल्का घाव हुआ है। बच्चे के बाबा माता प्रसाद ने बताया कि हमलावर जानवर भेड़िया था। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी है। प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।



### डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** बढ़ते शीतलहर के दृष्टिगत कारागार प्रशासन द्वारा कारागार में निरुद्ध बन्दियों को की गयी व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने पाकशाला, चिकित्सालय सहित विभिन्न बैरकों का भी निरीक्षण किया। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गई। जिला कारागार के निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर माधुरी तिवारी, डॉ अनिल कुमार वर्मा व अन्य संबंधित मौजूद रहें।

# गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक पलटा, चार लोग घायल



**पयागपुर बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

पयागपुर थाना क्षेत्र के इकौना-पयागपुर हाईवे पर अकरौरा के पास गन्ने से लदा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। बताया जा रहा है कि चालक सड़क किनारे पेड़ की डाल बचाने के प्रयास में संतुलन खो बैठा, जिससे यह हादसा हुआ। ट्रक पलटते ही पीछे से आ रहे बाइक सवार उसकी चपेट में आ गए। हादसे में चार लोग घायल हो गए, जो सभी थाना हुजूरपुर क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था संभालते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कतर्नियाघाट के साल वन में दिखा तेंदुआ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज स्थित साल के जंगलों में पर्यटकों को एक तेंदुआ दिखाई दिया। प्रभागीय वनाधिकारी सूरज द्वारा हाल ही में रूट नंबर चार में जंगल सफारी की अनुमति दिए जाने के बाद से इस क्षेत्र में वन्यजीवों के दीदार बढ़ गए हैं। लखीमपुर के गोला से आए पर्यटक श्यामजीत, आशुतोष और नीलेश कतर्नियाघाट घूमने आए थे। वे कतर्नियाघाट के मुख्यद्वार से जिप्सी में सवार होकर निशानगाड़ा के रूट नंबर चार में जंगल सफारी के लिए पहुंचे। सफारी के दौरान उन्हें साखू के हरे-भरे जंगलों में एक तेंदुआ बैठा हुआ दिखाई दिया। पर्यटकों ने तेंदुए की तस्वीरें अपने मोबाइल कैमरे में कैद कीं। निशानगाड़ा के रेंजर सुरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पर्यटकों को वन्यजीवों का दिखना एक सुखद अनुभव है। उन्होंने यह भी जानकारी दी।

# बलिया के बदमाश का बहराइच में एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

**▸ घायल बदमाश को अस्पताल में कराया भर्ती, पहले से दर्ज हैं 16 मामले**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले में देर रात रामगांव पुलिस और स्वाट टीम की एक शातिर अपराधी से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी के पैर में गोली लग गई जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। घायल बदमाश बलिया का रहने वाला है और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रामगांव थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक अपराधी चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध असलहे के साथ नेपाल की ओर जा रहा है।



इस सूचना पर देर रात रामगांव पुलिस और स्वाट टीम ने चिल्हारिया पुल के पास चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक केटीएम बाइक सवार उधर से आ रहा था। पुलिस टीम द्वारा रोकने पर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में अपराधी के बाएं पैर में गोली लगी और वह गिर गया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम अर्जुन सिंह पुत्र संजय सिंह, निवासी हल्दी रामपुर, थाना उभांव, जनपद बलिया बताया। उसके पास से एक 32 बोर की पिस्टल दो खोखा कारतूस, एक केटीएम मोटरसाइकिल और तलाशी में तीन जिंदा 32 बोर कारतूस बरामद हुए। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने जानकारी दी कि घायल बदमाश अर्जुन सिंह पर विभिन्न जनपदों में कुल 16 मामले दर्ज हैं। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुसा ऑटो, चालक की मौत

**▸ कोहरे के चलते हुआ हादसा**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार देर रात हुए एक सड़क हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई। यह हादसा देहात कोतवाली इलाके में बहराइच.लखनऊ राजमार्ग पर बुद्धा स्कूल के पास कोहरे के कारण हुआए जहां एक ऑटो सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया। मृतक चालक की पहचान ग्राम मैला सरैया थाना बौंडी निवासी रंगीले के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसारए



सोमवार देर रात करीब 12 बजे रंगीले का ऑटो सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक रंगीले को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

वहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मंगलवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान रंगीले ने दम तोड़ दिया। देहात कोतवाल दद्दन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जरवल-बहराइच रेल लाइन के लिए 62 ग्राम पंचायतों की जमीन होगी अधिग्रहित

**▸ एक सप्ताह में खतौनी उपलब्ध कराने के निर्देश**

**▸ भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा बैठक में विभागों को अधिग्रहण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले मे संचालित योजनाओं के भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता सर्वेयर एनईआर द्वारा जरवल बहराइच की प्रस्तावित नई



रेल लाइन योजना को पीपीटी माध्यम से दिखाया तथा योजना संबंधी ग्रामों का विवरण प्रस्तुत किया गया योजना में जिले के 62 ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा। डीएम श्री त्रिपाठी ने बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन के बहराइच सेक्शन में प्रभावित 05 ग्रामों की परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग को कडे निर्देश दिये गये तथा एनएचएआई के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि जो भूमि वन विभाग के नाम होनी है उसका प्रस्ताव उपजिलाधिकारी नानपारा को उपलब्ध करा दिया जाय।

डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि योजना प्रभावित सभी जिन 62 ग्राम में 3डी का प्रकाशन हो गया है उनके राजस्व अभिलेख खसरा खतौनी आदि सक्षम प्राधिकारी को 01 सप्ताह में उपलब्ध करायें। बैठक में उपस्थित प्रबंध निदेशक एनएचएआई प्रशांत बाजपेयी द्वारा जनपद मे प्रस्तावित गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर की जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा बताया गया कि कारीडोर के निर्माण हेतु बहराइच, कैसरगंज, महसी तहसील के कुल 54 ग्रामों की भूमि प्रभावित होगी। प्रबंध निदेशक एनएचएआई द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्ति करने तथा सभी 54 ग्रामों के राजस्व मैप उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को निर्देशित किया की गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर हेतु सक्षम प्राधिकारी नामित किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की जाये तथा ग्राम के राजस्व मैप उपलब्ध कराये जाये।

जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को बहराइच बाईपास के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा बैठक में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड, अधिशासी अभियंता रेलवे गोरखपुर, तहसीलदार महसी,नायब तहसीलदर नानपारा, सहायक अभियंता सिचाई विभाग खण्ड 5 सर्वेयर वन विभाग अधिशासी अभियंता सर्वेयर एनईआर व प्रबंध निदेशक एनएचएआई बहराइच उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय आवागमन संपर्क बढ़ने के साथ प्रदेश में सुनिश्चित होगी 'अंतिम मील कनेक्टिविटी'

## हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के जरिए शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन तेज व सुगम बनाने का खाका हो रहा तैयार, रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बढ़ाने पर फोकस

**सरकार विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी को लेकर बना रही है रोडमैप**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार विजन-2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रदेश की परिवहन संरचना को सशक्त और आधुनिक बनाने पर निरंतर कार्य कर रही है।

'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना के तहत सरकार का प्रमुख फोकस क्षेत्रीय आवागमन संपर्क की अवसंरचनाओं को सुदृढ़ करने के साथ अंतिम मील कनेक्टिविटी पर है ताकि प्रदेश के शहरों, कस्बों तथा औद्योगिक क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित तथा विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को तेज और सुगम बनाने का व्यापक खाका तैयार कर रही है। इसके अंतर्गत प्रमुख शहरों तथा आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। इंटरसिटी हाइपरलूप, प्रदेश के प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं का संचालन और विस्तार तथा वॉटर मेट्रो नेटवर्क को बढ़ाने पर भी फोकस किया जा रहा है। बेहतर रीजनल कनेक्टिविटी से प्रदेश में व्यापार व उद्योग को नई दिशा मिलेगी।

**नगरीय क्षेत्रों के विस्तार व व्यापक कायाकल्प को लेकर तैयार किया जा रहा खाका**

भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इसे प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में किस प्रकार व्यवस्थित रूप से स्थापित किया जाए, इसे लेकर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इस नेटवर्क के साकार होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ ही आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विस्तार तथा व्यापक कायाकल्प को लेकर जो खाका तैयार किया जा रहा है, उसमें रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करना भी शामिल है। योजना के अनुसार, प्रदेश में रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को मजबूत करने के लिए लगभग 1500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित परिवहन नेटवर्क के विकास को ध्यान में रखते हुए कार्ययोजना निर्माण पर काम किया जा रहा है। विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर्स के निर्माण को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है, जिससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने और नगरीय क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। ये कॉरिडोर औद्योगिक क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स हब तथा नगरीय केंद्रों को बेहतर तरीके से जोड़कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे।

# बिना लाइसेंस के पालतू कुत्तों पर चलाया सघन अभियान, 36 हजार रुपए वसूला गया जुर्माना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** शहर में पालतू कुत्तों के लाइसेंस संबंधी नियमों को लेकर नगर निगम लखनऊ अब सख्त रुख अपनाए हुए है। इसी क्रम में मंगलवार सुबह नगर निगम द्वारा जोन-4 अंतर्गत गोमतीनगर के विभिन्न क्षेत्रों में पालतू कुत्तों के लाइसेंस की चेकिंग के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर पशु कल्याण विभागीय की टीम द्वारा सुबह 6.30 बजे प्रारंभ किया गया।

अभियान में प्रवर्तन दल, डॉग कैचिंग स्क्वाड एवं निगम कर्मी अभिनव भारती, . शिवेक, रामकुमार, मनोज सिंह, नदीम आदि उपस्थित रहे। अभियान के दौरान बिना लाइसेंस श्वान पालने के मामले सामने आने पर 6 व्यक्तियों से कुल 30 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। जुर्माना जमा करने के साथ ही मौके पर ही 6 लाइसेंस भी जारी किए गए। इसके अलावा एक पग कुत्ते को अस्थाई रूप से जब्त किया गया, जिसे बाद में निर्धारित जुर्माना अदा करने पर छोड़ा गया। कुल मिलाकर 36000 रुपये नगर निगम कोष में जमा किए गए। कई लोग ऐसे मिले जिनका लाइसेंस तथा वैक्सीनेशन पूर्ण था। नगर निगम आंकड़ों के अनुसार लखनऊ नगर निगम क्षेत्र में लगभग 10,000 पालतू कुत्ते पंजीकृत या अपंजीकृत अवस्था में रह रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### बिजली आउटसोर्स कर्मचारी 20 को करेंगे जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा अपने स्वयं के आदेश 15 मई 2017 का उल्लंघन कर 33/11 के वी विद्युत उपकेन्द्रों के परिचालन व अनुरक्षण कार्य में तैनात हजारों आउटसोर्स कर्मचारियों की छटनी करने, छटनी के उपरान्त मानक निर्धारित करने हेतु समिति का गठन, अपने स्वयं के आदेश 18 सितंबर 2025 का पालन करते हुए आउटसोर्स कर्मचारियों का कार्य के अनुरूप अनुबंध न करने, वेतन रुपया 18000 निर्धारित न करने, मार्च 2023 में हटाए गए कर्मचारियों को कार्य पर वापस न लेने, घायल कर्मचारी का कैशलेस इलाज न कराने, घायल कर्मचारियों द्वारा उपचार में व्यय की गई धनराशि को संविदाकारों के बिल से काटकर भुगतान न करने एवं 55 वर्ष का हवाला देकर अनुभवी कर्मचारियों को कार्य से हटाने, वर्टिकल व्यवस्था लागू करने, जांच अधिकारियों द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर भ्रष्ट ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई न करने, मीटर रीडरों को न्यूनतम वेतन के हिसाब से वेतन का भुगतान न करने तथा स्मार्ट मीटर लगने की स्थिति में कार्य से हटाने के खिलाफ संगठन द्वारा 26 नवंबर को शक्ति भवन लखनऊ पर शान्ति पूर्वक विरोध प्रदर्शन किया गया।

### छात्र कमरे में फंदा लगाकर लटका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में 9वीं के छात्र ने सुसाइड कर लिया। परिजनों के अनुसार उसे टेस्ट में कम नंबर मिले समझाया था कि मोबाइल मत चलाया करो। उसके बाद मोबाइल फोन देने से भी मना कर दिया। इसी से वह आहत हो गया था। सुबह उसे स्कूल के लिए जगाने गए तो देखा कि कमरे में फंदे पर बॉडी लटक रही है। घटना जानकीपुरम सेक्टर-सी की है। यहां आर्यन जायसवाल (16) अपने माता-पिता के साथ रहता है। वह प्राइवेट स्कूल में 9वीं का छात्र था। पिता महेंद्र जायसवाल ने पुलिस को बताया कि कल रात खाना खाने के बाद वह हमेशा की तरह ऊपर कमरे में सोने के लिए गया था। सुबह जब स्कूल जाने के लिए उसको उठाने पहुंचे तो उसे फंदे से लटके देखा। अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। आर्यन को टेस्ट में कम नंबर आए थे जिससे परिजनों ने उसे समझाया कि मोबाइल चलाना बंद कर दो। पढ़ाई पर ध्यान दो। पुलिस दूसरे एंगल पर भी जांच कर रही है।

### होमगार्ड के बेटे की हादसे में मौत, अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के रहीमाबाद इलाके में बीती रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। बाइक को होमगार्ड का बेटा चल रहा था। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जहां पंचनामा के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। रहीमाबाद निवासी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि उनका भतीजा प्रभात यादव हजरतगंज में प्राइवेट नौकरी करता था। कल शाम को वह काम पर से घर लौट रहा था। रहीमाबाद स्थित धर्म कांटे के पास एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह जख्मी हालत पर सड़क पर पड़ा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस उसकी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक प्रभात यादव के पिता राज कुमार यादव उत्तर प्रदेश पुलिस में होमगार्ड हैं। इस समय उनकी ड्यूटी डीएम कार्यालय में चल रही है।

### युवक की सड़क हादसे में मौत, तीन माह पहले हुई थी बेटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। युवक मजदूरी कर अपने ससुराल जा रहा था। उमरावां चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई अनुज ने बताया कि कल रात करीब 9.30 बजे भाई रामनाथ रावत उर्फ कोटे (36 वर्ष) मजदूरी कर साइकिल से अपने ससुराल मुसपिपरी जा रहे थे। तभी तथास्तु हॉस्पिटल और उमरावां चौराहा के बीच एक अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन सवार अपना वाहन लेकर भाग गया। घायल अवस्था में भाई सड़क पर ही पड़ा रहा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से सौ सैय्या अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भाई अनुज ने बताया कि रामनाथ रावत की 3 महीने पहले बेटी हुई थी। परिवार में पत्नी बिट्ठू, बड़ी बेटी प्रिया और 6 वर्षीय बेटा है। रामनाथ रावत ससुराल में ही रहकर परिवार पाल रहे थे। पुलिस ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### गर्लफ्रेंड का कमरा खाली कराया तो बॉयफ्रेंड ने सिर फोड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में किराएदार के बॉयफ्रेंड ने साथियों के साथ घर में घुसकर ठेकेदार पर जानलेवा हमला किया। तमंचे के बट से उनका सिर फोड़ दिया। हमलावर ठेकेदार को गोली मारने की धमकी देकर 5 लाख नगद और लाखों के गहने लूटकर फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू की है। घटना पारा थाना क्षेत्र के बुद्धेश्वर स्थित आदर्श विहार कॉलोनी की है। आदर्श कॉलोनी निवासी जल निगम के ठेकेदार पिंटू शर्मा ने बताया- 15 दिसंबर की रात करीब 8.30 बजे घर में अकेले थे। इस बीच किराएदार का बॉयफ्रेंड अपने साथियों के साथ घर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है।

### वन ब्रीथ, वन वर्ल्ड पर विशेष ध्यान कार्यक्रम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जीतो लेडीज विंग, लखनऊ चैप्टर द्वारा 16 दिसंबर 2025 को संत भवन, इंदिरा नगर, लखनऊ में वर्ल्ड मेडिडिटीऑन डी 2025 के अवसर पर वन ब्रीथ, वन वर्ल्ड शीर्षक से एक विशेष ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे शांति, आत्मचिंतन और सामूहिक सामंजस्य का वातावरण बना। कार्यक्रम में नमिता उपाध्याय, आर्ट ऑफ लिविंग की स्टेट लेवल कंअंदबम टीचर ने ध्यान के लाभों पर अपने विचार साझा किए और बताया कि नियमित ध्यान अभ्यास से जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, मानसिक शांति और भावनात्मक संतुलन लाया जा सकता है। उन्होंने प्रतिभागियों को मार्गदर्शित ध्यान अभ्यास भी करवाया, जिसे छात्रों एवं अन्य उपस्थित लोगों ने गहराई से अनुभव किया और कार्यक्रम से प्रेरित हुए।

### विश्वकर्मा ब्रिगेड यूपी के प्रदेश महासचिव मनोनीत हुए डॉ. मुकेश



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के सदस्य डॉ. मुकेश विश्वकर्मा को **विश्वकर्मा ब्रिगेड उत्तर प्रदेश** का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया। उनका मनोनयन विश्वकर्मा समाज के युवाओं को एक नई मजबूती प्रदान करेगा साथ ही विश्वकर्मा समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। यह उम्मीद है कि यूपी के विश्वकर्मा समाज के युवाओं को विश्वकर्मा ब्रिगेड टीम से जोड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

**पर्यटन मंत्री ने वसंत कुंज आवासीय योजना में 65 एकड़ में फैले राष्ट्र प्रेरणा स्थल का किया निरीक्षण**

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल देशभक्ति व राष्ट्र निर्माण के मूल्यों का बनेगा प्रतीक

**पीएम मोदी 25 दिसंबर को स्व. अटल बिहारी की जयंती पर करेंगे लोकार्पण**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** लखनऊ के वसंत कुंज आवासीय योजना में 65 एकड़ में फैला राष्ट्र प्रेरणा स्थल बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर इसका लोकार्पण प्रस्तावित है।

लोकार्पण से पूर्व मंगलवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को लोकार्पण से पहले सभी कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। पर्यटन मंत्री ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मूर्ति निर्माण एवं स्थापना से जुड़े शिल्पकारों से संवाद किया। कौशल, समर्पण व सृजनात्मक योगदान की सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार राष्ट्र प्रेरणा स्थल को देशभक्ति, सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय नायकों के प्रेरक मूल्यों का सशक्त प्रतीक बनाने के लिए प्रयासरत है।

प्रतिमाओं का निर्माण मेसर्स राम सुतार आर्ट क्रिएशन प्रा.लि. और मेसर्स माटूराम आर्ट्स सेंटर प्रा. लि.ने किया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल कमल के आकार पर आधारित डिजाइन में तैयार किया गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल केवल एक स्मारक भर नहीं है, बल्कि राष्ट्र निर्माण से जुड़े महान विचारों और मूल्यों को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने वाला एक सशक्त माध्यम है।

**तीनों प्रतिमाओं के निर्माण पर 21 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च**

लखनऊ अब नए भारत के नए उत्तर प्रदेश को साक्षात प्रस्तुत कर रहा है। यह स्थल भावी पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, प्रमुख सचिव अमृत अभिजात एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों आदि के साथ राष्ट्र प्रेरणा का निरीक्षण किया। उन्होंने म्यूजियम में जनसंघ के वरिष्ठ नेता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी ने नाम पर बने गैलरी का जायजा लिया। मंत्री ने म्यूजियम में स्व अटल बिहारी वाजपेयी से संबंधित जानकारियों को देखा, जिसमें उनके जनसंघ में प्रवेश, सांसद के रूप में चुने जाने, जनता पार्टी के गठन, पांचजन्य से संबंधों को देखा और सराहना की। राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 65 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमाएं लगी हैं। संस्कृति विभाग द्वारा तीनों प्रतिमाओं के निर्माण पर करीब 21 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की गई है। स्थल पर तीनों विभूतियों के जीवन यात्रा से जुड़े संस्मरणों को संजोते हुए एक म्यूजियम भी बनाया गया है।

### राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने किया अभिभावक आंगनवाड़ी सम्मेलन का अवलोकन

**लखनऊ।** लखनऊ के आलमनगर ब्लॉक स्थित बुचड मोहाल आंगनवाड़ी केंद्र पर प्रतिभा शुक्ला राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास स्वाति शुक्ला उपनिदेशक, महिला एवं बाल विकास, श्रेयस जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर पंजीकृत लाभार्थियों के अभिभावकों के साथ आज अभिभावक आंगनवाड़ी सम्मेलन का अवलोकन किया। इस अवसर पर प्रदेश भर के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में अभिभावक आंगनवाड़ी बैठक, अन्नप्राशन, गोद भराई और बच्चों की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

# बजाज पल्सर एन 160 का नया वेरिएंट हुआ लॉन्च

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/शाहजहांपुर।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने नूतन वर्ष पर अपने उपभोक्ताओं को पल्सर 160 बाइक खरीदने के लिए शानदार तोहफा लाया है। अब इस बाइक का नया वेरिएंट गोल्डन अपसाउड डाउन फोर्क्स के साथ ही सिंगल सीट का विकल्प लाया है, जो पीछे की सवारी के लिए खासकर महिलाओं की यात्रा को सुगम बनाता है। बंडा रोड, पुवायां स्थित मेसर्स ए.के.सी. बजाज एजेंसी में भव्य तौर पर इसकी लांचिंग हुई।

बतौर मुख्य अतिथि अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार हरि ओम त्रिवेदी द्वारा इसकी लांचिंग की गई। शो रूम के मैनेजर अंकित पाण्डेय ने बताया कि इस बाइक के न्यू वेरिएंट में बहुत सी खूबियां हैं जो ग्राहकों को अपनी ओर बरबस आकर्षित करता है। कंपनी ने इस बाइक को अब एक फैमिली बाइक बनाने के लिए हाइट कम की है, साथ ही सिंगल सीट होने के कारण महिलाओं को बैठने में असुविधा नहीं होगी। महिलाओं के कपड़े आदि न फंसे इसका विशेष ध्यान रखा गया है पैर रखने के लिए आरामदायक चौड़े फुटरेस्ट दिए गए हैं, हैडलाइट से पड़ने वाले रिफ्लेक्शन को कम रखने और फाग में भी अच्छी रोशनी देने के लिए विशेष प्रकार की एलईडी लाइट दी गई है। कुल मिलाकर नया वेरिएंट उपभोक्ताओं को आकर्षित करने पर मजबूर करता है। जिसकी टेस्ट ड्राइव में काफी सराहना मिल रही है।।

# हम सभी जनता के प्रति जवाबदेह : सतीश महाना

**दंड देना नहीं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है विशेषाधिकार समिति का उद्देश्य**



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा की विशेषाधिकार समिति का लोकतांत्रिक व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह समिति विधायिका की गरिमा, अधिकारों और मर्यादाओं की रक्षा का सशक्त माध्यम है।

विशेषाधिकार समिति की उदघाटन बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विशेषाधिकार समिति को दायित्वों का निर्वहन औपचारिकता और संवैधानिक मर्यादा के साथ करना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या अनावश्यक विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। श्री महाना ने समिति के सदस्यों से कहा कि समिति के कार्य पर किसी को कोई विरोध नहीं है, लेकिन आवश्यक है कि जनप्रतिनिधि और संबंधित पक्ष अपने अधिकारों का प्रयोग एक निर्धारित सीमा के भीतर करें। लोकतंत्र में अधिकारों के साथ जिम्मेदारियों का भी उतना ही महत्व है। किसी भी संस्था या व्यक्ति को ऐसी भाषा या आचरण से बचना चाहिए, जिससे सदन की प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिह्न लगे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी जनता के प्रति जवाबदेह हैं। जनता ने जिन अपेक्षाओं के साथ जनप्रतिनिधियों को चुना है, उन अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। विशेषाधिकार समिति का उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि व्यवस्था की गरिमा बनाए रखना और लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों से संयम धैर्य और मर्यादा से कार्य करने की अपील की। इससे पहले समिति के सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष का अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।इस अवसर पर प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मनाई गई विजय दिवस की 54वीं वर्षगांठ




**गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग ने उन बहादुर सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम के प्रतीक विजय दिवस÷ के उपलक्ष में आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्रनगर, लखनऊ की 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग द्वारा प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय के मार्ग दर्शन तथा एनसीसी अधिकारी मेजर (डॉ.) मनमीत कौर सोढ़ी के संयोजन में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत की 54वीं वर्षगांठ पर उन बहादुर भारतीय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये। कैडेट्स को ये अवगत कराया गया कि यह दिन भारत की सैन्य शक्ति, अदम्य साहस और रणनीतिक क्षमता को दर्शाता हैद्व साल 1971 में भारत ने पाकिस्तान को सिर्फ जवाब ही नहीं दिया था, बल्कि ऐसा प्रहार किया था कि दुनिया का भू-राजनीतिक नक्शा ही बदल गया। इस पावन मौके पर सीनियर अंडर ऑफिसर अंजलि बाजपेई, अंडर ऑफिसर बुशरा हामिद, दीप्ति, सार्जेंट प्रिया सिंह कुशवाहा, प्रीति कुमारी, आस्था त्रिपाठी आदि कैडेट्स उपस्थित रहे।

### विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन आज

**लखनऊ।** जिला युवा कल्याण एवं विकास प्रादेशिक अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने बताया है कि खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न आयु वर्ग सब-जूनियर, जूनियर व सीनियर वर्ग में सांसद व विधायक खेल स्पर्धा के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जाता है। जिसके अन्तर्गत 17 दिसम्बर को विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन चौक स्टेडियम, चौक, लखनऊ में किया जा रहा है। 8 खेल विधाओं यथा-एथलेटिक्स, वॉलीवाल, कबड्डी, कुश्ती, बैटमिंटनं, फुटबॉल, भारोत्तोलन एवं जूडो में व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स अनिवार्य रूप से एवं 4 अन्य खेल विधाओं में खिलाड़ियों की उपलब्धता अनुसार विभिन्न आयु वर्ग में महिला एवं पुरुष श्रेणी में आयोजित करायी जायेगी।

# शानदार परफॉर्मेंस के साथ सम्पन्न हुआ जयपुरिया का सांस्कृतिक महोत्सव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने जोश और उत्साह के बीच अपने प्रमुख सांस्कृतिक महोत्सव ओजस'25 का समापन किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में एनर्जी से भरपूर परफोमेंन्स, जीवंत प्रतियोगिताएं एवं कार्निवाल-स्टाइल के जश्न आयोजित किए गए। 'रंगताल-द इंडियन कार्निवाल' थीम के तहत 15-16 दिसम्बर को आयोजित इस कार्यक्रम में जाने-माने संस्थानों के छात्र इकट्ठा हुए, जिन्होंने रचनात्मकता, संस्कृति एवं भाईचारे का जश्न मनाया।

महोत्सव की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई, जिसके बाद अतिथि डॉ कुमकुम धर और मुख्य अतिथि अनिल रस्तोगी ने प्रेरक सम्बोधन दिए। ''ओजस'25 एक सांस्कृतिक महोत्सव से कहीं बढ़कर था, यह युवाओं की भावना, कलात्मक अभिव्यक्ति और आपसी सहयोग का जश्न था।

इस तरह के प्लेटफॉर्म छात्रों के समग्र विकास के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हैं।'' डॉ कविता पाठक, डायरेक्टर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन कई शानदार कार्यक्रम आयोजित हुए।

### दिल्ली-एनसीआर का नया विकास केंद्र बनेगा यूपी का हापुड़

**लखनऊ ।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में शामिल हापुड़ में आयोजित निवेशक सम्मेलन में 1,300 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। आधिकारिक बयान के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार राज्य को निवेश और औद्योगिक विकास का बड़ा गंतव्य बनाने की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में हापुड़ अब दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में निवेश के एक केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा हाल ही में आयोजित इन्वेस्ट इन हापुड़ सम्मेलन 2025 ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में हापुड़ भी गाजियाबाद, नोएडा और गुरुग्राम की तर्ज पर बड़े निवेश केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

**समीक्षा**

**69,644 लाभार्थियों को 139.288 करोड़ रुपये पीएफएमएस के माध्यम से खातों में ट्रांसफर**

# हर पात्र तक पहुंचे योगी सरकार की योजनाओं का लाभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** योगी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को सचिवालय स्थित कक्ष संख्या 80 में विभागीय समीक्षा बैठक की।

मंत्री ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में संचालित सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी और बिना किसी बाधा के पहुंचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



**पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने शादी अनुदान योजना, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना, बजट व्यय, रिक्त पदों की स्थिति, तकनीकी समस्याओं तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार की समीक्षा**

पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने शादी अनुदान योजना, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना, बजट व्यय, रिक्त पदों की स्थिति, तकनीकी समस्याओं तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार की समीक्षा की। वित्तीय वर्ष 2025-26 में शादी अनुदान योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया में और तेजी लाई जाये। बैठक में बताया गया कि 15 दिसम्बर तक 69,644 लाभार्थियों को 139.288 करोड़ रुपये पीएफएमएस के माध्यम से उनके खातों में अंतरित किये जा चुके हैं। शेष पात्र आवेदकों को शीघ्र लाभान्वित करने के लिए मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं।छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं की समीक्षा में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 के अंतर्गत 6,90,349 छात्रों को 147.75 करोड़ रुपये तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति, शुल्क प्रतिपूर्ति कक्षा 11-12 के अंतर्गत 5,85,954 छात्रों को 175.54 करोड़ रुपये उनके खातों में अंतरित किये गये हैं। इस प्रकार अब तक कुल 12,76,303 छात्रों को 323.29 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जा चुकी है। मंत्री ने निर्देश दिये कि ट्रांजेक्शन फेल मामलों में री-पेमेंट की स्वचालित व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू करते हुए छात्रों को प्रत्येक चरण की सूचना एसएमएस एवं ई-मेल के माध्यम से अनिवार्य रूप से दी जाये।कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनाओं की समीक्षा में बताया गया कि 435 संस्थाओं के ऑनलाइन आवेदनों के सापेक्ष 299 पात्र संस्थाओं का चयन किया गया है, जिनमें 21,336 ओ-लेवल तथा 7,355 सीसीसी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और इस मद में अब तक 19.18 करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके हैं। मंत्री ने कहा कि योगी सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11 लाख 57 हजार से अधिक दिव्यांगजनों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता दी जा रही है।

# सीएम डैशबोर्ड पर विकास व निर्माण कार्यों की रैंकिंग आधार हुई समीक्षा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**▸ डीएम ने सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग बेहतर बनाने हेतु किया निर्देशित**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों एवं 5 करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यो-योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर प्रदर्शन बनाए रखें। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में बिजली विभाग द्वारा 80 नेट मीटर इंस्टॉलेशन, 182 सोलर पावर प्लांट का निरीक्षण पेंडिंग होने पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि एक माह से अधिक लंबित आवेदनों पर एसडीओ, जेई आदि के का स्पष्टीकरण लेते हुए कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री सिंचाई योजना अंतर्गत ड्रॉप मोर क्राप योजना में प्रत्येक ब्लॉक में 50-50 लोगों को एडीओ कृषि के माध्यम से अगले तीन माह में लाभ दिलाया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को एम्बुलेंस 108 एवं 102 की रिपोर्ट भेजने हेतु निर्देशित किया। विभिन्न प्रकार की पेंशनों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए ब्लॉकवार शिविरों का आयोजन कर पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में अंडा उत्पादन बढ़ाया जाए। सेतु एवं सड़क निर्माण में डीएम ने लोक निर्माण विभाग को माइल स्टोन एक्टिविटी कम होने पर प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कार्यों के संचालन एवं क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण सीएम डैश-बोर्ड पर खराब रैंकिंग दर्शाने वाले विभागीय अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद में विभागों,कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों व परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति, कार्यों में गुणवत्ता एवं प्रगति की समीक्षा हेतु सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करते रहें। सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण किए जाएं। विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए इसे कार्यदायी संस्थाएं पूरी गंभीरता से लें। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परियोजनाओं के निर्माण कार्य निश्चित समयावधि के अंतर्गत कार्यदायी संस्थाएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहें निर्माण कार्य सहित जनपद में निर्माणाधीन समस्त परियोजनाओं के निर्माण कार्य में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति एवं गुणवत्ता आदि के बारे में सम्बंधित कार्यदायी संस्था एवं विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अधिकारीगणों को निर्देशित किया कि विभाग से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें, जिससे सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग अच्छी बनी रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, परियोजना निदेशक अवधेश राम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद।

## दो वारंटी गिरफ्तार

**शाहजहाँपुर।** अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने दो वारण्टी अभियुक्तों को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर और क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने दिनांक 16 दिसंबर 2025 को दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में वरुण सिंह पुत्र अरुण कुमार वर्मा निवासी मोहल्ला काजीटोला निकट सुनहरी मस्जिद थाना कोतवाली उम्र करीब 28 वर्ष तथा वसीम पुत्र शमीम निवासी मोहल्ला ककरा खुर्द थाना कोतवाली उम्र करीब 30 वर्ष शामिल हैं। दोनों के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी थे।गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई कर दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस टीम की इस कार्रवाई को सराहनीय बताया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### अपने हर संसाधनों को पहचानों ज़रा: प्रशिक्षक अमित गंगवार



**शाहजहांपुर।** पंचायती राज विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं के आय स्रोत(ओएसआर) पर विकासखंड कांठ के सभागार में पंचायत सहायक/ प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस सरस्वती मां के चरणों में पुष्प अर्पित करते हुए मास्टर ट्रेनर ज्योति गंगवार ने सरस्वती वंदना कराते हुए प्रशिक्षण सत्र का प्रारंभ किया। मास्टर ट्रेनर अमित गंगवार ने ओएसआर का परिचय देते हुए बताया कि ओएसआर को कर तथा गैर कर स्रोतों के माध्यम से किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है तथा साथ ही ओएसआर के उद्देश्य क्या है उनका लाभ क्या है एवं महत्व पर भी चर्चा की। मास्टर ट्रेनर प्रिया विश्वास ने ग्राम पंचायत में अनुपयोगी साधनों का किस तरह उपयोग करके कैसे ओएसआर प्राप्त किया जाता है इसको गीले कचरे एवं सूखे कचरे को अलग करके उनसे प्राप्त ओएसआर से प्रतिभागियों को रूबरू कराया। मास्टर ट्रेनर वैभव वर्मा ने ग्राम पंचायत में उपलब्ध तालाब भूमि आदि के माध्यम से किस तरीके से पैसा प्राप्त किया सकता है इसके विषय में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया। मास्टर ट्रेनर ज्योति गंगवार ने प्रतिभागियों को बताया कि सेवा के माध्यम से ग्राम पंचायत वासियों से सेवा शुल्क लेकर भी ओएसआर प्राप्त किया जा सकता है। प्रशिक्षण के समापन में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराकर प्रशिक्षण का समापन किया गया।

### स्कूटी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दो घायल



**तिलहर -शाहजहांपुर।** देर शाम हाइवे पर बाइक और स्कूटी की हुई भीषण टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई । जबकि स्कूटी सवार अधेड़ को बरेली रेफर किया गया है। सोमवार को शाम करीब साढ़े छह बजे नगरिया मोड के समीप स्कूटी गांव गोपालपुर नगरिया निवासी पवन अपने साथी रणधीर के साथ बाइक से शाहजहांपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही गांव खानपुर निवासी छोटेलाल की स्कूटी से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी चालक समेत बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां चिकित्सकों ने बाइक चालक पवन को मृत घोषित कर दिया । जबकि स्कूटी चालक छोटेलाल को परिजन रेफर होने पर बरेलीनले गए । पुलिस ने पवन के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### रासेयो के एक दिवसीय में आंतरिक सुरक्षा के टिप्स दिए



**तिलहर -शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आईवीएम इंटर कॉलेज में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को कॉलेज में कार्यक्रम का आह्वान गीत तथा लक्ष्य गीत के साथ शुभारंभ किया गया। प्रवक्ता अशोक सिंह ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि हमें बाहरी स्वच्छता के साथ-साथ आंतरिक स्वच्छता पर भी ध्यान देना चाहिए। प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार जायसवाल ने स्वयंसेवियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि स्वयंसेवक खुद के लिए ही नहीं बल्कि अपने आस-पड़ोस के लोगों के लिए भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें तथा समाज सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करें ।तत्पश्चात स्वयंसेवियो ने कार्यक्रम अधिकारी अशोक गंगवार के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति सभी को जागरूक किया। शिविर में अनुपम सिंह यादव का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस दौरान स्वयंसेवी संध्या सिंह, दिशा, रुचि, अंशिका, करन, जगमोहन, अभिषेक, समीर खान, अंशु आदि उपस्थित रहे।

### पंचायत चुनाव लड़ूंगा दमदारी से: युनुस

**सिधौली, शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत कोरोकुइया के उम्मीदवार यूनुस खां ने जानकारी देते हुए बताया कि मैं अगली पंचायत का संभावित प्रत्याशी हूं 2015 में मेरी पत्नी सलमा बेगम प्रधान रह चुकी हैं मैंने कई विकास कार्य कराए जिसमें नाली खड़ंजा 64 आवास 260 शौचालय विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन आरसीसी रोड प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प जिसमें मुझे बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशांति पत्र देकर सम्मानित किया गया कई ग्रामीणों की किसान सम्मन निधि बनवाई किसान की सहूलियत के लिए खेतों की नालियां साफ करवाई गांव से संबंधित कई अन्य विकास कार्य कारण।

### ठंड के दृष्टिगत विद्यालयों के समय में बदलाव

**शाहजहांपुर।** जनपद में अत्याधिक ठंड एवं कोहरे को दृष्टिगत रखते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया है। डीएम ने कक्षा 1 से 12 तक के सभी बोर्डों बेसिक शिक्षा परिषद, माध्यमिक शिक्षा परिषद में सीबीएसई, आईसीएसई द्वारा संचालित विद्यालयों का संचालन अग्रिम आदेशों तक सुबह 10 बजे से किया जाएगा।

### किशोरी को भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पुवायां, हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर उसकी नाबालिक पुत्री को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। दर्ज मुकदमे में बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री को एक युवक बहला फुसला कर भाग ले गया। जिसके बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर नगर के डीपीडब्ल्यूएस स्कूल के पास पहुंची पुलिस ने घटना में संलिप्त युवक को गिरफ्तार कर लिया। जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम मंगल राज पुत्र सुरेश निवासी ग्राम शिवराजपुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी बताया। जिसके बाद पुलिस उसे कोतवाली ले आई और जहां से उसे कोर्ट में पेश किया गया।

### शिकायतकर्ता से शालीन व्यवहार बनाए रखा जाए: सीओ सिटी



**शाहजहांपुर।** आईजीआरएस प्रकरणों के प्रभावी निस्तारण के लिए नगर सर्किल थानों के कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक सीओ सिटी पंकज पंत द्वारा अपने कार्यालय पर नगर सर्किल के अंतर्गत थानों में नियुक्त आईजीआरएस कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई । उक्त बैठक में थाना सदर बाजार, थाना रामचंद्र मिशन, थाना कोतवाली एवं महिला थाना में नियुक्त आईजीआरएस कर्मी उपस्थित रहे। सीओ सिटी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण तथ्यात्मक, पारदर्शी एवं शासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाए तथा शिकायतकर्ता से शालीन व्यवहार बनाए रखा जाए। आईजीआरएस प्रकरणों में लापरवाही अथवा विलंब किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। बैठक का उद्देश्य जनशिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार लाते हुए आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं संतोष की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

## हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नवनीत पुत्र राघवेन्द्र, निवासी बसखेड़ा खुर्द के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नवनीत शनिवार की शाम करीब 7-00 बजे किसी काम से पुवायां की ओर अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान सड़क के किनारे बिना किसी संकेतक के खड़ी कंबाइन मशीन में उनकी बाइक पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नवनीत गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची 1033 एंबुलेंस व पुलिस घायल अवस्था में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां पर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना पुवायां मोहम्मदी हाइवे पर स्थित पेट्रोल पंप के पास की बताई जा रही हैं।

## एसपी सिटी ने थाना कांट का किया निरीक्षण, अधीनस्थों को दिए निर्देश



**शाहजहांपुर।** एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार द्वारा थाना कांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य थाना स्तर पर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनशिकायत निस्तारण तथा अभिलेखीय व्यवस्था की समीक्षा कर उन्हें और अधिक प्रभावी बनाना रहा।उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार एवं अभिलेखों का गहन परीक्षण किया। आईजीआरएस प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निष्पादन, महिला, बालिका सम्बन्धी प्रकरणों में संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही, तथा बीट व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। जनपद में पुलिसिंग को जनोन्मुखी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया है। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, शालीन व्यवहार, पेशेवर दक्षता तथा जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही आवश्यक सुधारात्मक बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए गए।

## 52वीं सीनियर महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**





स्व. डॉ. जीएल कनौजिया पूर्व सांसद मेमोरियल के तत्वावधान में आयोजित 52वीं सीनियर महिला स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप, जोन-बी शाहजहाँपुर-2025 को क्रीड़ा मैदान, राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनीबाग, शाहजहाँपुर में भव्य शुभारम्भ हुआ।

उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन एसपी राजेश द्विवेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर आयोजक मंडल द्वारा पुलिस अधीक्षक को प्रतीक चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं तथा महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियाँ समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान महिला कबड्डी खिलाड़ियों, खेल संघ के पदाधिकारियों, आयोजक समिति के सदस्यों एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 से 16 दिसंबर तक किया जाएगा। जनपद शाहजहाँपुर पुलिस द्वारा कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के सुचारु प्रबंधन हेतु आवश्यक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## घने कोहरे की वजह से डिवाइडर पर चढ़ी आलू भरी डीसीएम



**खुटार शाहजहांपुर।** खुटार पुवाया रोड पर मंगलवार को सुबह घने कोहरे के चलते खुटार के गांव रुजहा कलां के पास नवनिर्मित फ्लाई ओवर के डिवाइडर पर आलू से भारी डीसीएम चढ़ गई हादसा सुबह तड़के 4:00 का बताया जा रहा है। डीसीएम चालक बलराम सिंह यादव जनपद फर्रुखाबाद जो की पुवायां क्षेत्र से आलू भरकर सोनाली बॉर्डर नेपाल की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित फ्लाई ओवर के पास घना कोहरा व रोड रेडियम रिफ्लेक्टर ना होने के कारण उनकी डीसीएम अचानक डिवाइडर पर चढ़ गई। वहां के स्थानीय लोगों ने बताया घना कोहरा पड़ रहा था। गाड़ी टकराने की तेज आवाज से पता चला कि कोई हादसा हो गया है। रेडियम रिफ्लेक्टर ना होने की वजह से यहां आए दिन हादसे होते हैं जिससे काफी डर लगा रहता है। डीसीएम डिवाइडर पर चढ़ने की सूचना पर मौके पर राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

## पुलिस लाइन में प्रशिक्षणरत महिला आरक्षियों का सैनिक सम्मेलन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एसपी राजेश द्विवेदी द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिला आरक्षियों का सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का आयोजन विशाखा गाइडलाइन के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित करना रहा। उक्त सम्मेलन में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे, सीओ तिलहर, सीओ सदर एवं क्षेत्राधिकारी लाइन की उपस्थिति रही।इस दौरान एसपी द्वारा महिला आरक्षियों को कार्यस्थल पर शालीन व्यवहार, अनुशासन, आपसी सम्मान तथा कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। एसपी ने महिला आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि विशाखा गाइडलाइन का उद्देश्य कार्यस्थल पर किसी भी प्रकार के उत्पीड़न की रोकथाम करना है तथा प्रत्येक महिला कर्मी को सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना पुलिस विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी महिला आरक्षियों को निर्भीक होकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने एवं किसी भी समस्या की स्थिति में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने हेतु प्रेरित किया। महिला आरक्षियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा उनके समाधान के लिए दिशा-निर्देश भी दिए गए । कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षणरत महिला आरक्षियों में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं कर्तव्यनिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

## बुराइयों को त्याग अच्छाइयां अपनाएं: शर्मा



**पुवायां, शाहजहांपुर।** सोमवार को सफला एकादशी पर गांव धारा स्थित धारा नाथ शिव मन्दिर पर गायत्री परिवार की ओर से एक विचार गोष्ठी एवं दीप यज्ञ कार्यक्रम का संगीतमय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और यजमान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खण्ड कार्यवाह शंभू सिंह ने कलश पूजन और देव पूजन के साथ किया। यज्ञाचार्य पं श्यामाचरण शर्मा ने दीप यज्ञ से पूर्व सनातन संस्कृति में सोलह संस्कारों का महत्व बताते हुए सत्संग और पूजा पाठ का महत्व बताते हुए कहा कि हमें सदैव दान और पुण्य करने के बाद दूसरों को भोजन कराकर ही स्वयं भोजन ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने कहा की बुराइयों का त्याग कर हमें अच्छाइयां अपनानी चाहिए जिससे हमारा जीवन उज्ज्वल बने। ईश्वर एक ही है लेकिन उनके नाम अनेक हैं। जो व्यक्ति अपनी ईमानदारी की कमाई से दूसरों को खिलाकर स्वयं भोजन ग्रहण करता है वह दुःखों और बीमारियों से दूर रहता है। उन्होंने कहा कि अज्ञानता के कारण चारों ओर तमाम लोग रोग और शोक से व्याकुल हैं । जिसका निराकरण सत्संग और संतों के सानिध्य से ही संभव है। कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्जवलित कर दीपावली जैसा उत्सव मनाया। कार्यक्रम में बाबा आलोक पुरी, महेंद्र प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, राहुल विश्वकर्मा, नन्हेलाल गुप्ता, मुनेश कुमार, राकेश कुमार, अंशू शर्मा, सुनील दीक्षित, महेंद्र प्रजापति, ब्रजेश प्रजापति, बाबू राम, सूरज विश्वकर्मा, अमिय कृष्ण, राधे लाल, कल्लू, गायत्री शर्मा, रेखा, दिव्या,रूबी, रामू,शिव कुमार श्रीवास्तव,मैना देवी, रामबेटी , कुलदीप सिंह, डॉ प्रदीप वैरागी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेशीय प्रा.शि. संघ कांट इकाई का निर्वाचन संपन्न

**▸ देवेंद्र सिंह अध्यक्ष, उमेश चंद्र सक्सेना मंत्री निर्वाचित**



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की विकासखंड शाखा कांट का निर्वाचन कार्यक्रम सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र कांट में शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निर्वाचन में कंपोजिट विद्यालय नारायणपुर पट्टी के सहायक अध्यापक देवेंद्र सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष, कंपोजिट विद्यालय मल्लपुर के सहायक अध्यापक उमेश चंद्र सक्सेना को ब्लॉक मंत्री तथा प्राथमिक विद्यालय भैंसटा खुर्द के प्रधान अध्यापक विजयकांत को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। संघ की ब्लॉक शाखा के संरक्षक के रूप में रमेश पाल एवं विष्णु पाल सिंह को जिला कमेटी द्वारा घोषित किया गया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्राथमिक विद्यालय कमलनैनपुर के सहायक अध्यापक डॉ. अख्तर अली, महिला उपाध्यक्ष पद पर प्राथमिक विद्यालय नगला बनवारी की प्रधान अध्यापक सुषमा मौर्य निर्वाचित हुईं। उपाध्यक्ष पद पर प्रिया वर्मा, अजीज अहमद, आलोक कुमार मिश्रा एवं राहुल मिश्रा, संयुक्त मंत्री पद पर मनोज कुमार सिंह एवं दीपक अग्निहोत्री तथा संगठन मंत्री पद पर रणवीर सिंह एवं अमित कनौजिया को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में संघ के जिला संयुक्त मंत्री डॉ. विनय गुप्ता एवं पुवायां ब्लॉक अध्यक्ष अश्वनी अवस्थी पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। निर्वाचन उपरांत संघ के जिला अध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मंत्री देवेश बाजपेई, जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र पाल प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के महामंत्री संदीप मिश्र एवं जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विकासखंड कांट के सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा शिक्षक हितों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प व्यक्त किया।

## पांच में एक का किया गया निस्तारण



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 1 का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त संगीता कुमारी, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, अधिशासी अभियंता सिविल दिलीप कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार भाजपा पार्षद को मारी टक्कर

**शाहजहांपुर।** सदर बाजार थाना क्षेत्र में कचहरी वाले पुल के पास मंगलवार को तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार भाजपा पार्षद संजय कुमार घायल हो गए। हादसे में उनकी स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के अनुसार सराय काइयां मोहल्ला निवासी भाजपा पार्षद संजय कुमार किसी काम से स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति में आ रही कार संख्या UP 26 AW 8482 ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पार्षद सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके हाथ और पैर में चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला। घायल पार्षद का प्राथमिक उपचार कराया गया है। वहीं पार्षद संजय कुमार ने सदर बाजार थाने में कार चालक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## कुशवाहा छात्रावास का अर्द्ध वार्षिक समारोह संपन्न

**जलालाबाद शाहजहांपुर-समृद्धि न्यूज।**



कुशवाहा छात्रावास में रविवार को अर्द्ध वार्षिक समारोह मनाया गया, कुशवाहा छात्रावास संविधान के अंतर्गत सभी सदस्यों की एक बैठक आहूत की गई और अर्द्ध वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंशीलाल कुशवाहा द्वारा की गई। इस दौरान कुशवाहा छात्रावास की प्रगति की योजनाओं पर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य शिवराम सिंह कुशवाहा द्वारा समाज के उन महापुरुषों को याद किया जिनके द्वारा कुशवाहा छात्रावास के निर्माण में अहम भूमिका निभाई गई। डॉ.भानुप्रताप सिंह द्वारा समाज को संगठित रहने के लिए कहा गया। बसपा नेता ब्रह्मकुमार सिंह कुशवाहा एडवोकेट द्वारा समाज को शिक्षित बनने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि समय -चक्र बहुत तेजी से घूम रहा है।यदि हमने समय के साथ कदम ताल नहीं की तो हम निश्चित रूप से पिछड़ जायेंगे। सत्ता में हिस्सेदारी के लिए हमें समान विचारधारा वालों के साथ तालमेल बैठाना होगा। इस मौके पर छात्रावास ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष हरिपाल सिंह कुशवाहा एडवोकेट ने छात्रावास की प्रगति और भावी योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रबंध समिति के अध्यक्ष आचार्य मुंशीलाल कुशवाहा ने कहा छात्रावास मात्र छात्रों के रहने का स्थान नहीं है, बल्कि कुशवाहा समाज की प्रगति का प्रतीक है। मंत्री सुशील कुमार सिंह कुशवाहा ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं का कार्य क्षेत्र विस्तृत होता है। इनसे सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक यहां तक कि आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने कहा कि संस्था के संचालन में धन अहम फैक्टर है। बोले, छात्रावास के निर्माण में समाज के उदारमना लोगों ने हस्तमुक्त भावना से दान दिया। छात्रावास उन सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त करता है। युवा शिक्षक ओमकार सिंह ने छात्रावास के लिए धन एकत्र करने में एकाउंट के क्यूआर कोड की प्रसांगिकता पर बल दिया। प्रेमपाल सिंह कुशवाहा (प्रधान) ने पंचायत चुनाव पर चर्चा करते हुए कहा कि पंचायत चुनाव राजनीतिक हिस्सेदारी का प्रथम सोपान है। समाज के लोगों को इन चुनावों को गंभीरता, दूरदर्शिता, समझदारी और आपसी तालमेल से लडना चाहिए। युवा नेता सौरभ कुशवाहा ने कहा कि युवा किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। वे अपनी ऊर्जा को सृजनात्मक कार्यों में लगायें। विगत दिनों दिवंगत हुए रामवीर सिंह कुशवाहा हरेवा, अवधेश कुमार कुशवाहा (एडवोकेट) कलक्टरगंज, कृष्णपाल सिंह आर्य बझेड़ा महुआडांडी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर रमेश कुमार सिंह, नौरंग सिंह कुशवाहा प्रधान, अनिल कुमार सिंह प्रधान, चक्रपाल सिंह, डॉ वीरेंद्र कुमार, भगवंत सिंह, प्रबन्धक इंद्रपाल सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, प्रदीप कुमार सिंह अध्यापक, अर्जुन सिंह कुशवाहा अध्यापक, दिग्विजय सिंह कोषाध्यक्ष आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी प्रबंधक गिरफ्तार, पुलिस ने छात्रा का कराया मेडिकल



**रोजा,शाहजहांपुर।** पुलिस ने नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी प्रबंधक को मंगलवार को पास्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा का मेडिकल करवाया है। ज्ञात रहे कि थाना क्षेत्र के पिलखना स्थित एक नाबालिग छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह गांव के स्कूल में कक्षा नौ की छात्रा है। उसने आरोप लगाते हुए बताया कि 13 दिसम्बर की दोपहर अपनी सहेली के साथ स्कूल में थी, तभी स्कूल प्रबंधक उसे सहेली के साथ अपने आफिस में बुलाया और आफिस के गेट व खिड़की बंद करते हुए अपनी बाहों में खींच लिया। शोर मचाने पर उसकी सहेली ने दौड़कर गेट खोल दिया। फिर घर जाकर परिजनों को सारी बात बताई। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। मिशन शक्ति ने आरोपी प्रबंधक मुकेश को गांव के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

### श्री श्याम बाबा के कीर्तन में आए भक्तों को दिल से बहुत-बहुत धन्यवादः मनमोहन द्विवेदी



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** बाबा के कृपा हमेशा बनी रहे आप सभी पर ऐसे ही बाबा के कीर्तन में वृंदावन से चलकर आए अमन मिश्री जी भैया ने कीर्तन का माहौल ही बदल दिया है और खूब धमाल मचाया दिया। उन्होंने भी बहुत अच्छा गुणगान किया हमारे – जलालाबाद परशुरामपुरी से आए हुए छोटा भाई श्याम दीवाना ने भी कीर्तन में समा बना दिया। सबको हंसा कर सबका मनमोह लिया, सभी कलाकारों सुंदर सी तस्वीर देखकर और पटका डालकर उनका सम्मान किया। 15 दिसंबर 2025 को हमारे निज स्थान कमल टॉकीज आजाद नगर, रामकिशोर वर्मा के आवास पर आयोजित हुआ। कमलेश, दीपक वर्मा, रवि, शिवम, आशीष वर्मा मोहित वर्मा, शैलेंद्र, प्रिंस वर्मा, आकाश गुप्ता, हिमांशु देवल आदि सभी सदस्य मौजूद रहे। सभी श्याम प्रेमियों ने फूल रात्रि बाबा का कीर्तन में आनंद लिया और सभी लोगों ने प्रभु श्री खाटू श्याम वाले बाबा की आरती के पश्चात न प्रसाद लेकर अपने-अपने घर को प्रस्थान किया एवं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया सभी को जय जय श्री श्याम।

### परिषदीय विद्यालयों के समय परिवर्तन की मांग



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष ऋषिकान्त पाण्डेय ने मंगलवार को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रत्नाकर दीक्षित के साथ एडीएम न्यायायिक राशिद अली से मुलाकात की, उनसे वार्ता करते हुए घने कोहरे में लगातार कम होती दृश्यता के कारण और बढ़ रही सर्दी में परिषदीय विद्यालयों का संचालन समय परिवर्तित कराने के लिए पत्र दिया। डीएम मीटिंग में व्यस्त होने के कारण मिल न सके तो एडीएम न्यायिक से मिलकर पत्र दिया गया, उन्होंने भरोसा दिया है कि मांग के अनुसार विद्यालयों का समय अवश्य बदला जाएगा।

### जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से फसल को जोता, रिपोर्ट दर्ज

**खुटार शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** खुटार थाना क्षेत्र के मोहल्ला राय टोला के निवासी गिरजा शंकर पुत्र सुंदरलाल ने थाना खुटार में तहरीर देकर बताया कि प्रार्थी का खेत गाटा संख्या 317 है जो की गोला रोड बाईपास सड़क के किनारे है। जिसमें गेहूं की फसल खड़ी थी। खेत पर कब्जा करने के उद्देश्य से रात्रि के 2-00 खुटार के है अनीश शर्मा पुत्र यदुनाथ शर्मा, बारिश पुत्र सादिक अली निवासी रसवा कलां मोहम्मद खान पुत्र शफी अहमद निवासी बरखेड़ा थाना पूरनपुर नसीम अहमद अंसारी पुत्र शमशाद अहमद निवासी पूरनपुर अफरोज पुत्र महबूब अली कस्बा थाना पूरनपुर बाहर वंश का साला लाला राम पुत्र फूलचंद निवासी जहूर गंज थाना शेरामऊ उत्तरी पीलीभीत वह अपने तीन चार अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर मेरी खड़ी गेहूं की फसल को जोतने लगे जब मैं परिजनों के साथ मौके पर अपने खेत पर गया तो सभी ने एक राय होकर मारा पीटा वह गाली गलौज करने लगे वह मेरे द्वारा 112 डायल को मौके पर बुलाया गया। पुलिस आने से पहले सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। खुटार पुलिस ने पीड़ित के तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजेंद्र रावत प्रभारी निरीक्षक थाना खुटार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर दिया गया है अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### रास्ता निर्माण रोकने पर प्रधान ने महिला को पीटा, थाने में दी तहरीर

**खुटार शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र खुटार के गांव बेला की रहने वाली गुड्डी देवी ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे घर के पास में मेरी अपनी पुश्तेनी जगह पर जबरदस्ती मेरे गांव के ग्राम प्रधान व पूर्व प्रधान के द्वारा इंटरलॉकिंग कार्य का निर्माण कराया जा रहा है जब मैं इसका विरोध किया तो प्रधान अपने साथियों सहित एक राय होकर मुझे मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने थाना खुटार में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

### जरूरतमंदों को बांटें कंबल

**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देख कर तहसील प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत करकौर गांव में मंगलवार की सुबह जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया।इस दौरान लेखपाल आदर्श कुमार, प्रधान शिव सरन वर्मा पप्पू नें गांव के गरीब, बुजुर्ग, दिव्यांग और बेसहारा लोगों के बीच 30 कंबलों का वितरण किया। कंबल पाकर उनके चेहरे पर राहत और खुशी साफ दिखाई दी।प्रधान शिव सरन वर्मा पप्पू नें ग्रामीणों को आश्वस्त किया किसी को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### बुजुर्ग को मृत दर्शाकर पेंशन रोकी, दर-दर भटकने को मजबूर

**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत पलिहुरा के जिगनिया निवासी बुजुर्ग धर्मपाल पिछले चार वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन बंद होने के कारण परेशान हैं। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है, जिसके चलते उनकी पेंशन रोक दी गई है। धर्मपाल नें बताया वे अकेले रहते हैं और उनके जीवनयापन का कोई अन्य साधन नहीं है। वे एक झोपड़ी में गुजर-बसर कर रहे हैं और पेंशन बंद होने से उन्हें गंभीर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन दोबारा शुरू करवाने के लिए धर्मपाल ने जिले से लेकर ब्लॉक मुख्यालय तक कई चक्कर लगाए हैं, लेकिन उनकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। इस लापरवाही के कारण उन्हें दर-दर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है। बता दें कि ब्लॉक मुख्यालय में सत्यापन के नाम पर सचिवों द्वारा मनमानी की जा रही है। वे स्वयं ग्राम पंचायतों में जाकर सत्यापन नहीं करते, बल्कि निजी व्यक्तियों या फोन के माध्यम से सत्यापन करवा रहे हैं।इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। धर्मपाल ने अधिकारियों से जल्द से जल्द मामले की जांच कर उनकी पेंशन दोबारा शुरू करने की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी मनीष दत्त ने बताया जांच कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

### राज्य महिला आयोग सदस्य आज शाहजहांपुर में

**शाहजहांपुर।** राज्य महिला आयोग सदस्य सुजीता कुमारी आज बुधवार को एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर रहेगी। वह सुबह 11 कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई एवं सिंधौली ब्लॉक पर दोपहर 2-30 महिलाओं को दी जा रही योजनाओं से संबंधित जागरूकता चौपाल का आयोजन करेगी। राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। जनसुनवाई का उद्देश्य महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना है। आयोग महिलाओं के अधिकारों एवं सुरक्षा से जुड़े मामलों, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न आदि विषयों पर शिकायतों की सुनवाई करेगा। यदि किसी महिला को कोई शिकायत दर्ज करानी हो तो वह अपने प्रार्थना पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ जनसुनवाई में उपस्थित हो सकती हैं। महिलाओं से अपील हैं कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जनसुनवाई में भाग लें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अपनी शिकायतें दर्ज कराएं। जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने दी।

### किसान दिवस बैठक कलेक्ट्रेट में आज

**शाहजहांपुर।** किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया जाता है। जिसके क्रम में आज बुधवार को किसान दिवस बैठक कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर में प्रस्तावित थी, जिसे डीएम के अनुमोदनोपरान्त अब बिस्मिल नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 12.30 बजे से की जाएगी। बैठक में कृषि क्षेत्र से जुड़े समस्त विभाग के अधिकारी जिसमें सिंचाई, ऊर्जा एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे- कृषि, उद्यान, सहकारिता, मत्स्य, दुग्ध उत्पादन, पशुपालन, गन्ना एवं रेशम विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा भाग लिया जाएगा। कृषि अधिकारी ने जनपद के कृषक प्रतिनिधियों, प्रगतिशील कृषकों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि उपरोक्त बैठक में निर्धारित तिथि को ससमय भाग ले।

**गौशाला विस्तार में जैतीपुर की स्थिति खराब**

# बीडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि व सचिव से स्पष्टीकरण

▸ **निराश्रित गोवंशों को पड़कर गौशालाओं में रखा जाए: डीएम**




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने ग्राम प्रधानों की लम्बित जांच एवं कार्यवाही सम्बन्धी प्रकरण, गौ-संरक्षण-चारागाह, पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाए, मनरेगा, अन्नपूर्णा भवन एवं आंगनवाड़ी कायाकल्प कार्यों के संबंध में जानकारी ली। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विकासखंडों के अंतर्गत एक-एक गांव का चयनकर मॉडल गांव बनाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक मॉडल ग्राम में प्रत्येक दशा में कूड़ा गाड़ी गांव में घर घर जाकर कूड़ा कलेक्शन करे और प्रत्येक घर से 50 रुपए का यूजर चार्ज प्रति माह लिया जाए। इस कार्य में लापरवाही करने वाले सचिवों को निलंबित किया जाए तथा खराब सामुदायिक शौचालय को सही करा कर फोटो अंदर ओर बाहर से एक सप्ताह में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने गौशालाओं के निर्माण, क्षमता वृद्धि, चारागाह आदि की समीक्षा करते हुए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि निराश्रित गोवंशो को पड़कर गौशालाओं में रखा जाए। गौशाला निर्माण में सहयोग न करने वाले ग्राम प्रधानों की पावर सीज की जाए। गौशाला विस्तार में खंड विकास अधिकारी जैतीपुर की स्थिति ठीक न होने पर डीएम ने बीडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा सचिव के स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए की एक सप्ताह में गौशालाओं के विस्तारित करने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। साथ ही गौशाला में ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, परियोजना निदेशक अवधेश राम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.राजेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# 30 साल पुराने अल्हागंज बस अड्डे को सेटेलाइट बनाने की मांग

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी ने 30 वर्ष पुराने अल्हागंज बस अड्डे को सेटेलाइट बस अड्डा बनाए जाने की मांग को लेकर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को 1885 लोगों के हस्ताक्षरों सहित मांग पत्र सौंपा। इस ज्ञापन पर दो दर्जन से अधिक ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं नगर पंचायत के सभासदों के भी हस्ताक्षर थे। सोमवंशी ने बताया कि परिवहन मंत्री ने मांग को गंभीरता से लेते हुए बस अड्डा बनाए जाने के आश्वासन दिए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक द्वारा पत्र जारी कर जिलाधिकारी को बस अड्डे की भूमि से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से कार्रवाई शुरू हो चुकी है और इस दिशा में कार्य तेजी से चल रहा है। बस अड्डा न होने के कारण अब तक सैकड़ों यात्रियों को असुविधा के साथ दुर्घटनाओं का भी सामना करना पड़ा है। बस अड्डे की भूमि पर लंबे समय से अतिक्रमण बना हुआ था। इस पर परिवहन मंत्री ने परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को सरकारी बस स्टॉप तत्काल खाली कराने के निर्देश देते हुए हरदोई के महा प्रबंधक को फटकार भी लगाई है। सोमवंशी के अनुसार अल्हागंज से लखनऊ के लिए दो बसें संचालित किए जाने के आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही अल्हागंज बस स्टॉप से दिल्ली के लिए भी बस सेवा शुरू किए जाने की तैयारी है। उन्होंने बताया कि 30 वर्षों से बस अड्डे की साफ सफाई और व्यवस्था पर न तो किसी ने ध्यान दिया, लेकिन अब हालात बदलेंगे। इसके अलावा ब्लॉक मिर्जापुर एवं कलान के लिए भी बस अड्डा बनवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवंशी ने परिवहन मंत्री को सौंपे गए ज्ञापन, संबंधित फोटो तथा प्रबंध निदेशक के आदेश पत्र की प्रति भी साझा की है।

### स्वास्थ्य विभाग ने विद्यालय में लगाया हेल्थ कैंप

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।** कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों द्वारा गांव मरेना स्थित सत्य भारती पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने छात्रों की आंखों की जांच की और उन्हें साफ-सफाई तथा स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर शरद कुमार और डॉक्टर जयंती सक्सेना ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। आयोजन में स्कूल की हेड टीचर प्रभा देवी का विशेष सहयोग रहा। शिविर के दौरान ओम देव, रश्मि यादव, मोहन लाल, शिल्पी, आकांक्षा सहित अन्य अध्यापक और समाजसेवी जितेंद्र पाल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# प्रधान, पंचायत सहायक और सचिव का दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का समापन



**ददरौल, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उपनिदेशक पंचायती राज बरेली के दिशा निर्देशन में विकासखंड ददरौल के सभागार में स्वयं के आय स्रोत विषय पर दो दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन एडीओ पंचायत अरविंद कुमार शर्मा ने ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया गया। जिसमें विकास खंड के समस्त पंचायत सहायक, प्रधान एवं सचिव ने हिस्सा लिया। पंजीकरण के प्रारंभ में किट का वितरण किया गया। प्रशिक्षक मुकेश दीक्षित कुमार ने कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और उद्देश्य पर चर्चा की। प्रशिक्षक सौरव वर्मा ने ग्राम पंचायत की अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए व्यवहार विज्ञान के सिद्धांत पर चर्चा की और ओएसआर बढ़ाने हेतु संभावित स्रोत, गांव के विकास के लिए गांव की अपनी आय के महत्व को चार समूह बनाकर चर्चा करते हुए खेल, समूह कार्य, केस स्टडी, रामपुर मिलक की ग्राम पंचायत धमौरा की सफल कहानी आदि के माध्यम से समझाया। राज्य प्रशिक्षक प्रतिभा वर्मा पंचायती राज एक्ट में प्रावधान, पंचायत प्रोत्साहन प्रतिपूर्ति योजना, मातृभूमि योजना, गांव के विकास के लिए ओएसआर, तालाब का पट्टा आदि से आय, पानी सप्लाई और डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरे से आय, गुणवत्तापूर्ण सेवा और यूजर चार्ज का अंतर संबंध पर चर्चा की। प्रशिक्षक पूजा शुक्ला ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में सर्वप्रथम प्रथम दिन का पुनः अवलोकन करके प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षक मुकेश दीक्षित ने सीएससी सेंटर के माध्यम से गांव के लोगों को किस प्रकार रहा दी जा सकती है और इसके माध्यम से किस प्रकार ओएसआर प्राप्त किया सकता है इसके विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की। प्रशिक्षक पूजा शुक्ला ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में खोले जाने वाले आधार सेंटर पर किन-किन सुविधाओं का लाभ गांव के लोगों को होगा इस विषय को बताया। प्रशिक्षक प्रतिभा वर्मा ने बैंक शाखा पॉइंट के माध्यम से गांव के लोगों को क्या सहयोग प्राप्त होगा और रोजगार के साधन कैसे बनेंगे और उसमें क्या सहयोग होगा इसके विषय में चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षक सौरभ वर्मा ने टीएमपी पोर्टल पर परीक्षा कराकर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाए।

# ट्रेन से जा रहे युवक का उचक्कों ने मोबाइल छीना

**शाहजहांपुर।** बरेली बनारस एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से शाम 6:05 पर रोजा जंक्शन रेलवे स्टेशन के चार पर रुकी 2 मिनट रुकने के बाद ट्रेन लखनऊ के लिए रवाना हुई। ट्रेन ने अभी रफ्तार नहीं पड़ी थी। स्टेशन के अंतिम छोर पर थाना मोहम्मदी के एक यात्री ने गेट पर आकर गुटखा खाकर थूकने की कोशिश की। इस समय अंधेरे में दो लोगों ने मोबाइल झपटने की कोशिश की और उसे खींच लिया। ट्रेन की गति तेज नहीं थी यात्री उन लोगों के साथ में उतर गया और शोर मचाया। उसका दूसरा यात्री ट्रेन में ही रह गया और भाई आगे चला गया। शोर मचाने पर मोबाइल झपटने वाले भाग गए और वह स्टेशन मास्टर और जीआरपी चौकी प्रभारी पर गया। जहां उसने पूरी घटना बताएं। जीआरपी के सिपाही मौके पर गए लेकिन तब तक मोबाइल झपटने वाले भाग गए। वहां कोई नहीं मिला और यात्री को समझा बूझकर पीछे आने वाली बरेली मुगलसराय एक्सप्रेस से लखनऊ के लिए रवाना कर दिया। ट्रेन में दूसरे बैठे हुए साथियों को सूचना दे दी गई।

> हां शाम को कॉर्नर पर कुछ लोगों ने मोबाइल छीनने की कोशिश की थी, लेकिन यात्री के शोर मचाने पर वे लोग भाग गए। यात्री को दूसरी ट्रेन से रवाना कर दिया गया।
>
> -दुर्गेश कुमार
> जीआरपी चौकी प्रभारी

# मेडिकल कालेज में चल रहे खेल महोत्सव में एसएसपीएस कॉलेज ने रामचंद्र सिंह कालेज को 43 रनों से हराया

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

संतनपाल सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चल रहे स्पोर्ट्स कार्निवल के दूसरे दिन खेले गए क्रिकेट मैच में एस.एस.पी. कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रामचन्द्र सिंह कालेज हरसीपुर की टीम को 43 रनों से शिकस्त दी। पहले मैच खेलते हुए एसएसपीएस कालेज की टीम ने 4 विकेट पर 119 रनो का लक्ष्य दिया। जबाब मे रामचन्द्र सिंह कालेज की टीम 76 रनो पर ही सिमट गई। मैच के दौरान एसएसपीएस कालेज के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। जिससे मुकाबला रोमांचक बना रहा। छात्राओं की खो-खो प्रतियोगिता में साक्षी की टीम ने बेहतरीन तालमेल और फुर्ती का प्रदर्शन करते हुए प्रिया की टीम को पराजित किया। छात्राओं के उत्साहपूर्ण खेल ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।



इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के फाउंडर संतनपाल सिंह ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, जो न केवल तनाव से मुक्ति दिलाता है बल्कि आपसी भेदभाव और मतभेद को भी समाप्त करता है। कॉलेज के चेयरमैन नीलेश यादव ने खिलाड़ियों को खेलों को खेल भावना के साथ खेलने और पढ़ाई पर भी पूरा ध्यान देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन खेल समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। प्रतियोगिताओं के दौरान डॉ. पल्लवी सक्सेना, डॉ. विवेक सिंह पाटिल, डॉ. दीपक यादव समेत शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित रहे।

# पुवायां की छात्रा ने बनारस हिन्दू विवि में लहराया परचम

▸ **एलएलएम पहली वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया, नगर उधोग व्यापार मंडल ने मिठाई खिलाकर किया स्वागत**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर की छात्रा कल्पना शर्मा ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एलएलएम में प्रथम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त कर पुवायां का नाम रोशन किया जिसके बाद व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने छात्रा कल्पना शर्मा को मिठाई खिलाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। नगर के मोहल्ला कसभरा मिशन निवासी अभिनाश शर्मा की पुत्री कल्पना शर्मा ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में एलएलएम में प्रथम वर्ष में ही प्रथम स्थान प्राप्त करके नगर का मान बढ़ाया। जिसके बाद नगर उधोग व्यापार मंडल ने अभिनाश शर्मा के आवास पर जाकर उनकी बेटी को मिठाई खिलाफ स्वागत किया ओर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा कल्पना शर्मा ने बताया की नर्सरी से 12वीं तक कि शिक्षा नगर के लिटिल फ्लॉवर कान्वेंट स्कूल से की उसके बाद एलएलबी लखनऊ से की बाद में एलएलएम बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस बीच नगर उधोग व्यापार मंडल के अध्यक्ष के के लील, कोषाध्यक्ष मंगल मिश्रा, महामंत्री कपिल गुप्ता, मनोज गुप्ता सर्राफ, हरी श्याम गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, अतुल शर्मा, लकी गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# मोबाइल चोरी का खुलासा सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक मामले का सफल खुलासा करते हुए वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार ग्राम परसनिया निवासी रामाधार के घर में घुसकर अज्ञात चोर द्वारा दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए गए थे। घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी।जांच के दौरान पुलिस ने शाहबाद बॉर्डर पर हरदोई की ओर सड़क के पास से अभियुक्त दीपक पुत्र संजय निवासी ग्राम कालागाढ़ा थाना शाहबाद जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक सैमसंग और एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद हुआ।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि चोरी के समय घर का एक व्यक्ति जाग गया था। घबराहट में वह छत से कूद गया जिससे उसके पैर में चोट लग गई। पहचान उजागर होने के डर से वह मोबाइल फोन लेकर बाहर जाने की फिराक में था तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# ग्राम्य विकास निनिस्ट्रियल एसोसिएशन की बैठक विकास भवन में संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम्य विकास निनिस्ट्रियल एसोसिएशन की बैठक विकास भवन स्थित संघ कार्यालय में आयोजित की गयी। शिवशंकर सक्सेना, संरक्षक, अमित कुमार जिलाध्यक्ष द्वारा कार्यकारिणी बैठक प्रारम्भ की गयी ओमकार महामंत्री द्वारा बैठक का

संचालन कर एजेण्डा पढ़कर सुनाया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष अमित कुमार ने 10 जनवरी 2026 को होने वाले प्रान्तीय अधिवेशन के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए प्रान्तीय अधिवेशन में साथियों से उपस्थित होने हेतु आग्रह किया तथा प्रान्तीय अधिवेशन हेतु जनपद से अधिवेशन शुल्क के रूप में मांगी धनराशि के सम्बन्ध में राय ली गयी कि अधिवेशन के लिए कितनी धनराशि कर्मचारियों से ली जाए, 300 रूपये निर्धारित करते हुए अधिवेशन से पूर्व जमा करने की अपेक्षा की गयी तथा कर्मचारियों से सदैव की तरह एकजुटता एवं संगठन के प्रति समर्पित रहने का अनुरोध किया गया। महामंत्री ओमकार, महामंत्री आभार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रति पूर्व की भाँति पूर्ण निष्ठा एवं एकजुटता बनाये रखने का अनुरोध किया।वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामजी गुप्ता द्वारा चतुर्थ श्रेणी से लिपकीय सवर्ग में पदोन्नति कराये जाने तथा विकास भवन के प्रथम तल पर पानी की व्यवस्था कराये जाने हेतु प्रभावी कार्यवाही हेतु कहा गया। वरिष्ठ सहायक मुश्ताक अहमद ने कहा कि विकास भवन के मुख्य द्वार पर लगा बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम जोकि कर्मचारियों के लिए काफी हितकर था परन्तु काफी समय से खराब है, जिसे ठीक कराये जाने हेतु सक्षम स्तर पर अनुरोध किया जाए। किया। किरन श्रीवास्तव ने कहा कि विगत काफी समय से वरिष्ठ सहायक की पदोन्नति प्रधान सहायक के पद पर लंबित है जिसके सम्बन्ध में सदन के समक्ष आया कि उर्दू अनुवादक सह वरिष्ठ सहायक तथा सामान्य संवर्ग के लिपकीय कर्मचारियों का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण पदोन्नति की कार्यवाही अभी तक नहीं हुई है। जिसकों निस्तारण हेतु सम्बन्धित याचिकाकर्ता मुश्ताक अहमद एवं उमेश सिंह राना ने विचार प्राप्त किये, जिस पर दोनो द्वारा सकारात्मक रूख अपनाते हुए अपनी ओर से यथा आवश्यक लिखित सहमति प्रकरण के निस्तारण हेतु देने के लिए कहा गया है जिस पर सदन में दोनो का आभार व्यक्त किया। शैलजा शुक्ला, प्रशासनिक अधिकारी के साथ रश्मि, वरिष्ठ सहायक, किरन श्रीवास्तव द्वारा विकास भवन के प्रथम तल के पूर्व दक्षिण दिशा के मरम्मत कराये जा रहे शौचालय के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराकर शौचालय चालू कराने का अनुरोध किया गया। अंकुश ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से सदस्यता शुल्क एवं पूर्व के अधिवेशन शुल्क का विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें काफी सदस्यों द्वारा सदस्यता शुल्क एवं अधिवेशन शुल्क की प्राप्ति न होना पाया गया। कोषाध्यक्ष द्वारा सदस्यता शुल्क व अन्य शुल्क की मांग नहीं की गयी है, जिसके कारण यह स्थिति है। एसोसिएशन द्वारा अंकुश कोषाध्यक्ष को अपने पदीय दायित्वों के अन्तर्गत एसोसिएशन के सभी सदस्यों से नियमित सम्पर्क कर बकाया शुल्क प्राप्त किये जाने हेतु कहा गया साथ ही समस्त कर्मचारियों से अपेक्षा की गयी कि वह निर्धारित शुल्क शीघ्र जमा कर अपनी पूर्ण सहभागिता संगठन के प्रति रखते हुए सगठन को और अधिक मजबूत बनाये। मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी से पुनः अनुरोध कर स्थाईकरण कराया जाए। इस दौरान शिवशंकर सक्सेना, अमित कुमार, ओमकार, रामजी गुप्ता, उमेश सिंह राना, श्याम किशोर शर्मा, मुश्ताक अहमद, रोली देवी, अंकुश, रश्मि सक्सेना, किरन श्रीवास्तव, शैलजा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## दो महाशक्तियों के बीच बदल रहे हैं समीकरण

अमेरिका–चीन संबंध अब एक बिल्कुल अलग स्तर पर पहुंच चुके हैं। यह अतीत की किसी आपसी समझ की वापसी नहीं है, बल्कि प्रतिस्पर्धा और सहभागिता से परिभाषित एक नया चरण है, जिसकी सबसे प्रमुख विशेषता लेन–देन पर आधारित व्यवहार है। ट्रम्प के नेतृत्व में आए उतार–चढ़ावों से निपटने में चीन असाधारण रूप से सफल रहा है। उसने ट्रम्प के तुष्टीकरण के बजाय शांत लेकिन दृढ़ तरीके से अमेरिका का सामना करना चुना और ऐसी ट्रेड–डील हासिल की, जो उसके हितों के अनुरूप है। यही कारण है कि इसी महीने जारी नई अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में चीन को आर्थिक प्रतिस्पर्धी, लगभग समकक्ष शक्ति और ऐसा देश बताया गया है, जिसे अमेरिका और उसके सहयोगियों के तकनीकी व आर्थिक इको–सिस्टम से बाहर रखने की रणनीति जरूरी मानी गई है। इस पूरे साल दोनों देश टैरिफको लेकर लंबी खींचतान में उलझे रहे। इस दौरान चीन ने अमेरिका द्वारा लगाए गए बेहद कठोर टैरिफों का डटकर सामना किया, जो एक समय 140ः तक पहुंच गए थे। सितंबर में अमेरिका ने दबाव और बढ़ाने की कोशिश करते हुए उन चीनी कंपनियों की सूची का विस्तार कर दिया, जिन्हें अमेरिका से निर्यात के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य था। इसके जवाब में चीन ने अपना 'ब्रह्मास्त्र' इस्तेमाल किया– रेयर अर्थ्स से बने उत्पादों के वैश्विक इस्तेमाल पर प्रतिबंध। इनमें कारों के पुर्जे, इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल और ऐसे कई अन्य उत्पाद शामिल हैं। 30 अक्टूबर को हुए बुसान व्यापार समझौते के जरिए दोनों पक्षों ने एक कदम पीछे हटने का फैसला किया। चीनी और अमेरिकी रुख के बीच बुनियादी फर्क यह रहा कि बीजिंग ट्रम्प के पहले कार्यकाल से ही इस टकराव की तैयारी कर रहा था। चीन अब भी उन्नत सेमीकंडक्टर्स, एयरोस्पेस उपकरण और तकनीक, उच्चस्तरीय मशीनरी व प्रिसीजन इंस्ट्रूमेंट्स तथा कुछ जैव–चिकित्सकीय और फार्मा उत्पादों के लिए रणनीतिक रूप से पश्चिम पर निर्भर है। इसके बावजूद, पश्चिम चीन पर कई अहम उत्पादों के लिए निर्भर बना हुआ है– इलेक्ट्रॉनिक सामान और उसके घटक, इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरियां, दवाओं के कच्चे रसायन और सबसे महत्वपूर्ण, रेयर अर्थ्स और मैग्नेट। हकीकत यह है कि पिछले 20 वर्षों में ईयू और अमेरिका की उन वस्तुओं पर निर्भरता काफी बढ़ी है, जिन्हें वे मुख्य रूप से चीन से मंगाते हैंय जबकि चीन ने अमेरिका और ईयू के उत्पादों पर अपनी निर्भरता घटा दी है। 2022 में अमेरिका 5,000 से कुछ अधिक उत्पाद श्रेणियों में से 532 में चीन से आयात पर भारी रूप से निर्भर था, जो 2000 की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है। जबकि इसी अवधि में चीन ने उन उत्पादों की संख्या लगभग आधी कर दी, जिनके लिए वह अमेरिका पर निर्भर था– 116 से घटकर 57। अमेरिका के पास आज के चीन को एक राजनीतिक और आर्थिक समकक्ष– एक औद्योगिक महाशक्ति– के रूप में देखने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। बेशक चीन की अपनी कमजोरियां हैं, जनसांख्यिकीय चुनौतियां और एक अव्यवस्थित राजकोषीय स्थिति, जिसने उसकी आर्थिक गति को प्रभावित किया है। चीनी नेतृत्व संभवतः भीतर की ओर अधिक ध्यान दे रहा है और वैश्विक साम्राज्यवादी वर्चस्व के बजाय चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सर्वोच्चता बनाए रखने पर केंद्रित है।

# आस्ट्रेलिया पर आतंकी हमला



**बता दें कि बोंडी बीच इलाका, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े यहूदी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां करीब 40,000 यहूदी रहते हैं। हनुक्का उत्सव के पहले दिन आयोजित इस समुद्र-तटीय कार्यक्रम में करीब 1,000 लोग मौजूद थे। यानी आतंकी जानते थे कि किस वक्त हमला करके सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इस हमले के बाद फिलीस्तीन में किए जा रहे अपने आक्रमण को न्यायोचित ठहराने का मौका मिल गया है। हालांकि नेतन्याहू इस तथ्य को अनदेखा कर रहे हैं कि गजा में मासूमों की जान लेने की कीमत दुनिया भर में उन यहूदियों को चुकानी पड़ रही है, जो शांति से अपना जीवन गुजार रहे हैं।**

आस्ट्रेलिया में हुए भयावह आतंकी हमले से एक बार फिर दुनिया सन्न रह गई है। सिडनी के बोंडी बीच पर रविवार को यहूदी पर्व हनुक्का के दौरान दो आतंकियों ने अंधाधुंध गोलियां बरसाई, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक 10 साल की बच्ची भी शामिल है, वहीं करीब 50 लोग घायल हुए हैं। दोनों आतंकी जिस तरह खुशियां मनाते लोगों पर बेरहमी से गोलियां चलाने लगे, उसने पहलगाम आतंकी हमले की खौफनाक याद दिला दी। बोंडी बीच पर दोनों आतंकियों के गोलियां बरसाते वीडियो सामने आए हैं। जिस अंदाज से उन्होंने इस हमले को अंजाम दिया है, उससे अनुमान लगता है कि उनके पास न केवल अत्याधुनिक हथियार थे, बल्कि उन्हें चलाने का बाकायदा प्रशिक्षण भी उन्हें मिला है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गोलीबारी के बाद पास की एक सड़क पर एक कार से कई इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस यानि विस्फोटक बरामद किए गए, यानी हमले की साजिश इससे कहीं ज्यादा तबाही फैलाने और ज्यादा से ज्यादा लोगों को मारने की थी। गनीमत यह रही कि आतंकियों का मंसूबा पूरा नहीं हुआ। एक आतंकी तो पुलिस की गोली से घटनास्थल पर ही मारा गया, जबकि दूसरा अभी घायल है। पुलिस के मुताबिक दोनों आतंकी बाप-बेटे थे। उनके नाम साजिद और नवीद अकरम बताए गए हैं। खबर है कि मूल रूप से ये दोनों पाकिस्तान के थे। भारत के बाद अब आस्ट्रेलिया हमले में भी पाकिस्तान का नाम आने के बाद शाहबाज शरीफसरकार और सैन्य प्रमुख असीम मुनीर की चुनौतियां बढ़ने वाली हैं, क्योंकि अब इस घटनाक्रम में ऑस्ट्रेलिया के साथ-साथ इजरायल भी जुड़ चुका है, यानी परोक्ष तौर पर अमेरिका भी जुड़ा ही हुआ है। यह हमला यहूदियों पर हुआ है, इसलिए इजरायल की स्वाभाविक तौर पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने इसे यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया आतंकवादी हमला करार दिया है, यानी आस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी माहौल बन रहा है, इसे सरकार ने भी मान लिया है।

बता दें कि बोंडी बीच इलाका, ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े यहूदी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहां करीब 40,000 यहूदी रहते हैं। हनुक्का उत्सव के पहले दिन आयोजित इस समुद्र-तटीय कार्यक्रम में करीब 1,000 लोग मौजूद थे। यानी आतंकी जानते थे कि किस वक्त हमला करके सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इस हमले के बाद फिलीस्तीन में किए जा रहे अपने आक्रमण को न्यायोचित ठहराने का मौका मिल गया है। हालांकि नेतन्याहू इस तथ्य को अनदेखा कर रहे हैं कि गजा में मासूमों की जान लेने की कीमत दुनिया भर में उन यहूदियों को चुकानी पड़ रही है, जो शांति से अपना जीवन गुजार रहे हैं।

दुनिया के कई देशों में यहूदियों और मुस्लिमों के बीच संदेह बढ़ने का माहौल बन रहा है। लेकिन ये संदेह इस तरह आतंकी हमले की शक्ल में मासूमों की जान लेगा, यह अनुमान नहीं था। नेतन्याहू ने इस हमले पर अब ऑस्ट्रेलिया की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया की नीतियां यहूदी-विरोधी आग में घी डालने का काम कर रही हैं। नेतन्याहू ने कहा, श्यहूदी-विरोध एक कैंसर है, जो तब फैलता है जब नेता चुप रहते हैं। कुछ महीने पहले मैंने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा था कि उनकी नीति, यहूदी-विरोधी आग में घी डालती है, यह आपकी सड़कों पर यहूदियों के प्रति नफरत को बढ़ावा देती है। यहूदी-विरोधियों के खिलाफ मौजूदा कमजोर रुख के बजाय उनसे ताकत से निपटना होगा। आज ऑस्ट्रेलिया में ऐसा नहीं हुआ। इसी तरह इजरायल के राष्ट्रपति इसाक हरजोग ने इस हमले को क्रूर बताते हुए कहा, हमने बार-बार ऑस्ट्रेलियाई सरकार से कार्रवाई करने और ऑस्ट्रेलियाई समाज को जकड़ रही यहूदी-विरोधी भावना की लहर से लड़ने की अपील की है। बता दें कि बीते एक साल में ऑस्ट्रेलिया में 1,600 से ज्यादा यहूदी-विरोधी घटनाएं दर्ज की गई, जिनमें दर्जनों हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं, और सैकड़ों अन्य अपमानजनक या धमकी भरे मामले शामिल हैं। अगर ऑस्ट्रेलिया सरकार ने विरोध की इस बढ़ती प्रवृत्ति पर गौर किया होता तो शायद कई मासूम जानें बच सकती थीं। ऑस्ट्रेलिया पर आतंकी हमले के बाद फिर से इस्लामिक आतंकवाद की चर्चा शुरु हो गई है। जो सिरे से गलत है। आतंकवाद को जब तक धर्म के चश्मे से देखा जाता रहेगा, उसकी जड़ तक पहुंचना संभव नहीं होगा। इस हमले पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने कड़ी निंदा करते हुए कहा कि वह हिंसा और आतंकवाद के सभी रूपों को खारिज करता है। वहीं मुस्लिम वर्ल्ड लीग ने भी सिडनी में हुए इस हमले की निंदा की है। इस्लामी संगठन ने कहा कि मुस्लिम लोग आतंकवाद और हिंसा के सभी रूपों को खारिज करते हैं। सिडनी हमले के आतंकवादियों की पहचान मुसलमान के तौर पर करने वाले यह भी देखें कि इसी हमले में अपनी जान की बाजी लगाकर एक और मुसलमान ने कई लोगों की जान भी बचाई है। जिस समय आतंकवादी गोलियां चलाए जा रहे थे, उस समय 43 साल के अहमद अल अहमद ने एक आतंकी को पीछे से पकड़कर उससे बंदूक छीन ली। इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें दिख रहा है कि एक पेड़ के नीचे खड़े होकर एक आतंकी गोलियां चला रहा था, उस समय कारों के पीछे से निकल कर अहमद बंदूकधारी की ओर दौड़ते हैं, उससे हथियार छीन लेते हैं और फिर बंदूक उसकी तरफघुमा देते हैं, जिससे हमलावर पीछे हटने पर मजबूर हो जाता है। वह पुल की तरफ बढ़ता है, इसके बाद अहमद बंदूक नीचे कर देते हैं और अपना एक हाथ हवा में उठा कर हिलाते हैं, मानो पुलिस को संदेश दे रहे हों कि वह पुलिस को दिखाना चाहते हैं कि वह हमलावरों में से नहीं हैं। कोई फिल्मी दृश्य होता तो अहमद हमलावर से छीनी हुई बंदूक से ही उसे मार देते, लेकिन आम इंसान के लिए इस तरह किसी की जान लेना संभव नहीं होता है।

## एक राजनीतिक दोराहे पर आकर खड़े हो गए हैं थरूर

**आरती जेरथ**

त्रिवेंद्रम के नगरीय निकाय चुनावों में भाजपा की चौंकाने वाली जीत शायद कांग्रेस के असंतुष्ट नेता शशि थरूर की हालिया बेचैन कोशिशों की वजह को बताती है। उन्हें संभवतः आभास हो गया था कि हवा बदल रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में वे त्रिवेंद्रम सीट पर बेहद मामूली अंतर से जीते थे। इससे पूर्व लगातार तीन चुनावों में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद पिछले साल वे भाजपा उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखरन को केवल 12,600 वोटों से हरा सके थे।

यह जीत भी थरूर को इसलिए मिली थी, क्योंकि शहर की सीमाओं के बाहर तटीय इलाकों में रहने वाले गरीब मछुआरों ने एकजुट होकर उनके पक्ष में मतदान किया था। इन नतीजों ने त्रिवेंद्रम में भाजपा की एंट्री की जमीन तैयार कर दी है, जो पिछले 45 वर्षों से वाम दलों का गढ़ रहा है। शहर के 101 वार्डों में से भाजपा ने 50 पर जीत हासिल की- पूर्ण बहुमत से सिर्फ एक सीट कम। हालांकि, भाजपा की यह जीत शशि थरूर के लिए खुशी की वजह बनने की संभावना कम ही है। उलटे, आने वाले महीनों में स्थानीय राजनीतिक समीकरणों में वे खुद को हाशिए पर पा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में अपने उच्च पद से इस्तीफा देने के बाद जिस कांग्रेस ने उनके राजनीतिक करियर को गढ़ा और संवारा, उसी के खिलाफ उनके बयानों, हाल के महीनों में प्रधानमंत्री की खुलकर की गई प्रशंसा और फिर पुतिन के सम्मान में राष्ट्रपति भवन में आयोजित भोज में शामिल होने ने उन्हें अपनी ही पार्टी में अविश्वसनीय बना दिया है। अब जब उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा का सितारा उभार पर है, तो क्या थरूर यह उम्मीद कर सकते हैं कि पिछले कई महीनों से भाजपा से मेलजोल बढ़ाने का उन्हें कोई राजनीतिक लाभ मिलेगा? त्रिवेंद्रम में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने के लिए थरूर को चंद्रशेखरन जैसी मजबूत शख्सियत से मुकाबला करना पड़ेगा। नगरीय निकाय चुनावों में पार्टी के चौंकाने वाले प्रदर्शन को भाजपा में चंद्रशेखरन की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

थरूर के अपनी ही पार्टी के खिलाफ खुले विद्रोह ने भी कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है, जबकि त्रिवेंद्रम में बढ़ते वाम-विरोधी माहौल का स्वाभाविक लाभ कांग्रेस को ही मिलना था। कांग्रेस वहां तीसरे स्थान पर रही, जबकि वाम दलों ने मुख्य विपक्षी दल की भूमिका बनाए रखी। चंद्रशेखरन पिछले कुछ वर्षों से इस संसदीय क्षेत्र को साध रहे हैं, ताकि 2029 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का टिकट हासिल कर सकें। उनके पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है, जबकि थरूर की बड़ी पूंजी भाषाई ज्ञान और वाकपटुता भर है। देखना दिलचस्प होगा कि थरूर भाजपा का टिकट पाते हैं या उसकी आंतरिक राजनीति के शिकार बन जाते हैं। वास्तव में, थरूर अब एक दोराहे पर खड़े हैं। केरल में 2026 की शुरुआत में चुनाव होंगे, जब पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम में भी चुनाव होंगे। जहां कभी थरूर को केरल में कांग्रेस की एक बड़ी ताकत माना जाता था, वहीं स्थानीय चुनावों ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि राज्य में उनकी प्रासंगिकता अब पहले जैसी नहीं रही। व्यावहारिक रूप से कांग्रेस ने थरूर के लिए अपने दरवाजे बंद कर दिए हैं। और यही उनके सामने बड़ी दुविधा खड़ी करता है।

अगर थरूर कांग्रेस में हलचल मचाने के काम नहीं आ सकते, तो क्या भाजपा के लिए भी वे उपयोगी रह पाएंगे? इसमें संदेह नहीं कि पिछले कई महीनों से भाजपा कांग्रेस को असहज करने के लिए ही थरूर का फायदा उठाती रही है। थरूर के हर बयान या लेख से पार्टी में खलबली मचती थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद सरकार के अंतरराष्ट्रीय जनसंपर्क अभियान के तहत जब उन्हें एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सौंपा गया, तो कांग्रेस को सार्वजनिक रूप से असहज होना पड़ा था। थरूर से अपने कड़वे अनुभवों के चलते पार्टी ने यह सबक सीखा है कि सबसे बेहतर रणनीति उन्हें नजरअंदाज करना है।

### विचार

# मानसिकता व कार्यक्षमता को प्रभावित करती वर्चुअल मीटिंग्स

**-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**



**वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट के अनुसार सुबह छह बजे से ही व्यक्ति अपनी ई-मेल टटोलने लगता है तो सर्वाधिक प्रोडक्टिविटि का समय 11 बजे के लगभग में काम के स्थान पर ई-मेल का प्रेशर 54 प्रतिशत तक बढ़ जाता है सायं तीन बजे बाद ई-मेल, चैट या अन्य संदेशों की आवक कम होने लगती है। वैश्विक औसत की बात की जाये तो 100 से अधिक ई-मेल से दो-चार होना पड़ता है कार्मिक को। हर दो मिनट में मेल, चैट या अन्य संदेश कार्मिक के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। इसका कारण यह होता है कि उसे कॉल, ई-मेल या संदेश चेक करने या उससे दो-चार होना ही पड़ता है। डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है।**

डिजिटल क्रांति ने कार्य दिवस के परंपरागत समय सीमा को बदल कर रख दिया है। कहने को तो छह या सात घंटे का कार्य दिवस होता है पर वर्चुअल युग में कर्मचारी 24 गुणा 7 के दौर में आ गया है। इससे कार्मिकों की मानसिकता और सामाजिक-इकोनॉमिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है। एक समय था जब शीर्ष या पहली दूसरी कतार के अधिकारियों की जिम्मेदारी अधिक होती थी और उनके लिए समय सीमा नहीं होती थी पर अब तो वर्चुअल सुविधाओं के चलते दिन हो या रात, रविवार हो या शनिवार कभी भी कहीं भी एक मैसेज मात्र से आपको एक्टिव होकर कैमरे के सामने आना पड़ता है।

दरअसल, कोरोना काल ने यह परिवर्तन दिया है। भारत सहित दुनिया के देशों में अभी भी कार्मिकों के लिए कार्य दिवस पांच या छह दिवस के हैं तो कार्यसमय भी मानने को तो सुबह 9.30 से सायं बजे 6 या दूसरे शब्दों में औसतन लगभग सात घंटे का है पर डिजिटल क्रान्ति ने सबकुछ बदल कर रख दिया है। देखा जाए तो अब असीमित कार्य दिवस का दौर आ गया है। वास्तविकता तो यह है कि डिजिटल डिवाइसों के उपयोग के बाद से कमोबेश कार्यदिवस 24 गुणा 7 हो गये हैं तो कार्य समय भी तय समय सीमा के बंधन से मुक्त हो गया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा कराये गये वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट 2025 में यह खुलासा हो गया है कि अब कार्मिक चाहे वह किसी भी स्तर का हो, उसके लिए चाहे निजी क्षेत्र में हो या सरकारी क्षेत्र में तय समय सीमा बीते जमाने की बात हो गई है। ई-मेल, चैट, वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स, सोशल मीडिया संदेश आदि को समग्र रुप से देखने से अब कार्मिक 24 घंटे का कार्मिक हो गया है।

वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट के अनुसार सुबह छह बजे से ही व्यक्ति अपनी ई-मेल टटोलने लगता है तो सर्वाधिक प्रोडक्टिविटि का समय 11 बजे के लगभग में काम के स्थान पर ई-मेल का प्रेशर 54 प्रतिशत तक बढ़ जाता है सायं तीन बजे बाद ई-मेल, चैट या अन्य संदेशों की आवक कम होने लगती है। वैश्विक औसत की बात की जाये तो 100 से अधिक ई-मेल से दो-चार होना पड़ता है कार्मिक को। हर दो मिनट में मेल, चैट या अन्य संदेश कार्मिक के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। इसका कारण यह होता है कि उसे कॉल, ई-मेल या संदेश चेक करने या उससे दो-चार होना ही पड़ता है। हालात यह है कि रात को भी ई-मेल या संदेश का सिलसिला जारी रहने से अब कार्यालयीय वातावरण से दूर परिवार के व्यैयक्तिक क्षण तो कल्पना की बात होती जा रही है। डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हालांकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है। एक और खास यह कि वर्चुअल मीटिंग्स सुविधाजनक होने और अपना संदेश संबंधित सभी तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम होने के बावजूद यह तनाव का कारण तो बनता ही है इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी प्रश्न लगाये जाने लगे हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि दस में से एक मीटिंग लास्ट टाइम बुक की जाती है तो मीटिंग्स में प्रस्तुत होने वाले पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन में मीटिंग के दस मिनट पहले तक आंशिक बदलाव या अपडेशन होता है। यह कोई किसी एक पक्ष यानी सरकारी या गैर सरकारी प्रतिष्ठान की बात या किसी देश विशेष की बात ना होकर वैश्विक वास्तविकता है। विशेषज्ञों की मानें तो अंतिम समय तक प्रजेंटेशन में बदलाव का मतलब ही यह है कि गुणवत्ता कहीं ना कही प्रभावित हो रही है। वैश्विक आंकड़े तो यही कहते हैं कि अंतिम समय में पीपीटी में अपडेशन या संशोधन में 122 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्चुअल मीटिंग का सिलसिला दरअसल कोरोना महामारी के दौर से अधिक सामने आया है और इसे समय और धन बचाने में सहायक माना जाता है पर मीटिंग्स के दौर जिस तरह से बढ़ने लगे हैं उससे कार्मिक सूचनाएं संग्रहित करने और उसमें अपने बचाव के उपाय खोजने में ही अपनी अधिकांश कार्यक्षमता व्यय कर देता है।



## राशिफल

**मेषः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। संवेदनशील मन पुरानी मर्मस्पर्शी घटनाओं से ओतप्रोत होगा।

**बृषभः-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। भौतिकता से प्रभावित मन अभाव की अनुभूति से दुखित होगा।

**मिथुनः-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। मांगलिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में सम्मलित होंगे।

**कर्कः-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंहः-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्याः-** वाणी पर नियंतण्ररखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा।

**तुलाः-** आपकी महत्वाकांक्षाए सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे। परिजनों के दुख-सुख के प्रति चिंतित होंगे।

**वृश्चिकः-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा। मन लक्ष्य के प्रति केंद्रित होने में असमर्थ होगा।

**धनुः-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईष्याभाव रखना ठीक नहीं है।

**मकर :-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा।

**कुंभः-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा।

**मीनः-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव।

# सनातन का विरोध ही सेक्युलर राजनीति है ?

**मृत्युंजय दीक्षित**

**विधायक हुमायूं कबीर ने बाबर के नाम की मस्जिद की आधारशिला रखी और प्रशासन चुपचाप खड़ा रहा क्योंकि इस हरकत को मुख्यमंत्री का मौन समर्थन था। उसकी देखा-देखी बिहार और तेलंगाना में भी कुछ कट्टरपंथी मौलानाओं ने बाबरी नाम की मस्जिद व स्मारक बनाने का ऐलान करके साप्रंदायिक तनाव बढ़ाने का काम आरम्भ कर दिया है। इस बाबरी भूत को वह सभी दल प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं जिनकी राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण से चलती है और जो संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया सपरिवार शौर्य दिवस को सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ा कर हिन्दुओं को चिढ़ाते दिखे। सपा मुखिया का तुष्टिकरण में संलिप्त यह कृत्य जनता समझ रही है। सपा मुखिया समय-समय पर ऐसे बयान देते रहते हैं जिससे सनातन हिन्दू समाज आहत हो।**

भारत विभाजन के साथ मिली स्वाधीनता से कोई सबक न लेते हुए भारत की राजनीति आज तक तुष्टिकरण के आधार पर चलती रही है। मुस्लिम वोटबैंक को प्रसन्न करने के लिए बिहार का मुख्यमंत्री रहते तथाकथित समाजवादी लालू प्रसाद यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को जेल में डाल दिया, उससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मुलायम सिंह ने निहत्थे रामभक्तों को गोलियों से भुनवा दिया, कांग्रेस साम्प्रदायिक हिंसा बिल ले आई। वो तो भला हो उस समय विपक्ष में होने के बाद भी भाजपा ने इसे पारित होने से बचा लिया। मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण ही पाकिस्तान को सटीक उत्तर देने की जगह अमन का तमाशा किया जाता रहा। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए भारत की सनातन संस्कृति को अनेकानेक प्रकार से चोट पहुंचाई जाती रही। वर्ष 2014 में केन्द्रीय नेतृत्व प्रदान करते हुए नरेन्द्र मोदी ने तुष्टिकरण के कारण सनातन संस्कृति को हुई क्षति की भरपाई के प्रयास शुरू किए।

बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दल अधिक कटु होकर सनातन हिंदू धर्म पर प्रहार कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी दो दिवसीय भारत यात्रा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीमद्भगवद्गीता का रूसी अनुवाद भेंट किया। इसको देखकर कांग्रेस और वामपंथी दलों ने न केवल प्रधानमंत्री वरन श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते हुए इसका विरोध किया। कांग्रेसियों ने गीता के लिए मूल शब्द का प्रयोग किया जो एक अक्षम्य अपराध है। वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं, अतः इन दो प्रान्तों में सनातन प्रतीकों तथा हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य भी सबसे अधिक और सबसे तेजी से हो रहा है। पश्चिम बंगाल में वहां के तृणमूल

विधायक हुमायूं कबीर ने बाबर के नाम की मस्जिद की आधारशिला रखी और प्रशासन चुपचाप खड़ा रहा क्योंकि इस हरकत को मुख्यमंत्री का मौन समर्थन था। उसकी देखा-देखी बिहार और तेलंगाना में भी कुछ कट्टरपंथी मौलानाओं ने बाबरी नाम की मस्जिद व स्मारक बनाने का ऐलान करके साप्रंदायिक तनाव बढ़ाने का काम आरम्भ कर दिया है। इस बाबरी भूत को वह सभी दल प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं जिनकी राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण से चलती है और जो संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया सपरिवार शौर्य दिवस को सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ा कर हिन्दुओं को चिढ़ाते दिखे। सपा मुखिया का तुष्टिकरण में संलिप्त यह कृत्य जनता समझ रही है। सपा मुखिया समय-समय पर ऐसे बयान देते रहते हैं जिससे सनातन हिन्दू समाज आहत हो।

महाकुंभ से लेकर लेकर अयोध्या के दीपोत्सव तक उन्होंने हिन्दू परम्पराओं का उपहास करते हुए उन्हें ढोंग बताया। वहीं, कांग्रेस ने तो हिंदू सनातन आस्था के सभी केन्द्रों का अपमान करने की सुपारी ही ले रखी है। कर्नाटक में तो मुस्लिम तुष्टिकरण का खुला खेल चल ही रहा है। हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू की कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार को हिंदू बच्चों के राधे-राधे बोलने पर आपत्ति है। तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी लगातार सनातन और हिंदुओं के विरुद्ध आग उगल रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने हिंदुओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि हर व्यक्ति और हर काम के लिए एक अलग भगवान होता है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा हिंदू कितने भगवानों को मानते हैं? तीन करोड़ हैं, इतने सारे क्यों हैं? जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए एक भगवान है -हनुमान, जो लोग दो शादी करते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं और जो लोग शराब पीते हैं- मुर्गा खाते हैं, उनके लिए अलग भगवान हैं। हर ग्रुप का अलग भगवान है। रेड्डी के बयान से हिंदुओं की भावनाओं का आहत होना स्वाभाविक था । हिंदू संगठनों ने मुख्यमंत्री से माफी मांगने को कहा किंतु मुस्लिम परस्त रेवंत रेड्डी अपने बयान पर कायम हैं। उधर, तमिलनाडु में भगवान मुरुगन के मंदिर में दीप जलाने को लेकर द्रमुक सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए न्यायालय की भी अवहेलना कर रही है। तमिलनाडु से ही हिन्दू और सनातन समाज को डेंगू-मलेरिया जैसे रोगों की संज्ञा दी जाती रही है। आश्चर्य की बात ये है कि सनातन हिन्दू धर्म का अपमान करने वाली इस राजनीति को सेक्युलर कहा जाता है। छद्म धर्मनिरपेक्षता का ये खेल लम्बा चल चुका है, अब इसे समाप्त होना ही होगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# कलेक्ट्रेट में डीएम ने की जनसुनवाई

**91 शिकायतें प्राप्त हुईं, अधिकांश का त्वरित निराकरण**

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए जनसुनवाई में लगभग 91 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/ जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल

**हमीरपुर।** बढ़ती शीत लहर और ठंड के दृष्टिगत, द्वारा जनता दर्शन के दौरान जन-सामान्य की समस्याएं सुनी गई और मौके पर उपस्थित जरूरतमंद एवं असहाय फरियादियों को ठंड से बचाव हेतु कम्बल वितरित किए गए जनता दर्शन में आई शीतलपुर निवासी राजदुलारी तथा शांति, कजियाना निवासी देवंती और वर्मा का डेरा निवासी गुड्डी को कम्बल प्रदान किया।



## घर के सामने आलाव ताप रहे युवक को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में घर के दरवाजे अलाव ताप रहे युवक को पड़ोसियों ने दौड़ा-दौड़ा कर गाली गलौज करके जमकर पीटा। युवक ने चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। टेढ़ा निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वह 13 दिसंबर को सुबह घर के बाहर अलाव ताप रहा था तभी पड़ोसी मुन्ना खंगार, ज्ञान सिंह, विनोद, सीमा आए और गाली गलौज करके मारपीट करने लगे। बचाव में उसने भागने की कोशिश की तो उसे खड़ंजे में चारो ने लाठी डंडों से दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जिससे गंभीर चोटें लगी है। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## खबरें एक नजर में

### ग्रापए ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक को सौंपा



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष के आवाहन पर मंगलवार को तहसील अध्यक्ष की अगुवाई में सात सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित सदर विधायक को सौंपा गया। ज्ञापन में सभी संवाददाताओं को तहसील स्तर पर मान्यता देने, जिले के अलावा मंडल एवं तहसील में स्थाई समिति की बैठक कराने, आयुष्मान कार्ड बनाने, परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा, प्रदेश स्तर की मान्यता एवं विज्ञापन समिति में ग्रापए के दो सदस्यों को शामिल करने, लखनऊ में कार्यालय की मांग, पत्रकारों के विवाद में राजपत्रित अधिकारी की जांच के बाद मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मनोज त्रिपाठी, मंडल उपाध्यक्ष मुनीर खान, जिला महासचिव नंदकिशोर यादव, संतोष चक्रवर्ती, तहसील अध्यक्ष जितेंद्र यादव, महासचिव हरीशराज चक्रवर्ती, हिमांशु गुप्ता, सोनू चौधरी, सुबोध गुप्ता, हर्षित गुप्ता, सुनील प्रजापति, दीपक खंगार, महेश गुप्ता दीपू आदि शामिल रहे।

### सर्दी का सितम बढ़ा नगर पंचायत के अलाव गायब, ईओ का दावा शाम को जलते है अलाव



**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** सर्दी का सितम बढ़ने के बाद भी नगर पंचायत के अलाव गायब हैं। मंगलवार को तड़के की गई पड़ताल में कस्बे के प्रमुख स्थानों में अलाव नजर नहीं आए। राहगीर घास फूस जलाकर सर्दी से बचाव की कोशिश करते नजर आए। उधर भीषण कोहरे के चलते हाईवे सहित सभी प्रमुख मार्गों में वाहन रेंगते दिखे। स्कूली बच्चे सभी प्रमुख चौराहा में खड़े होकर ठंड से सिकुड़ रहे थे। मंगलवार को तापमान 10 डिग्री रहा मंगलवार को सुबह 7:00 बजे कस्बे के बस स्टैंड, देवगांव चौराहा, रेलवे स्टेशन, कमलेश तिराहा, थाना चौराहा, सब्जी मंडी चौराहा, पशु बाजार चौराहा, नेहा चौराहा, इमलिया तिराहा, ब्लॉक कार्यालय आदि प्रमुख जगहों पर जलने वाले अलाव गायब रहे। राहगीर घास फूस पत्री आदि जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए। सभी प्रमुख चौराहों पर स्कूली बच्चे ठंड से सिकुड़ते नजर आए। भीषण कोहरे के चलते वाहन रेंगते दिखे। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य का दावा है कि कस्बे में शाम को स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे है। कहा कि शीत लहर बढ़ने पर इनकी संख्या बढ़ाई जाएगी।

### श्रीरामजनकी मंदिर में नेत्र शिविर का आयोजन



**कुरारा, हमीरपुर।** विकासखंड क्षेत्र के पतारा गांव स्थित श्री राम जानकी मंदिर लालदास बाबा आश्रम में नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 48 लोगों की आंखों की जांच की गई। नेत्र परीक्षण में सात लोगों को मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। इनको आपरेशन के लिए कानपुर भेजा जाएगा। गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा मंडल महामंत्री दिनेश द्विवेदी ने बताया कि गांवके लोगो को सहायता के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया था। स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आयुष्मान मित्र मनीष द्वारा 23 पात्र ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी गणेश तिवारी बघरौली, अहिवरन सिंह आदि ने सहयोग किया।

### यातायात पुलिस ने घने कोहरे में सड़क दुर्घटना से बचने को वाहनों पर लगाये रिफ्लेक्टर



**मौदहा(हमीरपुर)** यातायात पुलिस ने आइसर कामद ट्रेक्टर एजेंसी के सहयोग से कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहनों पर रेडियम रिफलेक्टर लगवाए। वाहन चालकों को सर्दी में सावधानी से वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। रिफ्लेक्टर लगाने की सलाह दी गई ताकि दृश्यता की कमी से होने वाली दुर्घटनाओं से बचा जा सके। नेशनल हाईवे में मंगलवार को यातायात पुलिस ने कोहरे में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहनों रेडियम रिफ्लेक्टर लगवाए। वाहन चालकों को सर्दी के मौसम में सावधानी पूर्वक वाहन चलाने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने कस्बे के बड़े चौराहे, बांदा रोड़ मलीकुआ चौराहे पर वाहनों के पीछे लाल पीले और सफेद रंग के रिफ्लेक्टर रेडियम स्टीकर लगवाए। वाहन चालकों को जागरूक करते हुए कहा कि कोहरे में दृश्यता कम होने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। इससे बचने के लिए रिफ्लेक्टर रेडियम स्टीकर अवश्य लगवाएं। इस मौके पर यातायात के वीरेन्द्र कुमार व कामदगिरि ट्रैक्टर एजेंसी के संतोष कुमार गुप्ता, हर्ष, कुलदीप त्रिपाठी मौजूद रहे।

### चिकित्सक ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



**कुलपहाड़/महोबा।** स्वास्थ्य केन्द्र जैतपुर में कार्यरत चिकित्सक की ईमानदारी की सभी लोग सराहना कर रहे हैं जब उन्होंने एक मरीज व्यक्ति का रुपयों से भरा बैग सकुशल वापस किया। बताया जाता है कि मोहनलाल निवासी खिरिया कला जिनकी उम्र 80 साल स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर इलाज कराने आए थे डॉक्टर आशीष तिवारी ने इलाज किया इलाज के बाद मोहनलाल अपना पैसों से भरा बैग छोड़कर घर चले गए अचानक से डॉक्टर आशीष तिवारी की बैग पर नजर पड़ी। डॉक्टर आशीष तिवारी द्वारा बैग की तलाशी ली गई बैग में पड़े रु.3000 और बैंक की किताब थी। डॉक्टर द्वारा मोहन लाल को फोन के माध्यम से जानकारी दी गई मोहनलाल अपने घर से वापस अस्पताल पहुँचा जहाँ डॉक्टर आशीष तिवारी ने उनको पैसे से भरा बैग सौंप दिया।

### राजस्व निरीक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



**महोबा।** आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद लखनऊ एवं मण्डलायुक्त के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत रबी 2025-26 मौसम में सीसीएग्री एप एवं जीसीईएस एप के माध्यम से क्राप कटिंग कराये जाने के सम्बन्ध में जनपद के तीनों तहसीलों के समस्त राजस्व निरीक्षकों को कलेक्ट्रेट सभागार में रूपेश कुमार गुरंग, मण्डलीय सांख्यिकीय अधिकारी व लालता प्रसाद यादव, अपर सांख्यिकी अधिकारी एवं मनीष कुमार यादव, वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी एनएसएसओ झांसी की उपस्थिति में समस्त राजस्व निरीक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### उपकारागार ने निरीक्षण कर बंदियों से की बातचीत

**महोबा।** उपकारागार में बंदियों को बात कर उनकी समस्याओं को सुनकर विधिक सहायता मुहैया कराने के लिए जागरूक किया गया। बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की जानकारी हासिल कर बंदियों की नियमित जांच कराने के निर्देश दिए गए। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव तेन्द्र पाल ने उपकारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बंदियों से बात कर फीडबैक लिया गया। उपकारागार में निरुद्ध बंदियों को विधिक कानूनी सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए गए। बंदियों की जमानत के प्रार्थना पत्रों को समय से न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कहा कि गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले बंदियों को कानूनी सहायता मुहैया कराने के लिए अधिवक्ता नियुक्त कराएं जाएं। बंदी टिंकू बाबा और राजेंद्र नायक ने जमानतदार के अभाव की समस्या को उठाया। बंदी अकरम ने भी समस्या उठाई। सफाई व्यवस्था को बेहतर करने और बंदियों कोसर्दी से बचाव के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिए। जेलर प्रिय कुमार मिश्रा ने बताया कि 323 बंदी निरुद्ध है। जिसमें से विचाराधीन बंदियों की संख्या 275 एवं दोषसिद्ध बंदियों की संख्या 48 है। बंदियों को दिए जाने वाले नाश्ता और भोजन के बारे में भी जानकारी हासिल की। बताया कि सुबह बंदियों को नाश्ता में गुड़ चना दिया गया दोपहर को दाल, आलू की साग रोटी दी गई है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउसिल सिस्टम के चीफ रामऔतार सिंह, डिप्टी रामनरेश, असिस्टेंट योगेंद्र सिंह , डॉ राजेश भट्ट, डॉ योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया

**मौदहा(हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव में घर में घुस कर युवती से दुष्कर्म का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव के युवक अताउद्दीन पुत्र बच्चा लम्बरदार ने गाँव की 22वर्षीय युवती के घर में घुसकर दुष्कर्म को अंजाम दिया युवती के भाई ने विरोध किया तो भाई के साथ लात घूसों से मारपीट कर की सोमवार को पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर घटना के बारे में बताया जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए आरोपी अताउद्दीन के खिलाफ एस सी, एसटी दुष्कर्म महिला उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। कोतवाली प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

## कस्बे को प्रस्तावित ग्रीन फील्ड हाईवे से जोड़ने के लिए व्यापार मंडल ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



प्रस्तावित ग्रीन फील्ड हाईवे से कस्बे की उद्योग नगरी को जोड़ने की मांग करते हुए व्यापार मंडल ने सदर विधायक को ज्ञापन सौंपा है। सदर विधायक ने व्यापारी नेताओं को आश्वस्त किया है कि वह केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री से मिलकर समस्या का निदान कराएंगे। कानपुर से लेकर महोबा जिले के कबरई कस्बे तक बनने वाले ग्रीन फील्ड हाईवे के निर्माण को हरी झंडी राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में प्रदान दी है। यह प्रस्तावित राजमार्ग अप्रैल से बनना शुरू होगा। इस हाईवे में उतरने चढ़ने के लिए एप्रोच मार्ग मुख्यालय की कुछेछा के पास दिया गया है। जबकि कस्बे में उद्योग नगरी के साथ अन्य कई बड़े व्यापार संचालित है। जिससे दूसरे प्रांत के लोगों के साथ गाड़ियों की आवाजाही होती है। लेकिन कस्बे को इस हाईवे से नहीं जोड़ा जा रहा है। इसी के मद्देनजर नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू के नेतृत्व में व्यापारी नेताओं ने सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति को ज्ञापन सौंप कर कस्बे की उद्योग नगरी को फोरलेन हाईवे से जोड़ने की मांग की है। सदर विधायक ने व्यापारी नेताओं को आश्वस्त किया है कि वह केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मिलकर समस्या से अवगत कराकर कस्बे को प्रस्तावित फोर लेन हाईवे से जुड़वाने का कार्य करेंगे। ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के चेयरमैन अनुज शिवहरे, महामंत्री श्यामलाल गुप्ता, विजय उर्फ कल्लू चौरसिया, अनिल परनामी, रामजी मिश्रा, शिवनारायण धुरिया, गुड्डू गुप्ता आदि शामिल रहे।

## एक-दूसरे पर शक का अंत मौत

**मां की मौत, हत्यारे पिता के जेल जाने से मासूम हुआ बेसहारा**

भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर

शादी के बाद से ही एक-दूसरे पर बढ़ा शक मौत के मंजर के साथ समाप्त हुआ। इस शक में 3 वर्षीय पुत्र बेसहारा हो गया। मां की मौत हो गई और पिता जेल चला गया है। मृतका के पिता ने दामाद के खिलाफ पुत्री की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बांक गांव निवासी अर्चना कुशवाहा की शादी 5 वर्ष पूर्व जालौन जनपद के रामपुरा थाना क्षेत्र के छेवना गांव निवासी धर्मेंद्र कुशवाहा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दोनों एक दूसरे पर शक करने लगे और 2 वर्ष के अंदर इनमें अलगाव हो गया। इसी बीच इनके एक पुत्र रेहान 3 वर्ष हुआ। पति से मनमुटाव बढ़ने पर अर्चना पुत्र को लेकर मायके आ गई और पिछले तीन वर्षों से मायके पर ही रह रही थी और अदालत में भरण पोषण का वाद दायर कर रखा था। सोमवार को मायके में अर्चना घर पर अकेली थी। माता-पिता भाई खेतों में थे तभी धर्मेंद्र ससुराल पहुंचा और अर्चना की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देकर भागते समय ग्रामीणों ने धर्मेंद्र को दबोच लिया। अर्चना के पिता रामदास ने आरोप लगाया है कि दामाद पुत्री के चाल-चलन पर शक जाहिर करके प्रताड़ित करता था। इसी प्रताड़ना से तंग आकर वह मायके आ गई थी। दामाद ने आकर हत्या की है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दामाद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके हिरासत में लिया है। शक का इतना खौफनाक अंत होगा किसी ने नहीं सोचा था और एक दूसरे पर किए गए शक में पत्नी जान से हाथ धो बैठी पति जेल चला गया और तीन वर्ष का रेहान बेसहारा हो गया।

## चौपहिया वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**महोबा।** सोमवार की रात्रि में मुख्यालय स्थित रोडवेज बस अड्डा के सामने चौपहिया वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताते चलें कि शहर के धुबियाना मुहाल निवासी 45 वर्षीय महेश पुत्र गोकुल श्रीवास सोमवार को रात्रि में रोडवेज बस स्टैंड से वापस घर जा रहा था। आरोप है कि अनियंत्रित गति से आई चौपहिया गाड़ी ने राहगीर महेश की टक्कर मार दी। टक्कर से वह लहूलुहान हो गया और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर चले इलाज के बाद महेश की मौत हो गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचित किया। आज मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक महेश अपने पीछे तीन पुत्र व दो पुत्री तथा पत्नी पिंकी को रोता बिलखता छोड़ गया है। वहीं मृतक चार भाई है,सबसे बड़ा मृतक महेश ही था,इसके बाद राजू,उमेश और सोनू है। पुलिस ने वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

## ऑटो चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**चरखारी/महोबा।** कोतवाली के गौरहरी गांव निवासी नूर खां ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि पिछले दो दिन से नूर खां परेशान था। सोमवार को शाम को घर आने के बाद ऊपर कमरे में सोने की बात कहकर चला गया। मंगलवार को जब सुबह काफी देर तक कमरा से कोई आहट न मिली तो परिजन गए और देखा तो कमरा बंद था। दवाजा खटखटाने के बाद भी कोई आहट न आने पर दरवाजा तोड़ा तो शव फांसी के फंदे से लटक रहा था जिसे देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी बृजकिशोर ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी नाजमा मायके में रहती थी जिससे वह परेशान चल रहा था। पुलिस का कहना है कि परिजनों के द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिली तो जांच करा कार्रवाई की जाएगी।

## एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बारहवीं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



बारहवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि इस वर्ष की बारहवीं जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा मेसर्स-जय बिल्डर्स, कानपुर को रानी लक्ष्मीबाई तिराहे पर टेबल टॉप ब्रेकर बनाये जाने तथा एनएचएआई कानपुर/मेसर्स-जय बिल्डर्स कानपुर को यमुना/बेतवा पुल/लक्ष्मीबाई तिराहा एवं राठ तिराहे पर हाई मास्ट लाईट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा जिलाधिकारी को बैठक में Hit and Run के सम्बन्ध में अवगत कराया कि कोई भी प्रकरण नहीं आ रहे है इस बैठक में- जिलाधिकारी/विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/ दघपाल सिंह वर्मा, अधिशासी अभियन्ता/अभिताभ राय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)/लेखराज सिंह, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, चन्दन पाण्डेय, यात्री एवं मालकर अधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## उदासीनता के चलते कबाड़ में तब्दील हो रहे कृषि यंत्र

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।




क्षेत्र के किसानों को कृषि के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए शासन द्वारा फॉर्म कृषि संयंत्र उपलब्ध कराई जाते हैं ताकि किसान किराए पर यंत्र ले जाकर अपने खेत में जुताई बुवाई फसल कटाई कर सके कुलपहाड़ वी पेक्स में ऐसे यंत्र को लापरवाही के साथ रखकर कबाड़ बनाया जा रहा है।

कृषि और किसानों को लेकर शासन द्वारा लगातार योजनाएं बनाई जा रही है ताकि लोग कृषि क्षेत्र से जुड़ सकें और अपनी आय दुगनी कर सके फॉर्म कृषि योजना के अंतर्गत महोबा जिले की कई बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियो बी पैक्स को कृषि यंत्र उपलब्ध कराये गये है ताकि जो किसान महंगे कृषि यंत्र नहीं खरीद सकते वह नाम मात्र के किराए पर कृषि संबंधी यंत्र से जुताई, बुवाई, कटाई, मढ़ाई का कार्य कर सकें, लेकिन कुलपहाड़ वी पेक्स में लापरवाही का आलम यह है कि कृषि यंत्र जो इसी वर्ष आए हैं उन्हें आग के हवाले किया जा रहा है जिससे लाखों रुपए के कृषि यंत्र कबाड़ में बदल रहे हैं वही जिम्मेदार सचिव इसको लेकर जिम्मेदारी नहीं उठा रहे हैं।

## श्रीराम कथा में सीता स्वयंवर में झूमें भक्त

महोबा, समृद्धि न्यूज।

वीर भूमि में चल रही श्रीराम कथा में सीता स्वयंवर की कथा का भक्तों को रसपान कराया जा रहा है। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ जुट रही है। कथा व्यास ने कहा कि गुरु और माता पिता की सेवा करने वाले सफलता हासिल कर नाम रोशन करते है। शहर के डाक बंगला में राम कथा चल रही है। मंगलवार को कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम ने गुरु के साथ जनकपुरी पहुंचें। जीवन में कोई भी काम करें तो गुरु की आज्ञा मानकर करें तो सफलता मिलना तय है। धनुष यज्ञ के प्रसंग पर कहा कि दूर दूर से आए बलवान राजा धनुष का हिला तक न सके। बाद भगवान श्रीराम ने क्षण भर में धनुष को तोड़ दिया। धनुष टूटने की लीला में भक्त खुशी से झूमने लगे। कथा में लक्ष्मण परसुराम संवाद की भी प्रस्तुति की गई। अयोध्या से बारात आने और जानकी की विदाई की लीला का सुंदर वर्णन किया गया। कहा कि बेटियां घर की लक्ष्मी होतीं है। जब बेटी विदा होती है तो कठोर से कठोर दिल के इंसान का भी दिल पिघल जाता है। बाप बेटी का रिश्ता संसार में सबसे पवित्र रिश्ता बनाया गया है। बेटियां की शिक्षा सहित उनके विकास पर जोर दिया गया। कथासुनने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट रही है।

## चिटफंड कंपनी के द्वारा धोखाधड़ी के मामले में 6 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**महोबा।** चिटफंड कंपनी के द्वारा धोखाधड़ी कर उपभोक्ताओं की रकम ठगने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जाँच शुरु कर दी है। पूर्व में भी एलयूसीसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो चुका है। पुलिस ने मामले की जाँच तेज कर दी है। जिले से लोगों का पैसा लेकर चिटफंड कंपनी लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिफ्ट कोआपरेटिव सोसाइटी पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। बता दें कि पूर्व में कंपनी के प्रमोटर श्रेयस तलपड़े सहित 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। बिलबई निवासी पीड़ित बालकिशन, पनवाड़ी निवासी रामसिंह राजपूत, बेलाताल निवासी विनोद सोनी, असलम मंसूरी आदि ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एलयूसीसी में खुद और अपने रिश्तेदारों का पैसा जमा कराया। कंपनी के द्वारा निवेश करने पर अच्छे मुनाफा का झांसा दिया गया। असलम मंसूरी ने 4 लाख, मोहम्मद यूनस 3 लाख, सराफराज मंसूरी 20 लाख, मोहम्मद साहिद 4 लाख, हैदर हुसैन 5 लाख, सुहेल अली 5 लाख, बालकिशन एक लाख, गुलाब नबी एक लाख मोहम्मद इसरान दो लाख, सईम खान दो लाख, रहीस खान 20 लाख, गनेश एक लाख, संतोष नामदेव दस लाख, रामसिंह राजपूत 15 लाख, विनोद सोनी 20 सोनी द्वारा कंपनी में विभिन्न योजनाओं में जमा किए गए। बाद में कंपनी लोगों का पैसा लेकर चंपत हो गई। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने समीर अग्रवाल, पत्नी सानिया अग्रवाल, संजय मुदगिल, आर के शेट्टी, सबाब हुसैन, निसार अली, सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करते हुए मामले की जाँच तेज कर दी है।

## अनशन के छठे दिन बुंदेलखंड किसान यूनियन का अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त

पनवाड़ी, महोबा

**एडीएम महोबा ने शरबत पिलाकर तुड़वाया अनशन, 15 दिन में मांगें पूरी करने का आश्वासन**




अम्बेडकर पार्क पनवाड़ी में बुंदेलखंड किसान यूनियन द्वारा किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन अनशन छठे दिन प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो गया। महोबा अपर जिलाधिकारी (एडीएम) एवं अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह द्वारा शरबत पिलाकर अनशन तुड़वाया गया। अनशन स्थल पर एडीएम महोबा, अपर एसपी वंदना सिंह, उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. पंकज कुमार तिवारी एवं राष्ट्रीय प्रभारी बालाजी से वार्ता की। शासन-प्रशासन द्वारा किसानों की मांगों को 15 दिनों के भीतर पूरा करने का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद यूनियन ने धरना-प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की। इस दौरान यूनियन के राष्ट्रीय प्रभारी बालाजी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि तय समय सीमा में मांगें पूरी नहीं हुई तो किसान पुनः अनिश्चितकालीन अनशन एवं आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड का किसान बीते 22 वर्षों से लगातार सूखा, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि जैसी दैवीय आपदाओं से जूझ रहा है और आज मरणासन्न स्थिति में पहुंच चुका है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक उदासीनता बनी हुई है।

यूनियन नेताओं ने प्रशासन के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें- (1) जिन वास्तविक किसानों की फसल बीमा पॉलिसी निरस्त कर दी गई है, उन्हें तत्काल बहाल कर बीमा राशि खातों में डाली जाए। (2) अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों का मुआवजा शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। (3) किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध कराई जाए तथा कालाबाजारी करने वालों को जेल भेजा जाए। (4) विद्युत कटौती बंद कर सिंचाई के लिए सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। (5) अन्ना प्रथा पर प्रभावी रोक लगाकर गौशालाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अनशन स्थल पर संगठन प्रभारी बालाप्रसाद, राष्ट्रीय सचिव अखिलेश रावत, तहसील अध्यक्ष, कार्यकर्ता मुकुंद लाल कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष किरण पाठक, सीताराम नायक, पन्नालाल राजपूत, राधा, राजेंद्र नगायच सहित अनेक किसानों ने सरकार के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। डॉ. पंकज तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि देवीदीन नकरा एवं उमंग सुल्ले ने आंदोलन को समर्थन देते हुए कहा कि जब तक किसानों की समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं होगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। किसान यूनियन ने साफ किया कि मांगें पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# उपमुख्यमंत्री ने महराजगंज की बहू को किया सम्मानित

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



अपनी कला एवं प्रतिभा का लोहा मनवा गोवा में आयोजित मिसेज इंडिया ग्लोब प्रतियोगिता में आल इंडिया स्तर पर रनर अप का खिताब जीतने वाली जिले की बहू प्रियम राज रस्तोगी का भव्य सम्मान प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक द्वारा राजधानी में किया गया।

उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होने की जानकारी मिलते ही ससुराल पक्ष के परिजनों को बधाई देने वालों का ताता लगा रहा। बताते चले की कस्बे के जाकिर हुसैन नगर निवासी एवं सुप्रसिद्ध उद्योगपति कमलेश रस्तोगी की बहू प्रियम राज रस्तोगी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में रनर अप का ख़िताब विगत दिनों मिला था। इस ख़िताब को जीतने की खुशी तब दोगुनी हो गयी ज़ब प्रदेश में पले बढ़े विभूतियों द्वारा अपनी विशिष्ट उपलब्धियों से प्रदेश का नाम रोशन करने वालो को डिप्टी सीएम द्वारा सम्मानित होने 21 लोगो की सूची में जिले की बहू का नाम भी शामिल किया गया। रविवार को राजधानी के एक होटल में आयोजित सम्मान समारोह में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के हाथों पुरस्कृत होने पर बहू प्रियम राज रस्तोगी ने अपने परिजनों एवं ससुराल पक्ष से मिले स्नेह एवं सहयोग को यह पुरस्कार समर्पित किया।

बहू की इस उपलब्धि पर कमलेश रस्तोगी ने कहा की प्रियम मेरी बहू नहीं बेटी है और अपनी इस बेटी की सफलता पर मुझे गर्व है। इस दौरान अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, रायबरेली पेट्रोलियम डीलर एसोसिशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, संरक्षक भोमेश कुमार सोनी, शिवनरायन सोनी, राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव एवं बिहार प्रभारी सुशील पासी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी श्री फाउंडेशन चेयरमैन मनोज दिवेदी, बछरावा विधायक श्यामसुंदर भारती, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व विधायक राजा राम त्यागी, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, सभासद ऊषा त्रिपाठी, प्रेस क्लब अध्यक्ष अमित सिंह, एडवोकेट सुशील पांडेय सहित दर्जनों लोगो ने बहू की उपलब्धि एवं सम्मानित होने की सूचना पर बधाई दी।

# ग्राम्य विकास मिनिस्टीरियल एसो. के अध्यक्ष संगीता वर्मा, उपाध्यक्ष मंशाराम हुए मनोनीत

- ताहा हसीब सिददीकी को संगठन मंत्री व मो. आतिफ हसनैन को बनाया गया संयुक्त मंत्री

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




ग्राम्य विकास मिनिस्टीरियल एसोसिएशन उप्र जनपद शाखा-बाराबंकी का एक दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन स्वर्ण जयन्ती सभागार विकास भवन में ग्राम्य विकास मिनिस्टीरियल एसोसिएशन उप्र के प्रान्तीय अध्यक्ष शशिकान्त श्रीवास्तव की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। अधिवेशन मे जनपद कार्यकारिणी का गठन करते हुए सर्वसम्मति से संगीता वर्मा, प्रधान सहायक जिला विकास कार्यालय बाराबंकी को अध्यक्ष व कुरैश अहमद, प्रधान सहायक विकास खण्ड सूरतगंज को मंत्री बनाया गया। साथ ही अन्य पदो पर भी सर्वसम्मति से मंशाराम, प्रशासनिक अधिकारी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रंजीत सिंह को उपाध्यक्ष, कनकलता वर्मा को कोषाध्यक्ष, अनिल कुमार दूबे, सम्प्रेक्षक, ताहा हसीब सिददीकी को संगठन मंत्री व मो. आतिफ हसनैन को संयुक्त मंत्री को बनाया गया।

## डीएम ने मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की ली जानकारी

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने आज विकास खण्ड सकरन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साण्डा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्साधिकारी की अनुपस्थिति पर आज का वेतन एवं नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित को दिये। चिकित्सालय में साफ-सफाई न होने पर बीपीएम जयन्त नाथ तिवारी का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। इमरजेंसी वार्ड में पहुंचकर जिलाधिकारी ने मरीजों से वार्ता करते हुये बीसीपीएम से मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की जानकारी ली। परिवार नियोजन कक्ष में मरीजों से वार्ता की एवं रजिस्टर को देखते हुये कमी मिलने पर स्टाफनर्स सविता को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। मातृ सुरक्षा कक्ष के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित डॉ. अंकिता का आज का वेतन रोकने के निर्देश दिये।

## सीएचसी पर आयोजित हुआ जीरो डोज टीकाकरण प्रशिक्षण

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनीकोडर में 'जीरो डोज' टीकाकरण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण को गावी परियोजना के तहत फ्रंटलाइन वर्कर्स (एफपीएलडब्ल्यू) रिफ्रेशर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य संचार कौशल को सुदृढ़ करना तथा नियमित टीकाकरण के अंतर्गत 'जीरो डोज इम्प्लीमेंटेशन प्लान' को प्रभावी ढंग से लागू करना रहा।यह प्रशिक्षण पीसीआई इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में एएनएम,संगिनी,आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ.रमेश चंद्र ने बताया कि भारत में आज भी ऐसे बच्चे हैं जो किसी न किसी कारणवश टीकाकरण से वंचित रह जाते हैं। ऐसे बच्चों को 'जीरो डोज' या 'अंडर इम्यूनाइज्ड' श्रेणी में रखा जाता है।डॉ.रमेश चंद्र ने आगे बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों की पहचान कर उनका समयबद्ध टीकाकरण सुनिश्चित करना है। इसके लिए आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि वे घर-घर सर्वे कर टीकाकरण से छूटे बच्चों की पहचान कर सकें।'जीरो डोज' कवरेज के अंतर्गत उन बच्चों को चिह्नित किया जाता है जिन्हें अभी तक एक भी टीका नहीं लगा है और उन्हें तुरंत टीकाकरण सेवाओं से जोड़ा जाता है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को माइक्रो-प्लानिंग, फील्ड सर्वे,समुदाय में संवाद कौशल तथा जागरूकता फैलाने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।अधिकारियों ने बताया कि इस पहल का लक्ष्य केवल टीकाकरण कवरेज बढ़ाना ही नहीं है, बल्कि बाल मृत्यु दर को कम करना और स्वास्थ्य प्रणालियों को और अधिक मजबूत बनाना भी है।जिसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश चंद्र एवं नोडल अधिकारी डॉ. रईस खान,अनुराग पाठक व सीएसओ कोऑर्डिनेटर (गावी) पीसीआई रमन द्विवेदी,डीएमसी यूनिसेफ पूर्णेन्द कुमार शुक्ला,डब्लूएचओ एसएमओ डॉ उपान्त,बीपीएम तथा क्लस्टर कोऑर्डिनेटर आशुतोष मिश्रा,जुनैद,रईस आदि मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर विनियमित क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग/ निर्माण पर बड़ी कार्रवाई



**बाराबंकी।** विनियमित क्षेत्र बाराबंकी में सुनियोजित विकास सुनिश्चित करने तथा अनियमित एवं अवैध निर्माण गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देशों के क्रम में प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में बिना स्वीकृत मानचित्र अथवा ले-आउट के किए गये अवैध प्लाटिंग एवं निर्माण के विरुद्ध न्यायिक प्रक्रिया अपनाते हुए न्यायालय नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/उप जिला मजिस्ट्रेट नवाबगंज, बाराबंकी में वाद योजित किया गया। सभी संबंधित पक्षों को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान किए जाने के उपरान्त न्यायालय द्वारा अवैध प्लाटिंग/निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये।

# प्रेमी के घर आई प्रेमिका को उतारा मौत के घाट

**मसौली,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



गोरखपुर से आधी रात्रि प्रेमी से मिलने उसके घर ग्राम शहाबपुर आयी प्रेमिका को प्रेमी के परिजनों ने मिलकर मौत के घाट उतार दिया मंगलवार की भोर नित क्रिया से घर आये प्रेमिका के रक्तरंजित शव को देख प्रेमी की सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस अधीक्षक सहित आला अधिकारियो ने घटनास्थल का जायजा लेते हुए फारसेंसिक साक्ष्य एकत्र किये है। मामला मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम सहाबपुर मे मंगलवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब हाइवे पर स्थित प्रेमी संदीप यादव पुत्र कमलेश यादव के घर एक कमरे मे बीती रात्रि गोरखपुर से आयी 30 वर्षीय प्रेमिका ममता का रक्तरंजित शव पड़ा मिला जिसकी सूचना फैलते ही अफरातफरी मच गयी प्रेमी की सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने आला अधिकारियो को सूचना देते हुए शव को कब्जे मे लेते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, अपर पुलिस अधीक्षक विकासचंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमापंथ ने फरसेंसिक टीम के साथ मुआयना करते हुए साक्ष्य एकत्र किये तथा मृतका के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

# जेबीएस में जगन्नाथ बक्श सिंह की पुण्यतिथि पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जेबी एस संस्थान नगर पंचायत के मालिनपुर में आदि प्रेरणा स्रोत स्वर्गीय जगन्नाथ बख्श सिंह की पुण्य तिथि पर दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता एवं वार्षिक समारोह का शुभारंभ का जेबीएस संस्थापक व भाजपा एमएलसी अंगद सिंह ने किया।

ज्ञात हो कि जे बी एस संस्थान यह खेल कूद वार्षिक उत्सव प्रतिवर्ष अपने स्व पिता जगन्नाथ बख्स सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जाता है जिसमे विभिन्न क्षेत्रों व विद्यालयों के छात्र के साथ ही सामाजिक कार्यकर्ता बढ़कर हिस्सा लेते है यह प्रतियोगिता इस बार नगर पंचायत रामसनेहीघाट के मालिनपुर में आयोजित की जा रही है कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज श्री सिंह ने स्थलीय निरीक्षण अपने अन्य सहयोगियों के साथ किया और कार्य देख रहे रामकिशोर वर्मा को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस सम्बंध में श्री वर्मा ने बताया कि दिनांक 17 दिसंबर 2025 समय 10 बजे से 05 बजे तक। जेबीएस संस्थान मालिनपुर रामसनेही घाट में प्रतियोगिता होगी उसके बाद सुबह फिर कार्यक्रम होगा उसके बाद प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरुस्कार वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

## खबरें एक नजर में

### एसडीएम के नेतृत्व में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**बिसवां,सीतापुर।** एसडीएम बिसवां शिखा शुक्ला के नेतृत्व में नगर के मुख्य चौराहे से सब्जी मंडी मार्ग तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान बुलडोजर की मदद से दुकानों के बाहर लगी टीन शेडध्टीनों को ध्वस्त कर हटाया गया। इस मौके पर एसडीएम ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि सड़क पर दोबारा अतिक्रमण न करेंए अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की अचानक हुई इस कार्रवाई से दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। अभियान के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। इस अवसर पर सफ़ाई निरीक्षक नपा सौरभ शुक्ला कुलदीप यादव उप निरीक्षक सुधाकर सिंह और पालिका कर्मी मौजूद रहे।

### कार और बाइक की आमने-सामने हुई टक्कर



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत रायबरेली रोड पर बरना टीकर गांव के पास प्रदेश सरकार का लोगो लगी तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और बाइक की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर जोरदार होने से स्विफ्ट कार के दोनों एयरबैग खुल गए। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए गंभीर रूप से घायल बाइक सवार को इलाज के लिए तत्काल मलिक मोहम्मद जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय असैदापुर भिजवाया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है।

### पारिवारिक कलह में एक ने नहर में कूदकर की आत्महत्या

**बिसवां।** सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी नंदू रस्तोगी 55 वर्ष पुत्र मेवा लालए ने पारिवारिक कलह के चलते नहर में कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश कर लगभग 800 मीटर दूर से शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

### जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की शिकायतें

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान कार्यालय में आए आमजन की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### आशा कर्मियों ने 14 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**महराजगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन शाखा अमावा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमावा में आशा कर्मियों द्वारा हड़ताल की गई एवं मुख्यमंत्री से संबोधित ज्ञापन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को दिया ब्लॉक अध्यक्ष अमावा सायरा बानो ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से 14 सूत्रीय मांगे सरकार से की जा रही हैं हम लोगों की नियुक्ति 2005 में हुई थी हमें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए तथा वेतन हमारा 21000 किया जाए क्योंकि इस महंगाई में बच्चों की पढ़ाई लिखाई सहित अन्य तमाम खर्च रहते हैं और हेल्थ बीमा के तहत हम सभी की 14 सूत्रीय मांगे ज्ञापन के माध्यम से सरकार से मांगी गई है।

# सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज का वार्षिकोत्सव संपन्न

**रामसनेही घाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**




सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामसनेही घाट का वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हेमचंद्र (संगठन मंत्री, विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश) ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश सरकार सतीश चंद्र शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी तथा प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति अवध प्रांत रामजी सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि हेमचंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर जैसे विद्यालय केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशालाएं हैं। यहां विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति का भाव विकसित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार नहीं, बल्कि चरित्रवान और समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक तैयार करना होना चाहिए। अभिभावकों से आह्वान किया कि वे विद्यालय और शिक्षकों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें।

कार्यक्रम में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि बोर्ड परीक्षा 2025 में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय में स्मार्ट कक्षा संचालन, आधुनिक प्रयोगशालाएं, अटल टिंकरिंग लैब तथा सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री शर्मा ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का समन्वय ही समाज को सशक्त बनाता है। वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ओ.पी. त्रिपाठी ने विद्यालय की शैक्षिक प्रगति की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारियों ने की।

## ताइक्कांडो प्रतियोगिता में जिले के 180 खिलाड़ियों ने किया प्रतिभाग

**लालगंज, रायबरेली।** खेल से तन और मन स्वस्थ रहते हैं, खेल जीवन मे एकता और अखंडता का प्रतीक हैं डाश रिज़वी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्यतिथि समाज सेविका पूजा प्रताप सिंह नें अपने उद्बोधन मे बच्चों से कहीं! दूसरे दिन की प्रतियोगिता मे प्ले ग्रुप से कक्षा दो के बच्चों की प्रतियोगिता के साथ इंटर क्लब ताइक्कांडो प्रतियोगिता कराई गई ताइक्कांडो प्रतियोगिता मे जिले के 180 खिलाड़ियों नें प्रतिभाग किया! पीजी के बच्चों की प्रतियोगिता मे कुर्सी दौड़ मे मोहम्मद अबान प्रथम, मोहम्मद आरिज द्वितीय राबिया बनो तृतीय स्थान पर रहें, कोन दौड़ पीजी बालक वर्ग मे हसनैन प्रथम मोहम्मद अरहान द्वितीय तथा अंश तृतीय रहें ।

# बाइक सवार दो को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक घायल

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास पर शेखपुर समोदा चौराहे के पास मंगलवार की सुबह कोहरे का तगड़ा असर देखने को मिला। जब पेपर देने जा रहे दो बाइक सवार परीक्षार्थियों को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल बाइक सवार परीक्षार्थी अंशु पुत्र रामफेर उम्र 21 वर्ष एवं अनुज पुत्र राकेश कुमार उम्र 20 वर्ष निवासीगण अटरा पोस्ट हरदोई, जो कि स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत छोटकवा खेड़ा में स्थित जेपीएस महाविद्यालय में बछरावां मौरावा मार्ग होते हुए बीए के पेपर देने के लिए जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार परीक्षार्थी उक्त मार्ग व चुरूवा पश्चिम गांव बाईपास शेखपुर समोधा चौराहा के निकट पहुंचे, तभी गुरबख्शगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन मय चालक सहित लखनऊ की ओर फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार परीक्षार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा दोनों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात एक परीक्षार्थी की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसा,दो की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हो गया आगे जा रही स्कार्पियो को ओवरटेक करने के चक्कर में अर्टिगा कर पीछे से टक्कर मारते हुए डिवाइडर से टकराकर खाई में जा गिरी। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर यूपीडा की बचाव टीम एवं पुलिस कर्मियों द्वारा घायलों को कार से निकाल कर एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया। इस दुर्घटना में अर्टिगा कर सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए गंभीर रूप से घायल एक युवक को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार लालगंज धीरे रोड थाना देवपुर जनपद आजमगढ़ निवासी नियाज सऊदी अरब में नौकरी करता है। सऊदी अरब जा रहे नियाज को फ्लाइट पकड़ाने के लिए उसके पिता कमरुद्दीन 70 वर्ष चाचा ताहिद 55 वर्ष नाती आशिक पुत्र गुड्डू 18 एवं नियाज के मित्र दीपक 25 वर्ष निवासी कैथी लालगंज धीरे रोड सोमवार की रात किराए की अर्टिगा कार से लखनऊ स्थित अमौसी एयरपोर्ट गए हुए थे और फ्लाइट पर नियाज के बैठने के बाद अर्टिगा से ही वापस लौट रहे थे। जब उनकी गाड़ी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 42.1 किलोमीटर पर कोतवाली क्षेत्र के गंगापुर संसारा गांव के निकट पहुंची तभी आगे जा रही स्कार्पियो को और ट्रैक करने के चक्कर में स्कॉर्पियो से टकराने के बाद डिवाइडर से टकराकर कर खाई में पलट गई। इसके बाद कार में चीख पुकार मच गई। तत्काल बाद मौके पर पहुंची यूपीडा की टीम द्वारा कार में फंसे 5 लोगों को बाहर निकाला गया। जिसमें से दीपक की घटनास्थल पर ही मौत हो चुकी थी अन्य घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया गया । जहां पर मौजूद डॉक्टर द्वारा एक अन्य 35 वर्षीय युवक को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि कमरुद्दीन ताहिद एवं आशिक का इलाज शुरू किया गया। इनमें से गंभीर घायल आशिक को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है। दुर्घटना में घायल नियम के चाचा ताहिद ने बताया कि लखनऊ से वापसी के दौरान उनकी गाड़ी में सवारी के रूप में दो अन्य लोग भी सवार हुए थे। गाड़ी में चालक सहित कुल सात लोग सवार थे। दूसरे मृतक की जेब से मिले मोबाइल से जब कॉल की गई तो उसकी पहचान बबलू पुत्र हरेंद्र कुमार सिंह 35 गांव बहुआरा थाना मसरख जनपद छपरा बिहार के रूप में हुई। वही दुर्घटना के बाद अर्टिगा का चालक और एक सवारी कहां गई इसका अभी तक कोई पता नहीं लग सका है।

# किराना स्टोर में लगी आग, लाखों का माल जलकर खाक

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा में सोमवार की देर रात एक किराना स्टोर में आग लग जाने से लाखों रुपए का सामान व हजारों की नकदी जलकर नष्ट हो गयी। नगर के मुख्य चौराहे के समीप लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे के किनारे सुमित वैश्य की रोही प्रॉविजन स्टोर के नाम से किराना की बड़ी दूकान है।रोज की तरह सुमित रात नौ बजे अपनी दुकान बंद कर कुरैशी वार्ड स्थित अपने घर चले गए। देर रात दूकान से धुआं निकलता देख वहां से गुजर रहे मित्र नितेश गुप्ता ने उन्हें फोन किया।साथ ही फायर स्टेशन फोन कर सूचना दी।दूकान मालिक थोड़ी देर में भाग कर आए तो देखा दूकान धू-धू कर जल रही है।आनन-फानन में दूकान के बाहर बने जंगले का ताला खोलकर दो फ्रिज ही बाहर कर पाए।इसके बाद दूकान मालिक एवं आस-पास के लोग सारा सामान जलता हुआ देखते हुए फायर ब्रिगेड का बेसब्री से इंतज़ार कर रहे थे।

**फायर स्टेशन को देर से मिली सूचना:** अग्निकांड स्थल से फायर स्टेशन की दूरी मात्र तीन सौ मीटर की है।लेकिन दूकान मालिक व पड़ोसियों द्वारा फायर स्टेशन का सही नंबर न पता होने के कारण सूचना मिलने में देरी हुई।इस संबंध में फायर स्टेशन प्रभारी ने बताया कि दूकान मालिक व अन्य लोग ग़लत नंबर मिला रहे थे।सूचना मिलने के तीन मिनट के अंदर अग्नि शमन कर्मी मौके पर पहुंच गए।अग्निशमन कर्मियों ने जब तक आग बुझाई तब तक दूकान में मौजूद सारा सामान जलकर नष्ट हो चुका था।

**12 लाख रुपए का जला है सामान:** दूकान मालिक सुमित ने बताया कि भारी मात्रा में तेल,रिफाइंड,राशन व मेवा आदि बारह लाख रुपए से अधिक का सामान जलकर नष्ट हो गया है।बताया कि दूकान में रखी 30 हजार रुपए नगदी भी जलकर राख हो गई।

# नहीं बन पा रही है सर्विस लेन, ग्रामीणों में आक्रोश

**बछरावां,रायबरेली समृद्धि न्यूज।**



- अगर समस्या का नहीं हुआ जल्द निराकरण, तो हम संवैधानिक तरीके से और भी रास्ते अपनाने को होंगे बाध्य

क्षेत्र के लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रेलवे ओवर ब्रिज के किनारे विगत कई वर्ष पूर्व हाईवे का निर्माण होने के पश्चात ग्रामीणों ने सर्विस लेन की मांग उठाई थी। उक्त सर्विस लेन के दायरे में आ रही जमीनों के किसानों को उनकी भूमि का मुआवजा भी उपलब्ध करा दिया गया था। परंतु अभी तक सर्विस लेन न बनने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। विदित हो की उक्त सर्विस लेन के बन जाने से क्षेत्र के मल्हीपुर, सूरज नगर, बबुरिहा खेड़ा, बिशनपुर, टोडरपुर सहित लगभग आधा दर्जन गांवों से अधिक के राहगीर जो उक्त मार्ग से ही हाईवे पर आकर अपनी यात्रा करते हैं। उनकी एक जटिल समस्या का निराकरण हो जाएगा। परंतु उक्त सर्विस लेन पर रास्ता कच्चा होने के कारण आए दिन वाहन चालक व राहगीर दुर्घटना का शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं।

इस संबंध में स्थानीय ग्रामीण विनोद कुमार द्विवेदी, अरुनेन्द्र मिश्रा, ईश्वर दीन, शुभम कुसवाहा, अर्पित द्विवेदी, संजय कुमार, राजेश कुमार, दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार, रामफेर, चंद्रशेखर, रावेंद्र सिंह एवं सुनील द्विवेदी सहित अन्य ग्रामीणों ने पूर्व में भी संबंधित विभाग से सर्विस लेन बनाने की मांग उठाई थी। परंतु आज तक उक्त ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को विभाग के द्वारा अनसुना कर दिया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही साथ ग्रामीणों के द्वारा यह भी चेतावनी दी गई है कि अगर विभाग उनकी इस समस्या का निराकरण जल्द नहीं करता है तो, वह अपनी इस गंभीर समस्या के निराकरण के लिए संवैधानिक तरीके से और भी रास्ते अपनाने पर बाध्य हो जाएंगे। साथ ही साथ ग्रामीणों के द्वारा यह भी बताया गया कि राजस्व विभाग के द्वारा पूर्व में कई बार उक्त सर्विस लेन के लिए मार्किंग भी की जा चुकी है और संबंधित किसानों को पैसा भी प्राप्त हो चुका है तथा सर्विस लेन के लिए बजट एवं टेंडर की भी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परंतु एन एचएआई विभाग अपनी हठधर्मिता से बाँझ नहीं आ रहा है। वही इस संबंध में जब हल्का लेखपाल पीयूष शुक्ला से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि उक्त फोर लेन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज के किनारे बनने वाली सर्विस लेन के लिए मार्किंग की जा चुकी है, जो कई बार हुई है, हाल ही में एनएचएआई विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में 15 से 20 दिन पहले भी मार्किंग की गई है।

# अनुपस्थित प्रभारी चिकित्सा अधिकारी का रूकेगा वेतन



**बिसवां,सीतापुर समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर ने विकास खण्ड सकरन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र साण्डा का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी की अनुपस्थिति पर आज का वेतन रोकने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल में साफ सफाई न मिलने पर बीपीएम जयन्त नाथ तिवारी का आधे माह का वेतन काटने के आदेश दिए गए। इमरजेंसी वार्ड में मरीजों से वार्ता कर बीसीपीएम से भोजन व्यवस्था की जानकारी ली गई। परिवार नियोजन कक्ष में रजिस्टर में कमी मिलने पर स्टाफ नर्स सविता को नोटिस तथा मातृ सुरक्षा कक्ष में अनुपस्थित डॉ अंकिता का आज का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।

गोल्डेन कक्ष, प्रसव कक्ष, नर्स ड्यूटी कक्ष, एक्सरे कक्ष, लेबर रूम सहित विभिन्न कक्षों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। फैमिली काउंसलर नीतू गुप्ता व हाई रिस्क प्रेगनेंसी ट्रैकिंग रजिस्टर में कमी पर स्टाफनर्स सरिता वैश्य को नोटिस के निर्देश दिए गए। डीएम ने प्राथमिक विद्यालय टेड़वा कलॉ का भी निरीक्षण किया। निपुण तालिका रजिस्टर देखा, कक्षा 3-4 में बच्चों से संवाद किया और पठन-पाठन पर संतोष जताया। मिड.डे.मील की गुणवत्ता, पेयजल, प्रकाश व साफ-सफाई की जांच की तथा शिक्षकों को बच्चों के साथ भोजन करने की सलाह दी। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी ओमकार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सौ शैया अस्पताल की तीसरी आंख बेकार, इलाज की दरकार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

दिलू नगला गांव स्थित सौ शैया अस्पताल में हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए कहने को तो तमाम स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, लेकिन इसके पीछे की जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां करती हैं। हालत यह है कि अस्पताल की तीसरी आंख भी बीमार हैं। सही मायने में तो उसे भी इलाज की आवश्यकता है। अस्पताल में लगे ज्यादातर सीसीटीवी कैमरे वजाय निगहेबानी करने के खराब पड़े हैं। कई कैमरे सर्वर डाउन होने की वजह से लाचार रहते हैं, तो कई कैमरों में कनेक्शन तक नहीं हैं। कुछ भी हो, सौ शैया अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे याब महज शोपीस बनकर रह गए हैं। ऐसी स्थिति में अस्पताल परिसर में होने वाली गतिविधियों पर भला कैसे नजर रखी जा सकती है। स्टोरेज क्षमता भी अधिक न होने से यदि कभी आवश्यकता पड़ी, तो रिकार्ड भी मिलना मुमकिन नहीं होगा। सौ शैया अस्पताल में



- अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की स्टोरेज क्षमता न के बराबर
- ज्यादातर कैमरे लाइव चलने का अस्पताल प्रशासन कर रहा दावा

गतिविधियों पर नजर रखने के उद्देश्य से दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। इस समय कई कैमरे महज शोपीस बनकर रह गए हैं। अस्पताल प्रशासन की माने, तो ज्यादातर सीसीटीवी कैमरे लाइव चलते हैं, जिन्हें लखनऊ से भी जोड़ा गया है। वर्तमान की स्थिति यह है कि अस्पताल के कई मुख्य स्थानों पर लगे कैमरे महज खानापूर्ति कर रहे हैं। यहां तक कई कैमरे सर्वर बेहतर न होने के चलते नहीं चल पा रहे हैं।

वहीं अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के पास ओटी गेट पर लगा सीसीटीवी कैमरा शोपीस बना हुआ है। इस कैमरे को किसी ने छत की तरफ घुमा रखा है। साथ ही इसका कनेक्शन भी नहीं है, जिससे उसकी लीड लटक रही है, जबकि इस स्थान पर कैमरा संचालित होना आवश्यक है। दरअसल यहां बाहरी लोगों की भी आवाजाही बनी रहती है। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन ने इस कैमरे को ठीक कराना उचित नहीं समझा। वहीं अस्पताल में लगे दो दर्जन से अधिक कैमरों का स्टोरेज भी न के बराबर है। ऐसी स्थिति में यदि कोई बड़ा मामला होता है, तो सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग को भी सुरक्षित रख पाना मुश्किल पड़ सकता है।

### कई बार सामान हुआ गायब, लेकिन नहीं लगवाए गए कैमरे

छिबरामऊ। इमरजेंसी वार्ड में ओटी के पास ही इमरजेंसी स्टोर भी संचालित होता है। पिछले दिनों कई बार इस स्टोर से कुछ सामान और दवाइयां चोरी होने की चर्चाएं हुई थी। अधिकारियों के मामला संज्ञान में होने के बाद भी अभी तक वहां सीसीटीवी कैमरे की बेहतर व्यवस्था नहीं की गई है। इसी तरह परिसर के अंदर कई ऐसे स्थानों हैं, जहां सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाना आवश्यक है। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहा है।

### बोले जिम्मेदार

अस्पताल के ज्यादातर स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। साथ ही कई कैमरे लाइव चलते हैं। कुछ स्थानों पर यदि कैमरे खराब है, तो उन्हें शीघ्र ही ठीक कराया जाएगा।

सीएमएस-डॉ.सुनील कुमार सिंह

# सेंट मारिया स्कूल में फायर ट्रेनिंग ने जगाई जागरूकता

- फायर एक्सटिंग्विशर का सही प्रयोग कैसे करें, आपात स्थिति में शांत रहें, तुरंत सुरक्षित जगह पर पहुंचें और फायर ब्रिगेड को 101 नंबर पर सूचित करें



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

फर्रुखाबाद रोड स्थित सेंट मारिया पब्लिक स्कूल में फायर विभाग ने एक उपयोगी कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें स्कूली बच्चों को अग्नि सुरक्षा और आग बुझाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

फायर स्टेशन इंचार्ज प्रांशु अवस्थी ने आग लगने के प्रमुख कारणों, इससे होने वाले भयानक नुकसान तथा बचाव के सरल लेकिन महत्वपूर्ण उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को सिखाया कि आग लगने पर फायर एक्सटिंग्विशर का सही प्रयोग कैसे करें, आपात स्थिति में शांत रहें, तुरंत सुरक्षित जगह पर पहुंचें और फायर ब्रिगेड को 101 नंबर पर सूचित करें। अवस्थी ने लाइव डेमो के जरिए आग बुझाने की प्रक्रिया दिखाई, जिससे बच्चों में न केवल जागरूकता आई, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा। सभी विद्यार्थियों ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया, जबकि शिक्षक व स्टाफ ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। स्कूल के डायरेक्टर वीसी अवस्थी ने कहा, बच्चों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऐसे कार्यक्रम भविष्य में नियमित होंगे। अंत में, उन्होंने प्रांशु अवस्थी को अशोक की लाट का प्रतीक चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने बखानी सुंदरकांड की महिमा



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** प्राचीन बगिया स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर के सामने आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ में सुप्रसिद्ध रामकथा वाचक आचार्य प्रशांतानंद चंदन ने सुंदरकांड की अपार महिमा का गुणगान किया।

उन्होंने कहा कि यह रामचरितमानस का पंचम सोपान है, जो मुख्यतः हनुमान जी के पराक्रम, भक्ति और वीरता का सुंदर चित्रण करता है। इसमें हनुमान की लंका यात्रा, सीता माता की खोज, लंका दहन और राम-सीता मिलन की आशा जगाने वाली घटनाएं वर्णित हैं। इसका नाम सुंदरकांड हनुमान के सुंदर गुणों के कारण पड़ा। आचार्य ने बताया कि कलियुग में यह बजरंगबली को प्रसन्न करने का सरल माध्यम है। नियमित पाठ से हनुमान कृपा प्राप्त होती है, जो बल, बुद्धि, विद्या प्रदान करती है। संकट, बाधाएं, भूत-प्रेत, ग्रह दोष, रोग-शोक दूर होते हैं। मनोकामनाएं पूर्ण, कार्य सफल और घर में सुख-समृद्धि आती है। धार्मिक मान्यता है कि इससे आत्मविश्वास बढ़ता, मानसिक शांति मिलती और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे राम कृपा भी सहज प्राप्त होती। सुंदरकांड जीवन को मंगलमय बनाने वाला अमोघ साधन है। इससे पूर्व पंडित शिवानंद द्विवेदी ने आयोजक, स्वास्थ्य विभाग कर्मी सनी दुबे से राम दरबार का पूजन कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया।

# छात्र-छात्राओं ने बनाये विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन

- तन्दूरी चाय, हनी चिली पोटेटो, रोस्टेड आलू, वेजिटेबल मैगी, दाल कचौड़ी व्यंजन रहे प्रमुख
- यूपीएस कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता व गृह विज्ञान प्रैक्टिकल का हुआ आयोजन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**



व्यजंन तैयार करती छात्राएं व मौजूद शिक्षकगण

पीएम श्री यूपीएस कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के साथ-साथ गृह विज्ञान विषय का प्रायोगिक प्रैक्टिकल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा 18 काउंटर लगाए गए जिनमें स्वच्छता, पोषण एवं स्वाद का विशेष ध्यान रखा गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया जिनमें तन्दूरी चाय, हनी चिली पोटेटो, रोस्टेड आलू, वेजिटेबल मैगी, दाल कचौड़ी सहित अन्य व्यंजन प्रमुख रहे। बच्चों ने स्वयं व्यंजन निर्माण, प्रस्तुति, मूल्य निर्धारण एवं सेवा कार्य करते हुए व्यवहारिक ज्ञान और आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट परिचय दिया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक विकास के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल एवं उद्यमिता की समझ विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में अतिथि श्याम प्रताप भदौरिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आलोक चतुर्वेदी ;अध्यक्ष जूनियर शिक्षक संघ दीपा त्रिपाठी, नेहा आदर्श, राम किशोर सिंह, नीरज कुमार, सहित अन्य गणमान्य रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। अंत में प्रधानाध्यापक राकेन्द्र सक्सेना ने भी बच्चों के कार्य की सराहना की।

# चौबीस घंटे में तीन गुमशुदा बालिकायें सकुशल बरामद



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

ऑपरेशन मुस्कान के तहत तीन गुमशुदा बालिकाओं को 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली है। 15 दिसंबर 2025 को थाना तालग्राम क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने में तहरीर दी कि उसकी करीब 16 वर्षीय पुत्री गांव की ही दो अन्य बालिकाओं एक की उम्र लगभग 16 वर्ष व दूसरी की उम्र लगभग 14 वर्ष के साथ बिना बताए घर से चली गई है। सूचना के आधार पर थाना तालग्राम में अज्ञात के खिलाफमामला दर्ज किया गया। मामला दर्ज होते ही बालिकाओं की तलाश के लिए थाना तालग्राम पुलिस द्वारा कई टीमें गठित कर संभावित स्थानों पर रवाना की गई। पुलिस के अथक प्रयासों से 16 दिसम्बर को तीनों गुमशुदा बालिकाओं को अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया गया। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम पंचायत में उत्सव भवन निर्माण की मांग



**छिबरामऊ, कन्नौज।** सोहेल देव भारतीय समाज पार्टी की राष्ट्रीय सचिव मंगेश शाक्या ने राष्ट्रीय अध्यक्ष व पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर को दिए पत्र में विकास खंड सौरिख की ग्राम पंचायत बौथम में उत्सव भवन का निर्माण कराने की मांग की है। सुभासपा की महिला मंच की राष्ट्रीय सचिव मंगेश शाक्य ने बताया कि ग्राम पंचायत बौथम में ग्राम समाज की बचत की पर्याप्त जगह पड़ी हुई है। ग्राम प्रधान का प्रयास है कि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। ऐसे में यदि ग्राम पंचायत की बचत की भूमि पर उत्सव भवन निर्माण योजनांतर्गत हो जाता है, तो गांव के लोगों को काफी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर से ग्राम पंचायत में उत्सव भवन निर्माण कराने की मांग की है।

### भाकियू जिला सचिव के पिता का निधन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के जिला सचिव बृजकिशोर के पिता का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को स्वर्गवास हो गया। उनका निधन किसान समुदाय के लिए एक बड़ी क्षति है, क्योंकि वे एक समर्पित किसान थे और परिवार का सहारा। जानकारी मिलते ही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने तुरंत ग्राम अलाह पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की और परिवारजनों को ढाढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। भाकियू ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भी शोक व्यक्त किया है। किसान नेता अवधेश त्रिपाठी ने कहा यह हम सबके लिए अपूरणीय क्षति है। हम उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

### सीएचसी में महिला चिकित्सकों की टीम ने किया सीजर ऑपरेशन



महिला का सीजर ऑपरेशन करती चिकित्सकों की टीम।

**कालपी,जालौन।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत सीएचसी कालपी में प्रसूता महिलाओं को सीजर की सुविधा हासिल करने के लिये इच्छा बढ़ रही है। मंगलवार को विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा महेवा गांव निवासिनी प्रसूता महिला का सफलतापूर्वक सीजर आप्रेशन किया गया। इससे पहले नवंबर माह में 10 महिलाओं के चिकित्सीय टीम के द्वारा सीजर ऑपरेशन किए गए हैं। विदित हो कि प्रसूता महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी न होने की वजह से सीजर ऑपरेशन के लिए उरई, कानपुर, झांसी, आदि जगह जाना पड़ता था। जिसमें महिलाओं को मोटी रकम तथा समय बर्बाद करना पड़ता था। मंगलवार को सीएचसी में स्थापित आधुनिक ऑपरेशन थिएटर में महिला चिकित्सक डॉक्टर रूबी सिंह, डॉक्टर विशाल सचान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक कुमार, की संयुक्त टीम के द्वारा सीजर ऑपरेशन किया गया। चिकित्साधिकारी डॉक्टर सचान ने बताया कि प्रसूता महिला की सीजर विधि से डिलीवरी के लिए महिला चिकित्सक, बाल रोग चिकित्सक समेत पूरी टीम बराबर तैयार रहती है। उन्होंने बताया कि इस साल 50 से अधिक महिलाओं के सीजर ऑपरेशन हुए जिसमें सभी जच्चा बच्चा स्वास्थ रहें।

# लापरवाही पर रोका वेतन योजनाओं की गति पर जोर

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं विभिन्न विकास योजनाओं व निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने सभी संबंधित विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि योजनाओं के संचालन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), फैमिली आईडी, 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की योजनाएं, राज्य योजना, निपुण परीक्षा मूल्यांकन, मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पशुपालन के अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान, सेतु निर्माण, सड़क निर्माण एवं अनुरक्षण, ओडीओपी वित्त पोषण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा सीएमआईएस से संबंधित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा कर सम्बंधित अधिकरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फैमिली आईडी योजना में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। समीक्षा बैठक में सेतु निगम के अधिशासी अभियंता के अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने उनका वेतन रोके जाने के निर्देश दिए।

# सर्वर बाधा से प्रभावित राशन वितरण, डीएम ने लिया संज्ञान

- निरीक्षण करने पहुँचे डीएसओ, मौके पर तकनीकी समस्या का कराया निस्तारण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



निरीक्षण करते जिलापूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा

पिछले तीन दिनों से सर्वर बाधित रहने के कारण उचित दर दुकानों पर राशन वितरण प्रभावित होने ई.पॉश मशीन पर अंगूठा सत्यापन न हो पाने तथा कार्डधारकों की दुकानों पर अनावश्यक भीड़ की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी ने मामले का तत्काल संज्ञान लिया।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा ने वर्तमान माह में राशन वितरण के दौरान सर्वर एवं जिओ. लोकेशन से संबंधित आ रही समस्याओं को देखते हुए सदर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जसौली, सैयदपुर सकरी, मेंहदीगंज एवं महमूदपुर बीजा का पूर्ति निरीक्षक तथा सिस्टम इंटीग्रेटर के जनपद स्तरीय समन्वयक के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया गया। साथ ही कार्यदाई संस्था के राज्य स्तरीय समन्वयक से वार्ता कर जिओ लोकेशन से संबंधित समस्या के शीघ्र एवं स्थायी समाधान के निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में राशन वितरण कार्य सुचारु एवं सुगमता के साथ संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लाभार्थियों को समय से खाद्यान्न उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कालपी इकाई के जयवीर सिंह पुनः लेखपाल संघ के अध्यक्ष निर्वाचित

**कालपी,जालौन।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ शाखा कालपी में चुनाव पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर जयवीर सिंह पाल पुनः अध्यक्ष निर्वाचित किए गए। तहसील के सभागार में जिला अध्यक्ष अनूप तिवारी, जिला मंत्री चंदन शिवहरे, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र निरंजन, तहसील अध्यक्ष चंद्र प्रकाश के अलावा मुख्य चुनाव अधिकारी मुक्तेंद्र निरंजन की मौजूदगी में दोपहर को नामांकन की प्रक्रिया शुरू हुई। अध्यक्ष पद पर निवर्तमान अध्यक्ष जयवीर सिंह पाल, नरेश कुमार, व सचिन गुप्ता ने नामांकन प्रस्तुत किया। जिसमें 43 मत पाकर जयवीर सिंह अध्यक्ष घोषित किए गए। इसी प्रकार ऑडिटर पद पर कमलेश ने 32 मत पाकर जीत हासिल की। जबकि उपाध्यक्ष पद पर मोनू, 34 मत दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर राजकमल पाल मंत्री पद पर योगेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए।

# प्रियभाष प्रिय रहें धरा पर, अमर सदा ही नाम रहे...

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह

नगर के मोहल्ला इंदिरानगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल में बाल कवि प्रभाष मिश्र प्रियभाष की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी में कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर बाल कवि प्रभाष मिश्र को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान क्षेत्र के कवियों और साहित्यकारों को सम्मानित भी किया गया।

समर्थ चैरीटेबिल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में देवी सरस्वती और बाल कवि प्रभाष मिश्र प्रियभाष के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरस्वती वंदना के बाद कवयित्री दीपमाला शाक्य दीप, ने प्रियभाष प्रिय रहे धरा पर, अमर सदा ही नाम रहे, गीतों में महके फूलों से कविताओं में गान रहे पंक्तियां प्रस्तुत कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अलावा कवयित्री साधना यादव ने गांधीजी के बंदर तीन जो देते हैं सीखें तीन, व्यंगकार डॉ.श्याम दुबे ने सूरज को उगने से रोकें, आओ हम सब मिलकर भौंके, कल तक थे बुलंद दरवाजा, आज रह गए मात्र झरोखे, संचालन कर रहे कवि हरगोविंद शाक्य हरि ने चुटकी भर सिंदूर मांग में एक बार फिर भर जाओ, कहां किधर तुम चले गए हो, एक बार घर आ जाओ पंक्तियां प्रस्तुत कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा मदन वर्मा फलक, हरिप्रकाश मिश्रा, वरिष्ठ कवि ओमप्रकाश शुक्ल अज्ञात तथा कवयित्री दिव्यांशी पांडेय ने भी प्रस्तुति देकर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि नेहरू महाविद्यालय की सचिव इंदिरा दुबे, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कौशलकिशोर चतुर्वेदी, कवि धर्मेंद्र अवस्थी नादान व शशिकांत शुक्ला ने भी विचार व्यक्त किए। शिक्षक दंपति राहुल मिश्रा व प्रियंका मिश्रा, आरबी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राजीव शुक्ल ने सभी कवियों, साहित्यकारों और अतिथियों को शाल उढ़ाकर, माल्यार्पण कर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सत्यबहादुर चतुर्वेदी, माधवी सिंह, जुलेखा खान, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जीतू श्रीवास्तव, विनीत चतुर्वेदी एडवोकेट, आरिफ खान, प्रतापचंद्र मिश्र, सत्यम त्रिपाठी, शिवम मिश्रा, रमेशचंद्र शुक्ला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### निजी एवं शासकीय अस्पतालों के वेस्टेज निस्तारण पर डीएम ने गठित की संयुक्त जांच टीम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।** निजी व शासकीय अस्पतालों से निकलने वाले चिकित्सीय अपशिष्ट (वेस्टेज) के समुचित निस्तारण न होने की शिकायत को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी को प्राप्त शिकायत के आधार पर नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक संयुक्त जांच टीम का गठन किया गया है, जिसमें सीओ सिटी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी ने टीम को निर्देशित किया है कि वे जनपद के निजी अस्पतालों में स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि अस्पतालों द्वारा निकलने वाले जैव-चिकित्सीय वेस्टेज का निस्तारण निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप किया जा रहा है अथवा नहीं। जांच के दौरान वेस्टेज संग्रहण, पृथक्करण तथा निस्तारण की पूरी प्रक्रिया का गहन परीक्षण किया जाएगा।


## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाईसेंस में मेरा नाम मगन पाल (MAGAN PAL) दर्ज हो गया है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम मगन पाल सिंह (MAGAN PAL SINGH) दर्ज है, जो सही है। जिसे मेरे ड्राइविंग लाईसेंस में दर्ज किया जाये।

**मगन पाल सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी गंगोली पोस्ट आवाजपुर, जिला फर्रुखाबाद**

## सूचना

मैंने अपने इकलौते पुत्र प्रांशु जो अपने नाना के यहां रहता है के गलत व्यवहार व गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **सुनील कुमार पुत्र छविनाथ निवासी टाण्डा बैरामपुर, तहसील सदर, थाना कमालगंज, जिला फर्रुखाबाद**


# मुख्यमंत्री से भेंट कर सात कार्यों की वित्तीय स्वीकृत दिलाने की रखी मांग

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उरई विधानसभा क्षेत्र में सात प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण कार्य को वित्तीय स्वीकृत दिलाने की ओर ध्यान आकर्षित कराया जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द वित्तीय स्वीकृत मिलने का भरोसा दिलाया।

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भेंट के दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने जहां विधानसभा क्षेत्र में लंबित परियोजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की तो वहीं सात प्रमुख सड़कों के निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृत दिलाने की भी मांग रखी। उरई विधानसभा क्षेत्र में जिन सात प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुये की गयी उमें प्रमुख रूप से जालौन चुर्खी मार्ग के किमी 1 से 10 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। ऐर खास से कुरौना मार्ग के किमी 1 से किमी0 14 (300) में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। सोमई हरदोई गूजर जालौन का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। कोंच से पहाड़गांव का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। उरई मुख्यालय में राठ रोड गल्ला मण्डी से झांसी कानपुर हाईवे तक दो लेन से फोर लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। एट धुरट भरसूड़ा संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। जखौली से कोंच मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य कराया जाना नितांत आवश्यक है इन कार्यो की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति राज्य सड़क निधि जारी करने की कृपा करें।

### बुंदेलखंड विकास निधि से 11 प्रस्तावों को वरीयता देने की मांग

**उरई।** सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट के दौरान बुन्देलखण्ड विकास निधि (राज्यांश) के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधानसभा क्षेत्र उरई में प्रमुख रूप से 11 प्रस्तावों को शामिल कर वित्तीय स्वीकृत दिलाने की ओर ध्यान आकर्षित कराया जिसमें प्रमुख रूप से वार्ड नंबर 16 में उदय हुये नरेन्द्र निरंजन के निरंजन के मकान से शैलेन्द्र के मकान होते मकान तक सीसी निर्माण। वार्ड नंबर 28-16 में अनिल कुशवाहा के मकान से अर्चना तिवारी एवं राम चौहान के मकान होते हुए पिन्टू दुबे के मकान तक सीसी। ग्राम हरदोई गूजर में कोंच उरई रोड से लेकर रिंकू गुर्जर के मकान तक पुलिया सहित सीसी निर्माण। उरई के वार्ड नंबर 14 में इन्द्रा नगर में झलकारी व्यायामशाला से अजनारी बाईपास तक सीसी एवं नाली निर्माण 250 मीटर। ग्राम चरसर में पं. दीनदयाल उपाध्याय इंटर कालेज की बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य। विकास खण्ड कोंच के ग्राम परैछा में हरीराम से हरिगोविन्द की ओर 6 सीसी निर्माण कार्य। विकास खण्ड जालौन के ग्राम लहचूरा में मिनी स्टेडियम का निर्माण। विकास खण्ड कोंच के थुरट सोजना में हजारी से भगवान दास के मकान तक सीसी निर्माण कार्य। विकास खण्ड डकोर के ग्राम सैदनगर में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य। विकास खण्ड कोंच के ग्राम बसोब में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कार्य।

### ग्राम पंचायतें स्वयं आय के स्रोत खोजें प्रशिक्षण सत्र में दिये टिप्स

**कुठौंद,जालौन।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के स्वयं के आय स्रोत विषय पर द्वि-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक सभागार कुठौंद एवं जालौन में किया गया। प्रशिक्षण उप निदेशक पंचायत झांसी मंडल के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम का सोमवार को सहायक विकास अधिकारी ब्रजेश कुमार त्रिपाठी द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रशिक्षक शशांक खरे ने प्रतिभागियों को ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय बढ़ाने के व्यावहारिक उपाय समझाए उन्होंने बताया कि पंचायतों के पास उपलब्ध कर योग्य संपत्तियां जमीन, भवन, बाजार, नियमित आय का प्रमुख आधार हैं पेयजल आपूर्ति शुल्क और बाजार शुल्क को सुव्यवस्थित कर स्थाई आय सृजित की जा सकती है।


## एच.एच.ए. गुडलाइफ महाविद्यालय रेलवे रोड, कम्पिल, जनपद-फर्रूखाबाद (190033)

दिनांक : 20.11.2025

**डी.एल.एड.(बी.टी.सी.) 2025 के अन्तर्गत अल्पसंख्यक संस्था की 50 सीटों को सीधे भरे जाने हेतु विज्ञप्ति**

शासनादेश सं0 1169/अरसठ-4-2025-2067/2013 बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 दिनांक 12.11.2025 द्वारा दिये गये निर्देश तथा कार्यालय सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश के पत्रांक सं./डी.एल.एड. प्रशि. 2025/4701-09/2025-26 दिनांक 17 नवम्बर 2025 के अनुक्रम में संस्थान प्रबन्धतन्त्र / सोसाइटी के पत्रांक एच.एच.ए. गुडलाइफ /अ.सं./2025-26 दिनांक 28.11.2025 के द्वारा डी.एल.एड. प्रशिक्षण-2025 प्रवेश / चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत सीधे आवेदन करने वाले अपने अप्रवेशित अभ्यार्थियों को सीधे प्रवेश की कार्यवाही किये जाने हेतु अवगत कराया जाता है कि सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

कॉलेज वेबसाइट : www.hhaglife.org

**प्रबंधक-**
**एच.एच.ए. गुडलाइफ महाविद्यालय रेलवे रोड कम्पिल, फर्रूखाबाद**

# हाईटेंशन लाइन से झुलसकर एमआर की मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक एमआर की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक का फाइल फोटो


जांच पड़ताल करती पुलिस

जानकारी के अनुसार बढ़पुर विकास खंड क्षेत्र के रखा गांव में विशाल मिश्रा (38) पुत्र कैलाश चंद्र मिश्रा अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य करवा रहे थे। इसी दौरान उन्होंने जीने में बांधने के लिए सरिया उठाई, जो पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गई। सरिया के हाईटेंशन लाइन से छूते ही विशाल बुरी तरह झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही फतेहगढ़ कोतवाली प्रभारी रणविजय सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने गंभीर हालत में झुलसे युवक को ई-रिक्शा से एक निजी अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद विशाल मिश्रा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर याकूतगंज चौकी इंचार्ज राहुल कुमार भी मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। बाद में फतेहगढ़ कोतवाल रणविजय सिंह ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताते चलें कि विशाल मिश्रा पेशे से एमआर थे।

# कड़ाके की सर्दी व कोहरे में थमी वाहनों की रफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

लगातार दूसरे दिन भी कड़ाके की सर्दी और घने कोहरे का प्रकोप जारी रहा। मंगलवार सुबह विजिबिलिटी काफी कम रही। जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते दिखे। सोमवार रात से ही जिले में घना कोहरा छाना शुरू हो गया था। जो मंगलवार सुबह भी बना रहा। सुबह 6 बजे विजिबिलिटी लगभग 20 मीटर थी। जो 9 बजे तक बढ़कर 50 मीटर हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरा और भी घना था। इटावा-बरेली हाईवे और फर्रुखाबाद-दिल्ली मार्ग पर वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर धीमी गति से चलना पड़ा। मंगलवार को जिले का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 21 प्रतिशत रहा। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा अभी तक लकड़ियों की व्यवस्था नहीं की गई है और वे अपनी निजी व्यवस्था से आग जला रहे हैं। सबसे ज्याद परेशानी रोज कमाने खाने वालों को हो रही है। सर्दी के चलते उनकी दुकानदारी न के बराबर हो रही है। सर्दी के चलते लकड़ी व कोयले के दाम भी आसमान पर पहुंच गये हैं। इलेक्ट्रानिक की दुकानों पर ब्लोअर व रुम हीटर की अधिक बिक्री हो रही है।


लाइट जलाकर चल रहे वाहन

# सात माह के प्रेम में एक बच्चे की मां शिवा अंसारी से बनी सृष्टि

**मंदिर में हिन्दू युवक के साथ रचायी शादी, मौजूद रहे हिन्दूवादी नेता**


शादी के बंधन में बंधने के बाद मौजूद युगल जोड़ा व मौजूद अधिवक्ता व हिन्दूवादी नेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फतेहगढ़ थाना क्षेत्र से एक अनोखा मामला सामने आया है। जहां एक बच्चे की मां शिवा अंसारी उर्फ सृष्टि ने अपने पहले पति से तलाक लेकर गौतम श्रीवास्तव से हिंदू रीति रिवाज से शादी कर ली। जानकारी के अनुसार शिवा अंसारी का गौतम श्रीवास्तव से करीब सात माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों ने शादी करने का निर्णय लिया। मंगलवार को मुस्लिम युवती शिवा अंसारी ने अपने प्यार के लिए नाम और धर्म बदलकर श्रद्धापूर्वक हिंदू रीति रिवाज से सृष्टि उर्फ शिवा अंसारी गौतम श्रीवास्तव के साथ फतेहगढ़ कलेक्ट परिसर में शिव मंदिर में जलाभिषेक कर हिंदू रीति रिवाज से मांग भरकर मंगल सूत्र पहनाया। इस अवसर पर जिला आर.एस.एस. से दिनेश तोमर, हिंदू जागरण संयोजक राहुल सिंह, जानू ठाकुर, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के युवा जिला अध्यक्ष अधिवक्ता निलेश कुमार, अखिलेश मिश्रा विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री मौजूद रहे।

# पॉक्सो एक्ट के मामले में दोष सिद्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

**सजा पर सुनवाई 19 दिसंबर को**

अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रशांत पुत्र मलखान सिंह निवासी घाटमपुर जहानगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 दिसंबर की तिथि नियत है।

बीते दस वर्षों पूर्व थाना जहानगंज क्षेत्र के ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 03 फरवरी 2017 को मेरी 15 वर्षीय पुत्री को प्रशांत, मलखान, माला देवी, वाले उर्फ बलराम मेरी पुत्री का अपहरण कर बहला फुसलाकर भगा ले गये थे। उक्त घटना को कई लोगों ने देखा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने प्रशांत को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 19 दिसंबर की तिथि नियत है। साक्ष्य के अभाव से मालिखान, माला उर्फ मालती देवी, वाले उर्फ बलराम को दोष मुक्त कर दिया।

# आशा कार्यकर्ताओं का धरना दूसरे दिन भी जारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फतेहगढ़ स्थित सीएमओ कार्यालय पर आशा कार्यकर्ताओं का अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

आशा कार्यकर्ताओं की प्रमुख मांगों में उन्हें राज्य कर्मचारी घोषित करना, स्थायीकरण, मानदेय बढ़ाकर 20,000/- रुपए करना, ईपीएफ का सदस्य बनाना और 10 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा शामिल है। उन्होंने कई महीनों से लंबित भुगतान न होने की शिकायत भी की। सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार मंगलवार को धरना स्थल पर पहुंचे और आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुना। यह धरना उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स एसोसिएशन के बैनर तले आयोजित किया जा रहा है। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि उन्हें 56 प्रकार के कार्य करने होते हैं। जिसके लिए उन्हें मात्र 2,000/- रुपए मिलते हैं। आशा शिमला, मिथलेश सोलंकी और कविता राजपूत सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्हें टुकड़ों में पैसा नहीं चाहिए, बल्कि बंधा हुआ वेतन चाहिए। उन्होंने सरकार से राज्य कर्मचारी का दर्जा दिए जाने की मांग दोहराई। धरने में किरन, गिरजा कुमारी, सुमन देवी, रुचि और गीता सहित कई अन्य आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।


धरना प्रदर्शन करतीं आशा कार्यकर्ता

## खबरें एक नजर में

### सीओ अमृतपुर ने ग्राम जैनापुर में चौपाल लगाकर किया जागरुक


जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ने थाना राजेपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम जैनापुर में एक विशेष जागरूकता चौपाल लगाकर ग्रामीण लोगों को जागरुक किया। चौपाल का उद्देश्य समुदाय, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं को सुरक्षा, अधिकारों तथा अपराध-निरोध के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में पुलिस ने उपस्थित लोगों को महिला सुरक्षा कानून, घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉक्सो एक्ट, ईव-टीजिंग व साइबर क्राइम से जुड़े प्रावधानों सहित विभिन्न कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। इसके साथ ही प्रतिभागियों को 1090, 112, 1098 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग और महत्व समझाया गया। इस पहल ने लोगों में सुरक्षा जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और अपराध-मुक्त वातावरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रखा।

### कोहरे से थमी ट्रेनों की रफ्तार, कालिंदी समेत कई ट्रेनें विलम्ब से पहुंचीं


फर्रुखाबाद स्टेशन पर खड़ी कालिंदी एक्सप्रेस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोहरे के चलते ट्रेनों की रफ्तार थम गयी है। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय के काफी विलम्ब से चल रही हैं। जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सोमवार देर रात से कोहरा गहरा गया था। जिससे भिवानी प्रयागराज कालिंदी एक्सप्रेस मंगलवार को लेट हो गई। यह ट्रेन सुबह 5ण्35 बजे फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन पर आती है। यह ट्रेन छह घंटा 46 मिनट विलंब से दोपहर 12:21 बजे यहां आई। कामाख्या एक्सप्रेस करीब 35 मिनट से सुबह 8:35 बजे यहां आई। कानपुर अनवरगंज फर्रुखाबाद एक्सप्रेस 15 मिनट, लखनऊ कासगंज पैसेंजर 30 मिनट विलंब से आई। ट्रेनों के देरी से पहुंचने के कारण कई यात्री अपने गंतव्य तक समय पर नहीं पहुंच सके। जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# भैंस बांधने के विवाद में परिवारीजनों ने महिला पर बोला हमला, घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के सितवनपुर पिथू गांव में भैंस बांधने के विवाद को लेकर एक महिला पर हमला किया गया। चचिया ससुर और उसके बेटे ने महिला को लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी साधना पत्नी गोलू अपने घर में काम कर रही थीं, तभी उन्होंने देखा कि परिवार की एक भैंस उनके छप्पर को गिरा रही थी। साधना ने इस बात की शिकायत अपने चचिया ससुर से की और भैंस को बांधने के लिए कहा। इसी बात को लेकर चचिया ससुर और उसके बेटे ने साधना को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब साधना ने इसका विरोध किया, तो दोनों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। मारपीट में साधना गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल साधना ने तुरंत अपने पिता राम शंकर को फोन पर सूचना दी। जो हरदोई जिले के सांडी थाना क्षेत्र के कुबेरपुर निवासी हैं। सूचना मिलने पर राम शंकर अपने परिवार के साथ सितवनपुर पिथू गांव पहुंचे और घायल साधना को नवाबगंज थाने ले गए। पुलिस ने साधना को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। थाना प्रभारी अवध नारायण पांडे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी दोषी पाया जाएगा। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साधना के पति गोलू दिल्ली में नौकरी करते हैं।

# हत्या के प्रयास में दो सगे भाइयों समेत चार को सात वर्ष का कारावास

**पच्चीस हजार रुपये का लगाया गया अर्थदण्ड**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार सिंह ने जमीनी विवाद में हुए जानलेवा हमले के मामले में नीरज पुत्र छविनाथ निवासी रतनपुर थाना जहानगंज, अनूप सिंह, अनिल सिंह पुत्रगण मानसिंह निवासीगण अलिदासपुर थाना मोहम्मदाबाद, टीपू पुत्र सत्येंद्र निवासी सिरौली सिकंद्राराऊ थाना हाथरस को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 25 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 9 वर्ष पूर्व थाना जहानगंज के ग्राम रतनपुर निवासी रामबाबू पुत्र सुंदर सिंह ने 16 जून 2016 को तहरीर दी जिसमें बताया कि समय करीब 3:00 बजे दिन में अपने घर पर मौजूद था, तभी मेरे पड़ोस के नीरज, अनूप, अनिल, टीपू (नीरज का भांजा) आकर मेरे घर के सामने मेरी तरफ रास्ते में निहास खोदने लगे व रास्ता बंद करने लगे। रास्ता बंद करने के लिए मेरी पत्नी राजबेटी, पुत्री सरोज व मैंने रास्ता बंद करने के लिए मना किया, तो उपरोक्त आरोपी सभी आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए अपने हाथों में लिए लाठी-डंडों व तमंचों की बटों से मारपीट करने लगे व मेरा लड़का सचिन बचाने आया, तो नीरज उक्त लोगों ने जान से मारने के नियत से तमंचे से फायर कर दिया, जो कि मेरे बेटे सचिन के पेट में लगा। जिससे मेरा लड़का गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। उक्त लोगों की फायर से पास में नल से पानी भर रही महिला विट्टन के कुछ छर्रे जाकर लगे। जिससे वह भी घायल हो गई तथा मारपीट करने से मेरी पत्नी राजबेटी के काफी चोटें आईं। गांव वालों की मदद से लड़के सचिन व पत्नी राजबेटी को लेकर अस्पताल गया।

साक्ष्य गवाहों के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। बचाव पक्ष के शासकीय अधिवक्ता स्वदेश प्रताप सिंह, पंकज कटियार की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश नीरज कुमार ने नीरज, अनूप सिंह, टीपू को सात वर्ष का कारावास व पांच-पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अनिल को सात वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# समूह सखी की महिलाओं ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**बिना मीटिंग के ग्राम संगठन का अध्यक्ष चुने जाने का लगाया आरोप**

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।


आरोपी लगातीं समूह सखी संगठन की महिलाओं

ब्लाक परिसर में समूह सखी की महिलाओं ने ब्लाक परिसर में पहुँचकर खण्ड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने ग्राम संगठन का अध्यक्ष बिना मीटिंग के चुने जाने का आरोप लगाया है।

गांव उलियापुर की निवासी श्वेता मिश्रा ने बताया कि वह समूह संगठन की अध्यक्ष थीं, लेकिन बिना मीटिंग के ही सोनी बाथम को अध्यक्ष पद पर नियुक्त कर दिया गया। श्वेता मिश्रा का आरोप है कि बीते कई माह से राशन का भाड़ा भी वितरण नहीं किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोनी बाथम भोले बाबा संगठन की अध्यक्ष हैं। अन्य संगठनों का जो राशन का भाड़ा मिला है उसे सोनी ने किसी को नहीं दिया है। संगठन की अन्य महिलाएं रजनी, पुष्पा, सुनीता, रामवेटी, आसमा देवी, राजवती, रजनी, अनीता आदि ने खंड विकास अधिकारी से उक्त मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


पोल के पास मौजूद मोहल्लेवासी

### पोल में उतरे करंट से छात्रा झुलसी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर-10 इन्द्रा नगर रेलवे रोड पर अवधेश ठाकुर के पास लगे बिजली के पोल में करेन्ट आने पर एक छात्रा जो की उधर से गुजर रही थी, उसी दौरान वह करन्ट की चपेट में आ गई। आसपास के भानू, शुभम यादव, प्रदीप, अवधेश सहित आदि कई लोगों ने इकट्ठा होकर बिजली विभाग को सूचना थी। जेई द्वारा लाइन कटवा दी गई। कुछ समय बाद लाइन को पुनः चालू करवा दिया गया। पोल के नीचे धुआं उठता देख राहगीरों ने दोबारा से सूचना जेई जावेद अहमद को दी। उन्होंने तत्काल बिजली कट करवाकर लाइन मैन मुकेश, टाटा, नावेद को भिजवाकर लाइन सही करवायी। तब जाकर पुनः बिजली शुरु की गयी।

# डीआईजी हरीश चंदर ने जहानगंज थाने का किया निरीक्षण


थाने के निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते डीआईजी

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

कानपुर परिक्षेत्र के उपमहानिरीक्षक हरीश चंदर सोमवार रात जनपद पहुंचे। उन्होंने जहानगंज थाने का निरीक्षण किया। जहानगंज थाने में उप महानिरीक्षक ने सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात और शस्त्रागार का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने थाने के अभिलेखों की भी जांच की और थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी के निरीक्षण से पुलिसकर्मियों में अफरा-तफरी मच गयी। उनके जाने के बाद पुलिसकर्मियों ने राहत की सांस ली।

**लूट की घटना पर सख्त दिखे डीआईजी**

कैश पिकअप कर्मी के गोली मारकर लूट करने के मामले में डीआईजी हरीश चंदर सख्त हो गये है उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक करने के साथ ही लूट के जल्द खुलासे के सख्त निर्देश दिये। पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर हरीश चंदर द्वारा पुलिस लाइन सभागार में पुलिस कर्मियों के साथ कानून-व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान, लंबित विवेचना निस्तारण, जन शिकायत, साइबर अपराध अभियान, आईजीआरएस को लेकर प्रगति जानी और कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इस दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक ने कादरीगेट के गुंजन बिहार कॉलोनी में हुई राजेश शर्मा कैश पिकअप कर्मी से लूट की घटना के जल्द खुलासे के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार आदि अधिकारी रहे।

# इफ्को सेंटर पर खाद के लिए किसानों की लगी लंबी कतारें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिले में गेहूं और आलू की फसलों के लिए खाद की बढ़ती मांग के कारण इफको केंद्रों पर किसानों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। मंगलवार को सातनपुर मंडी स्थित इफको सेंटर पर यूरिया और डीएपी खाद लेने के लिए किसान घंटों लाइन में खड़े रहे। इन कतारों में महिलाएं भी शामिल थीं।

मंगलवार को किसान सुबह करीब 6-7 बजे से ही इफको केंद्र पर पहुंचना शुरू हो गये थे, जबकि केंद्र सुबह 9 बजे खुलते हैं। मंगलवार को सातनपुर स्थित इफको केंद्र पर खाद वितरण शुरू होने के बाद लंबी कतारें लग गई। किसानों ने बताया कि उन्हें खाद लेने के लिए एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ा। किसान मनोज कुमार ने बताया कि वह सुबह 7 बजे खाद लेने आए थे और दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे तक उन्हें खाद नहीं मिल पाई थी।

लाइन में लगे अन्य किसानों ने भी इसी तरह की परेशानी बताई। इफको केंद्र के प्रभारी धीरज कुशवाहा ने जानकारी दी कि केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुलता है और समय पर खाद का वितरण किया जा रहा है।

उन्होंने स्वीकार किया कि कभी-कभी सर्वर की समस्या के कारण दिक्कतें आती हैं, लेकिन इसके अलावा कोई अन्य समस्या नहीं है।

# व्यापारी नेताओं ने उपनिदेशक कृषि उत्पादन मंडी परिषद को भेजा ज्ञापन

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

नवीन मंडी समिति कायमगंज द्वारा मंडी के बाहर बनाई गई सुपरमार्केट की 25 दुकानों की नीलामी प्रक्रिया दिनांक 23 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित है। इसमें दुकानों की कीमत जगह की सर्किल वैल्यू प्लस आज की निर्माण लागत जोड़कर रखी गई है, जो लगभग 24 लाख 35000 के बराबर है। इस संबंध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा उपनिदेशक कृषि उत्पादन मंडी परिषद कानपुर को संबोधित ज्ञापन मंडी सचिव शैलेंद्र वर्मा को दिया गया। जिसमें मांग की गई कि यदि आप जमीन की और निर्माण की पूरी कीमत ले रहे हैं तो फिर आप दुकान किराए पर क्यों दे रहे हैं थे, तो आप बोली दाता के नाम उसका बैनामा कर दीजिए एवं जो दुकान 20 से 25 साल पहले बनी है उनकी हिरास वैल्यू घटाकर एवं जमीन की कीमत छोड़कर नीलामी प्रक्रिया रखिए, ताकि दुकान का आवंटन सुचारू रूप से हो सके अन्यथा की स्थिति में यह दुकानों की नीलामी सफल नहीं हो पाएगी। ज्ञापन देने वालों में नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता, धर्मवीर यादव, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण यादव, युवा तहसील महामंत्री रामशंकर बाथम, मनोज गुप्ता, आकाश बाथम, रामबरन बाथम सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।



मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

# केसीसी धारक किसानों की फसलों का बीमा कराया जाए: डीएम



बैठक लेते डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में फसल बीमा योजना से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में उप कृषि निदेशक, समस्त बैंक कोऑर्डिनेटर, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, जिला कृषि अधिकारी, फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि तथा सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में रबी 2025-26 की फसलों के फसल बीमा को लेकर चर्चा की गई। डीएम ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि समस्त किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) धारक किसानों की फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से किया जाए। जिससे प्राकृतिक आपदाओं की स्थिति में किसानों को समय से क्षतिपूर्ति मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों द्वारा लिखित रूप में फसल बीमा न कराने का आवेदन प्रस्तुत किया जाएगा, केवल उन्हीं का बीमा नहीं किया जाएगा। फसल बीमा प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित है। बैंक प्रतिनिधियों द्वारा यह भी बताया गया कि फसल बीमा पोर्टल दिन में कई बार कार्य नहीं करता, जिससे समय से डाटा फीडिंग में कठिनाई उत्पन्न होती है। डीएम ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की तकनीकी अथवा प्रशासनिक समस्या होने पर तत्काल अपने उच्चाधिकारियों, उप कृषि निदेशक एवं प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक को सूचित किया जाए, ताकि समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। फसल बीमा कंपनी के प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि खरीफ2025 में बाढ़ से प्रभावित फसलों की क्षति के लिए जनपद के 2317 किसानों को कुल 1 करोड़ 67 लाख रुपये की क्लेम राशि उनके खातों में भुगतान की जा चुकी है। साथ ही फसल कटाई प्रयोग के परिणामों के आधार पर यदि उपज में और कमी पाई जाती है, तो शेष पात्र किसानों को अतिरिक्त धनराशि का भुगतान भी किया जाएगा।

# कला पेपर के साथ सम्पन्न हुई अर्धवार्षिक परीक्षा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रातः कालीन गणित और दूसरी मीटिंग में कला विषय की परीक्षा के साथ ही अर्धवार्षिक परीक्षा सम्पन्न हुई। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि काफी प्रयास के बाद 56 के सापेक्ष 48 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा समाप्त हो जाने पर बच्चे काफी खुश नजर आए। बीएलओ ड्यूटी में लगे शिक्षकों के न आने से परीक्षा कराने में काफी असुविधा हुई।

## शीतलहर के चलते किया जाये स्कूलों के समय में परिवर्तन

फर्रुखाबाद। भीषण कोहरा व गलन के कारण सर्दी बढ़ रही है, जिस कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सर्दी में बच्चों विशेष कर स्कूल स्टाफसमय पर स्कूल पहुंचने में भारी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रदेश के अनेक जिलों में स्कूलों का समय बदला जा चुका है। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने जिलाधिकारी से भारी शीतलहर व कोहरे के चलते स्कूलों में समय प्रातः दस बजे से दोपहर दो बजे तक करने की मांग की।



परीक्षा में बैठे बच्चे

## खनन अधिकारी ने पकड़ी ओवरलोड बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया। खनन अधिकारी ने थाना शमशाबाद क्षेत्र में चेकिंग अभियान के दौरान बालू भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया और ओवरलोड होने पर थाना पुलिस को सौंपा दिया तथा जुर्माना भी लगाया गया।



पकड़ी गयी ट्रैक्टर ट्राली

मंगलवार को थाना शमसाबाद क्षेत्र के अंतर्गत औचक छापेमारी की गई। मौके एक ट्रैक्टर ट्राली मय बालू लदी की जाँच में रॉयल्टी में अंकित मात्रा से अधिक ओवरलोड परिवहन पाए जाने पर खनन अधिकारी ने ऑनलाइन नोटिस निर्गत कर वाहन को थाना शमसाबाद की अभिरक्षा में दिया गया है। उक्त कार्यवाही में 27970 जुर्माना लगाया गया।

# विजेता खिलाड़ियों को आईटीआई प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित



खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में मण्डल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीमों के प्रतिभागियों के पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया है। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने खो-खो विजेता टीम के 09 प्रतिभागी, गोला फेंक का 01 प्रतिभागी, लम्बीकूद के 02 प्रतिभागी एवं दौड़ 100 मीटर/400 मीटर के 01 तिभागी को ट्राफी एवं मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभ कामनाएँ दी। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने कहा कि खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। शरीर के लिए बहुत जरुरी है। सभी विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रुचि रखे और अपने जिले एवं देश का नाम रोशन करें। इस मौके पर बृजेश कुमार कार्यदेशक, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, जगन्नाथ सिंह, रोहित कान्त एंव समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

# 38 उर्वरक दुकानों पर छापा, 4 लाइसेंस निलम्बित व 6 नमूने ग्रहित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।





जांच करती टीम

जिलाधिकारी द्वारा जनपद के कृषकों को गुणवत्तायुक्त एवं निर्धारित मूल्य पर यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जनपद की समस्त तहसीलों में कृषि विभाग एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कराते हुए छापे हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

जिला कृषि अधिकारी बी0के0 सिंह ने बताया कि तहसील कायमगंज में उप कृषि निदेशक व अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी, तहसील सदर में जिला कृषि अधिकारी व सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता एवं तहसील अमृतपुर में उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सदर व अपर जिला कृषि अधिकारी द्वारा छापे की कार्यवाही की गयी। जांच टीम ने उर्वरक के 38 प्रतिष्ठानों पर छापे की कार्यवाही करते हुए 6 संदिग्ध नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु ग्रहित किये गये है, बिना किसी सूचना के प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने के कारण 4 उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने की दशा में लाइसेंस समाप्ति के साथ विधिक कार्यवाही भी की जायेगी एवं नमूनों को जाँच हेतु प्रदेश की प्रयोगशालाओं में भेजा जाएगा। परीक्षण परिणाम अमानक पाये जाने पर लाइसेंस निरस्तीकरण के साथ ही विधिक कार्यवाही भी की जाएगी। जनपद में यूरिया की लगातार आपूर्ति हो रही है अगले 3 दिवस के अन्दर इफको एवं सरदार यूरिया की रैक जिले को मिल रही है। वर्तमान में माह दिसम्बर के लक्ष्य के सापेक्ष 106 प्रतिशत यूरिया उपलब्ध है। पी0सी0एफ0 के वफर गोदाम में आरक्षित 1350 मै0टन यूरिया को समितियों एवं इफको केन्द्र पर डीएम के निर्देश के क्रम में लगातार भेजा जा रहा है। रैक से प्राप्त होने वाली यूरिया को भी सीधे फुटकर विक्रेताओं के यहां भिजवाया जायेगा। किसान आवश्यकतानुसार यूरिया का प्रयोग करें, यूरिया की कमी कहीं भी नहीं होने दी जायेगी। जांच के समय बिना किसी सूचना के प्रतिष्ठान बंद कर गायब होने एवं समुचित अभिलेख न दिखाये जाने के कारण के जिला कृषि अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से 4 विक्रेताओं का लाइसेंस निलम्बित कर दिया गया। जिसमें मै0 मिथलेश खाद एवं बीज भण्डार अरसानी मोहम्मदाबाद, मै0 अंकुर खाद भण्डार धीरपुर चौराहा मोहम्मदाबाद, मै0 जय भोले कृषि सेवा केन्द्र नगला हूसा राजेपुर, मै0 बालाजी खाद एवं बीज भण्डार धीरपुर चौराहा मोहम्मदाबाद बिना किसी सूचना के दुकान बंद कर गायब होने पर निलम्बित कर दिया गया है।

## व्यापारियों को ईओ ने दिया आश्वासन, सात दिन में रेलवे रोड का कार्य होगा शुरु



ईओ को ज्ञापन देते व्यापारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मण्डल ने विवश होकर पुनः रेलवे रोड का सुंदरीकरण करने की मांग की। चौक से रेलवे स्टेशन तक सुंदरीकरण करने का कई बार आश्वासन दिया गया, अभी तक कार्य शुरु न होने से व्यापारियों ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार को ज्ञापन देकर शीघ्र कार्य कराये जाने की मांग की। ईओ ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि सात दिन के अंदर रेलवे रोड का सुंदरीकरण कार्य शुरु कर दिया जायेगा। साढ़े तीन साल से विकास के नाम पर प्रशासन सुंदरीकरण करने का आश्वासन दे रहा है। 28 जुलाई को भी व्यापारियों ने धरना दिया था तो लिखित आश्वासन दिया गया था, फिर भी कार्य शुरु नहीं हुआ। साढ़े तीन साल से रेलवे रोड के व्यापारी परेशान है। अतिक्रमण के नाम पर उनकी दुकानें तोड़ी गई। विद्युत कार्य भी पूर्ण रुप से नहीं हुआ है। एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरु नहीं हुआ तो व्यापार मण्डल आंदोलन करेगा और आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। 15 दिसम्बर को भी निरीक्षण के दौरान विद्युत कार्य अधूरा था। एक सप्ताह के अंदर कार्य शुरु न हुआ तो आंदोलन होगा और नगर पालिका की जिम्मेदारी होगी।

## खबरें एक नजर में

### सांसद खेल स्पर्धा में सब जूनियर में आदर्श जनता इंटर कालेज बना विजेता



विजेता खिलाड़ियों के साथ मौजूद लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। सांसद खेल स्पर्धा के तहत स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में मंगलवार को बॉलीवॉल प्रतियोगिता बालक वर्ग सब जूनियर व जूनियर वर्ग का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारम्भ भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता सब जूनियर बालक वर्ग में आदर्श जनता इंटर कालेज रानू खेड़ा विजेता रहा। एमएमपीएस कायमगंज उपविजेता रहा। सीनियर वर्ग में अलीगंज विजेता तथा सदर विधानसभा उपविजेता रहा। इस अवसर पर सांसद खेल स्पर्धा के प्रभारी अमरदीप दीक्षित, जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, बॉलीवॉल प्रतियोगिता के नोडल सुभाष यादव, इंजाज अहमद सिद्दीकी व निर्णायक मण्डल में जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, अभिषेक शाक्य, विमलेश कुमार, सुनील पाल, केशव गंगवार, अभिषेक पाल, अरुण यादव, मनीष यादव, आलोक यादव, अतुल कटियार, जिला क्रीड़ा प्रभारी अतुल दास, संजीव द्विवेदी, संजीव यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### पाथ फाइंडर्स इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन मॉक ड्रिल का किया गया आयोजन

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज। अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जनपद के छोटे-बड़े विद्यालयों एवं विभिन्न प्रतिष्ठानों में आगजनी की स्थिति में बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में जालौन रोड स्थित पाथ फ इंडर्स इंटरनेशनल स्कूल में अग्निशमन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने किया। मॉक ड्रिल के दौरान विद्यार्थियों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने की प्रक्रिया समझाई गई। साथ ही फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग, आग लगने पर घबराने के बजाय संयम बनाए रखने तथा प्राथमिक सुरक्षा उपायों की व्यावहारिक जानकारी दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बच्चों से संवाद करते हुए बताया कि आग लगने की स्थिति में धुएं से बचने के लिए जमीन से लगभग ढाई से तीन फीट नीचे रहकर घुटनों के बल चलना चाहिए। उन्होंने गीले कपड़े से मुंह और नाक ढकने की सलाह दी, ताकि धुआं शरीर के अंदर न जाए। इसके अलावा बच्चों को आपसी सहयोग, सतर्कता और समय पर सूचना देने के महत्व के बारे में भी बताया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने विद्यालय परिसर में नियंत्रित रूप से आग जलाकर उसे बुझाने का प्रदर्शन किया, जिससे बच्चों को वास्तविक स्थिति में अपनाई जाने वाली तकनीकों को समझने का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त, एक बच्चे को द्वितीय मंजिल से सुरक्षित तरीके से नीचे उतारकर यह बताया गया कि आपातकाल में फंसे लोगों की सहायता किस प्रकार की जाती है।

# डीएम ने दिया कर करेत्तर की समीक्षा बैठक में सख्ती बरतने व कार्य में तेजी लाने के निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

जिलाधिकारी डॉ0 आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कर करेत्तर की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

समीक्षा में वाणिज्य कर विभाग की बसूली लक्ष्य से अत्यंत कम पाई गई। स्टाम्प एवं निबन्धन विभाग की राजस्व प्राप्ति कम पाई गई। आबकारी विभाग की बसूली कम पाई गई। मंडी मोहम्मदाबाद व कायमगंज की मासिक बसूली कम पाई गई। परिवहन विभाग का बसूली लक्ष्य से अधिक पाई। खनन विभाग की बसूली अधिक पाई गई। जिलाधिकारी ने खनन अधिकारी को प्रवर्तन कार्य में सख्ती बरतने व तेजी लाने के निर्देश दिए, विद्युत विभाग की बसूली ठीक पाई गई। डीएम ने निर्देशित किया कि खनन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, स्टाम्प व निबंध, मंडी विभाग प्रवर्तन का कार्य बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन सी.एम. डैशबोर्ड व आई.जी.आर.एस. के पैरामीटर चेक करेंगे व उसमें सुधार लायेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सभी उपजिलाधिकारी व सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिनर्जी फेस्ट के पांचवें दिन सभी खेल सेमीफाइनल के शानदार परिणाम पर पहुंचे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



रस्सा खींचों प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रायें

मंगलवार को मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चल रहे 19वें सिनर्जी फेस्ट 2025 के पांचवें दिन पर सेमी फाइनल के परिणाम पर खेल प्रतियोगिता पहुंच गयी। बैडमिंटन खेल में सेमीफाइनल में दिव्यांश, सोनू, धैर्य और सिद्धांत ने अपनी जगह बनाई। कैरम के सेमीफाइनल के लिए छात्रों से आदर्श, निश्चल और अनुपम पहुंचे एवं छात्राओं के समूह से करीमा और सैंडल पहुंची। 200 मीटर रेस में छात्राओं के समूह से 25 बैच से संध्या प्रथम स्थान, सृष्टि द्वितीय स्थान और मोहिनी 20 बैच से तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई। 400 मीटर रेस में संध्या सृष्टि और प्रिया 25 बैच से क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर पहुंचे। 200 मीटर रेस छात्रों के समूह से शौर्य प्रथम स्थान, मनी द्वितीय स्थान और रमन तृतीय स्थान पर पहुंचे। 400 मीटर रेस में शौर्य 23 बैच से प्रथम स्थान पर आए, तुषार 25 बैच से द्वितीय स्थान पर, कमलनयन 19 बैच से तृतीय स्थान पर पहुंचे। टग ऑफवार में छात्रों में 23, 24, 25 बैच के ग्रुप नें जीत हासिल की, जबकि छात्राओं में तेजस ग्रुप ने बाजी मारी।

# विजय दिवस पर सपा ने कैंडिल मार्च निकालकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- सपा सैनिक प्रकोष्ठ के नेतृत्व में हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कैंडिल मार्च के दौरान सपा नेता

विजय दिवस पर सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने कैंडिल मार्च निकालकर शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव के नेतृत्व में 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कैंडल मार्च आवास विकास स्थित पार्टी कार्यालय से प्रारंभ होकर डॉ. राममनोहर लोहिया की प्रतिमा तक शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। कैंडल मार्च के दौरान पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य, त्याग और बलिदान देश की आन-बान-शान है, जिस पर हर भारतवासी को गर्व है। सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष केके यादव ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में भारतीय सेना का योगदान अतुलनीय है, उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। समस्त सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वर्ष 2027 में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मजबूत करेंगे तथा समाजवादी पार्टी को विजय दिलाएंगे। वक्ताओं ने कहा कि जब नेताजी स्व0 मुलायम सिंह यादव रक्षा मंत्री थे, उस समय भारतीय सेना के सशक्तिकरण के लिए कई ऐतिहासिक और दूरगामी कदम उठाए गए, जो आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर इलियास मंसूरी, पुष्पेंद्र यादव, शशांक सक्सेना, रोमित सक्सेना, रामपाल सिंह यादव, बेच लाल यादव, कश्मीर सिंह, उमेश यादव, संतोष यादव, आशीष शर्मा, दीप सिंह यादव, सुरेंद्र सिंह यादव, चंद्र यादव, जितेंद्र यादव, ओम प्रकाश शर्मा, शिवशंकर शर्मा, सुशील कुमार, शंभू दयाल, रूप सिंह यादव, जगदीश चंद्र यादव, रामाधार, कमल हसन, पवन कुमार, राकेश सिंह जादौन, राजपाल यादव, पूजा कठेरिया, प्रतिभा यादव, अनिल कुमार, अमित यादव, रजत क्रांतिकारी आदि उपस्थित रहे।

## मिशन मेमोरियल अस्पताल में क्रिसमस मेले का हुआ आयोजन



मेले में व्यंजन के स्टाल लगाये नर्सिंग छात्र

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बड़े दिन के उपलक्ष्य में मिशन मेमोरियल अस्पताल के तत्वाधान में क्रिसमस मेले का आयोजन हुआ। नर्सिंग की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के लजीज व्यंजनों के स्टाल लगाये। मेले का उद्घाटन डायरेक्टर डॉ. नम्रता मल्ल द्वारा किया गया। क्रिसमस मेले में विभिन्न स्टालों पर पानी पूरी, पॉपकोन, इडली डोसा, चाट, समोसा, चाय, कॉफी, आलू की टिक्की, मोमोज, पपड़िया आदि के स्टाल लगाये गये। साथ ही लकी ड्रा का आयोजन हुआ। विजेताओं को सम्मानित किया गया। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. अजय मल्ल ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ. निशांत मैसी, डॉ. सिद्धार्थ अग्रवाल, डॉ. अमीषा मैसी, मैनेजर सीवी मल्ल, संदीप लाल, राजीव चन्द्र, प्रदीप योहन्ना, सुमित सेमुअल, अभिषेक लाल, इंतियाज, प्रधानाचार्या अलीशा लाल, स्वप्निल वर्मा, दिव्यांका चन्द्र, एंजिलना मैसी आदि लोग मौजूद रहे।

# विजय दिवस पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में कार्यक्रम हुआ संपन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।





सम्बोधित करते एस.एन. चतुर्वेदी

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में विदस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शुभारंभ भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। अध्यक्ष कैप्टन एस0एन0 चतुर्वेदी तथा मेजर राकेश सिंह जादौन व प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने प्रारंभ किया। अध्यक्ष एस0एन0 चतुर्वेदी ने 16 दिसंबर 1971 के ऐतिहासिक विजय दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि यह दिन भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और बलिदान का प्रतीक है। भारत ने पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय प्राप्त की थी, जिसे हमें सदैव गर्व के साथ स्मरण करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह जादौन ने भैया बहनों को देशभक्त, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने देशभक्ति और राष्ट्र सेवा की भावना को अपने जीवन में आत्मसात करके आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए। संचालन भैया रुद्र सारस्वत किया। अतिथि परिचय प्रदीप अवस्थी एवं आभार कृष्ण कुमार कटियार ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य आदि उपस्थित रहे।

# शासन से संतोषजनक वार्ता के बाद ग्राम सचिवों का सत्याग्रह आंदोलन स्थगित

- संसाधन उपलब्ध होने के बाद ही लगेगी ऑनलाइन उपस्थिति-डॉ. प्रदीप सिंह
- सचिवों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं ग्रेड पे संशोधित करने पर विचार करे सरकारः सुबाष चंद्र पांडेय

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध सहित विभिन्न विभागीय समस्याओं पर विगत एक पखवाड़े से चल रहा क्षेत्रीय ग्राम सचिवों का प्रदेशव्यापी सत्याग्रह आंदोलन निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश से संतोषजनक वार्ता के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के शीर्ष पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में सहमति बनने पर अग्रिम कार्यवाही तक स्थगित कर दिया गया।

निदेशक पंचायती राज द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के संदर्भ में प्रतिनिधि मंडल से वार्ता के दौरान बताया गया कि पंचायत सचिवालय निर्माण की मूल भावना के अनुरूप समस्त ग्राम स्तरीय विभागों के कर्मचारियों की एक साथ बैठकर कार्य करने एवं उपस्थित की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शासन की मंशा के अनुरूप ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है, जिससे ग्रामीण जनता को एक ही स्थान पर समस्त विभागों की सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस संदर्भ में शीघ्र ही ग्राम सचिवों की मांग पर उन्हें सरकारी एंड्राइड मोबाइल सेट, लैपटॉप, सीयूजी सिम तथा केंद्रीय वित्त के प्रशासनिक मद से डाटा भत्ता हेतु धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाएगी। ग्राम सचिवों के लिए अप्रासंगिक हो चुके साइकिल भत्ते के स्थान पर शासन से मोटरसाइकिल भत्ता हेतु विभागीय प्रत्यावेदन भेजा जाएगा। डोंगल से भुगतान की जटिल प्रणाली को केंद्र एवं राज्य के दो दर्जन से अधिक अलग-अलग सॉफ्टवेयर को संकलित कर एकल विंडो प्रणाली हेतु तकनीक विकसित की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टेक सर्वे, फैमिली आईडी, हेल्थ कार्ड, गौशाला, पीएम सूर्यघर, पराली प्रबंधन, आवारा पशु पकड़ने आदि विभिन्न दूसरे विभागों के कार्यों को क्षेत्रीय ग्राम सचिव से नहीं कराने हेतु शासन एवं संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा। रिजवी समिति की अनुशंसा पर ग्राम सचिव की शैक्षणिक योग्यता संवर्धित करके स्नातक एवं वेतन मैट्रिक्स लेबल-05 करने हेतु पुनः वित्त एवं कार्मिक विभाग में प्रत्यावेदन प्रेषित किया जाएगा। मनरेगा में 22 अगस्त 2022 को जारी शासनादेश को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन हेतु तथा शासकीय क्षति में डोंगल लगाने के लिए सक्षम अधिकारियों की भी सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावशाली कार्यवाही करायी जाएगी। प्रदेश के समस्त जनपदों में मनरेगा की ऑडिट एक्ट के अनुरूप स्थानीय लेखा परीक्षक से न कराकर सामाजिक अंकेक्षण से कराने तथा परफॉर्मेंस ग्रांट की तरह चार्टर्ड अकाउंटेंट का विकल्प देने की मांग पर भी संतोष जनक वार्ता हुयी।

शासन से सकारात्मक, सार्थक एवं कर्मचारी हितैषी वार्ता के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बैठक के बाद संयुक्त सहमति से प्रदेश स्तर पर विगत एक पखवाड़े से चल रहे विभिन्न विभागीय समस्याओं पर ध्यानाकर्षण सहित संसाधन हेतु सत्याग्रह आंदोलन को अगले कार्यक्रम तक स्थगित करने की घोषणा किया। केंद्रीय बैठक में डॉ0 प्रदीप सिंह, सुबाष चंद्र पांडेय, नागेंद्र प्रताप कुशवाहा, रमेश उदैनिया, सूर्यभानु राय, जितेंद्र यादव, जितेंद्र गंगवार, अनिल कुमार यादव, दुर्गा प्रसाद राय, संतोष कुमार, ललित कुमार, मो0 नसीम खान, राघवेंद्र सिंह आदि प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष शशिदेव सिंह द्वारा दी गई।

# निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 250 से अधिक मरीजों की जांच



समृद्धि न्यूज

**तिकुनिया (खीरी)।** ग्राम पंचायत कड़िया में लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन भाटिया मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्रीय गांवों से आए सैकड़ों मरीजों की आंखों की जांच की गई तथा जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मे और आई ड्रॉप वितरित किए गए।

सुबह करीब 10 बजे से ही बॉर्डर क्षेत्र के लोग शिविर में पहुंचने लगे। कुल मिलाकर लगभग 250 मरीजों का परीक्षण किया गया। यह शिविर कनाडा में रह रहे योगेश भाटिया द्वारा अपने भाई लेफ्टिनेंट कर्नल नितिन भाटिया की स्मृति में आयोजित किया गया। शिविर में मौजूद चिकित्सक डॉ. प्रियदर्शनी ने बताया कि मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों की पहचान की गई है। जिन मरीजों को ऑपरेशन की आवश्यकता पाई गई, उन्हें मोहम्मदी स्थित नेत्र अस्पताल भेजा गया है, जहां अस्पताल के डॉक्टर द्वारा मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जाएगा। अन्य मरीजों को निःशुल्क चश्मे व दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

इस अवसर पर पाल इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक रमनजीत सिंह, विकास शुक्ला, एसएसबी पोस्ट डागा के सहायक कमांडेंट चेतराम नेगी, गांव के जीत सिंह, गुरमीत सिंह, काकू, बाबूराम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में श्रद्धालुओं का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**लखीमपुर सदर, समृद्धि न्यूज।** नई दिल्ली स्थित मंदिर-दरगाह बाबा पीर रतननाथ जी झंडेवाला पर एमसीडी द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में मंगलवार को लखीमपुर सदर के श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने अम्बेडकर पार्क से कलक्ट्रेट तक पदयात्रा निकालते हुए भजन-कीर्तन किया और सादगी के साथ अपना विरोध दर्ज कराया। पदयात्रा के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने अनुशासन और शांति बनाए रखते हुए प्रशासन के समक्ष अपनी भावनाएं प्रकट कीं। कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी दुर्गा नागपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंदिर-दरगाह से जुड़ी आस्था का सम्मान बनाए रखने तथा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई पर पुनर्विचार की मांग की गई। इस अवसर पर चंद्र भूषण साहनी, कुलदीप पाहवा, रवि भूषण साहनी, जितेंद्र साहनी, राकेश भसीन, दिनेश आनंद, संजीव चोपड़ा, अमित तलवार, अमनोल अरोड़ा, सन्नी सलूजा, रितेश भसीन, बादल साहनी सहित अंजू साहनी, सीमा साहनी, मधु राबड़ा, प्रतिमा भसीन, शिवानी भसीन, मधु आनंद, सीमा आनंद और प्रियंका साहनी समेत अनेक सेवक व श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जमीनी विवाद में महिला व बेटी से मारपीट, लाठी-डंडों से पर हमला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना मैलानी क्षेत्र के झाऊपुर ग्रांट नंबर-10 में जमीनी विवाद को लेकर महिला और उसकी पुत्री के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता सरला देवी पत्नी चंद्रप्रकाश निवासी झाऊपुर ग्रांट नंबर-10 बांकेगंज के अनुसार 14 दिसंबर 2025 को शाम करीब छह बजे गांव की सोना श्री पत्नी श्रीपाल उनके घर पहुंची और जमीन के विवाद को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया। विरोध करने पर सरला देवी और उनकी पुत्री लक्ष्मी के साथ मारपीट की गई, जिससे दोनों को चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि इसी घटना के कुछ घंटे बाद रात करीब 11.20 बजे श्रीपाल, उसकी पत्नी सोना श्री, अजय, मोहन, रोहित, अरुण (पुत्रगण श्रीपाल) तथा नेहा और बबली (पुत्रियां श्रीपाल) लाठी-डंडों से लैस होकर उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने एकजुट होकर गंदी गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी और घर के दरवाजे पर लाठियां बरसाईं। इस दौरान दरवाजे की चैनल तोड़ने की भी कोशिश की गई। शोर-शराबा होने पर आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने 15 दिसंबर 2025 को थाना मैलानी में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच अवर निरीक्षक आशीष कुमार को सौंपी गई है।

### ई रिक्शा पलटने से एक किशोर का पैर हुआ फैक्चर

**बबेरू/बांदा,समृद्धि न्यूज।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र के पंडरी गांव मे ई रिक्शा पलटने से ई रिक्शा मे सवार एक किशोर का पैर हुआ फैक्चर, जिला अस्पताल रिफर किया गया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अनौसा गांव निवासी अंकित पुत्र राम मनोहर उम्र करीब 15 वर्ष यह मंगलवार की दोपहर सिमौनी गांव के मौनी बाबा धाम मेला देखने के बाद ई रिक्शा में सवार होकर अपने घर जा रहा था। तभी पंडरी गांव के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमे अंकित ई रिक्शा में दबाकर गंभीर रूप से घायल हो गया. परिजनों के द्वारा सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया. जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद पैर फैक्चर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बांदा रोड हरदौली स्टाफ के पास सोमवार की देर शाम बाइक सवार एक युवक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी बबेरू लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान शिवलाल उर्फ चुन्नू प्रजापति पुत्र रामचंद्र उम्र करीब 25 वर्ष निवासी लोहारा थाना कमासिन के नाम से किया है, वहीं पुलिस के द्वारा परिजनों को सूचना दिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है।

# कार्यक्रमों के साथ डायमंड जुबली चिल्ड्रन जूनियर हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव का हुआ समापन

समृद्धि न्यूज




**बांदा।** डायमंड जुबली चिल्ड्रन जूनियर हाई स्कूल इंग्लिश मीडियम में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छात्र तथा छात्रओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से दर्शकों का मन मोहा मर्दन नाका स्थित डायमंड जुबली चिल्ड्रेन जूनियर हाई स्कूल इंग्लिश मीडियम का फातमा गर्ल्स कैंपस में मंगलवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिषद को आकर्षिक ढंग से सजाया गया कार्यक्रम का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी नरैनी बांदा इरफान उल्ला खान जी ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा गेस्ट आफ असनर ओम नारायण त्रिपाठी, मकबूल अली खान, डा. जरीना, डा. सबीहा रहमानी, मुमताज अली, शेख सादी जमा, दीपाली गुप्ता (राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बांदा), विद्यालय के निदेशिका राफिया खानम तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य अरशद खान और विद्यालय की उप-प्रधानाचार्या इरम फातिमा ने अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। यास्मीन ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों ओर वर्ष भर की गतिविधियों का विवरण किया उन्होंने सत्र 2026-2027 में प्रवेश प्रारंभ होने की भी जानकारी दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वागत गीत, नात, कव्वाली, देशभक्ति कार्यक्रम, ऑपरेशन सिंदूर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विभिन्न हास्य कार्यक्रम तथा विभिन्न थीम आधारित प्रस्तुतिया शामिल की गई से लेकर कक्षा 12 तक से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया अभिभावको ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना की।



मुख्य अतिथि इरफान उल्ला खान ने विद्यालय के शैक्षिक और सांस्कृतिक वातावरण की प्रशंसा की उन्होंने कहा किडायमंड जुबली चिल्ड्रेन (इंग्लिश मीडियम) तथा फात्मा गर्ल्स इंटर कॉलेज शिक्षा के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी विशिष्ट स्थान रखता है प्रधानाचार्य ने छात्रों और छात्राओं को संबोधित करते हुए अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाला बतायाअंत में विद्यालय के चेयरमैन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ समारोह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल : मानक व नियमों को दरकिनार कर संचालित हो रहा अस्पताल

## गोला बाईपास रोड पर स्थित अस्पताल पहले 'लाइफ लाइन हॉस्पिटल' के नाम से व अब 'लखनऊ मेडिकल सेंटर' के रूप में कर रहा मरीजों का इलाज

▸ पूर्व में अस्पताल की लापरवाही के चलते प्रसूता की हो चुकी है मौत




समृद्धि न्यूज

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर खीरी)।** गोला बाईपास रोड पर स्थित निजी अस्पताल पहले 'लाइफ लाइन हॉस्पिटल' के नाम से संचालित था और अब वही अस्पताल 'लखनऊ मेडिकल सेंटर' के रूप में मरीजों का इलाज कर रहा है। नाम बदलने के साथ ही अस्पताल के संचालन को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं।

सबसे गंभीर आरोप यह है कि यह अस्पताल बिना मानक और नियमों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। कुछ माह पूर्व ग्राम जिगनहा व अगौना की एक महिला की डिलीवरी के दौरान हुए हादसे ने अस्पताल की कार्यप्रणाली पर गहरे सवाल खड़े कर दिए थे। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के दौरान लापरवाही बरती गई और महिला की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने वास्तविक स्थिति छिपाते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ में कई दिनों तक चले इलाज के बाद प्रसूता की मौत हो गई। मामले के तूल पकड़ने के बाद अस्पताल को कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। इसके बाद उसी बिल्डिंग में, उसी संसाधनों और उसी प्रबंधन के साथ अस्पताल को नाम बदलकर दोबारा शुरू कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बदलाव सिर्फ दिखावे के लिए किया गया, जबकि व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हुआ। अब आशंका जताई जा रही है कि अस्पताल बिना आवश्यक पंजीकरण, अधूरी सुविधाओं और मानकों की अनदेखी के साथ संचालित हो रहा है। न तो पर्याप्त विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती स्पष्ट है और न ही इमरजेंसी, प्रसूति व नवजात देखभाल से जुड़े जरूरी मानकों की जानकारी सार्वजनिक की गई है।

**इस पूरे प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि सीएससी अधीक्षक डॉ. गणेश को सब कुछ ज्ञात होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई, जिससे अस्पताल प्रबंधन के हौसले बुलंद हैं। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या बिना मानक चल रहे अस्पतालों पर प्रशासन समय रहते लगाम लगाएगा, या फिर नाम बदलकर नियमों से बचने का खेल चलता रहेगा?**

प्रकरण संज्ञान में है। एसडीएम गोला को अवगत कराकर अस्पताल की जांच कराई जाएगी। जांच में यदि अस्पताल मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया तो उस पर कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी।



गोला भानू प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार

# जानलेवा हमले के बावजूद पीड़ित की फरियाद पुलिस ने की नजरअंदाज

▸ कोर्ट के आदेश के बाद जागी पुलिस, दलित पर हमले में दर्ज हुआ केस



समृद्धि न्यूज

**मोहम्मदी (लखीमपुर खीरी)।** थाना मोहम्मदी क्षेत्र में दलित उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां लाठी-डंडों से जानलेवा हमले के बावजूद पीड़ित की फरियाद को स्थानीय पुलिस ने नजरअंदाज कर दिया। हालात यहां तक पहुंचे कि पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक (एसपी) और जिलाधिकारी (डीएम) के समक्ष भी शिकायत की, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसे अंततः अदालत की शरण लेनी पड़ी।

ग्राम असौवा निवासी रोशन पुत्र रामदीन, अनुसूचित जाति समाज से है। पीड़ित का आरोप है कि गांव के ही छोटे सिंह पुत्र बड़ककऊ सिंह से उसका पुराना जमीनी विवाद चला आ रहा है। 17 अगस्त 2025 की रात करीब 10.35 बजे आरोपी उसके घर के बाहर पहुंचा और जातिसूचक गालियां देते हुए विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रोशन के बाएं हाथ की उंगली में गंभीर चोट आई, जबकि सिर पर लाठी लगने से सिर फट गया। चीख-पुकार सुनकर पत्नी किरण और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे, तभी आरोपी घर में डीजल डालकर जलाने और गोली मारने जैसी धमकियां देता हुआ फरार हो गया। पीड़ित का कहना है कि उसने घटना के अगले दिन 18 अगस्त को कोतवाली मोहम्मदी में लिखित तहरीर दी, लेकिन न तो मुकदमा दर्ज हुआ और न ही मेडिकल कराया गया। इसके बाद 19 अगस्त को वह अपनी शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक खीरी और जिलाधिकारी खीरी के कार्यालय पहुंचा। साथ ही रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भी प्रार्थना पत्र भेजा गया, इसके बावजूद थाना स्तर पर कोई सुनवाई नहीं हुई। लगातार अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता से आहत होकर रोशन ने विशेष सत्र न्यायाधीश/एससी-एसटी कोर्ट, लखीमपुर खीरी में प्रार्थना पत्र दाखिल किया। न्यायालय ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर, संज्ञेय और एससी/एसटी अधिनियम से जुड़ा मानते हुए संबंधित थाना प्रभारी को तत्काल एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष विवेचना के निर्देश दिए। अदालत के निर्देश के बाद थाना मोहम्मदी पुलिस ने अंततः मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि विवेचना शुरू कर दी गई है और सभी तथ्यों की जांच की जा रही है।

### शराब के नशे में गाली-गलौज, धारदार हथियार से हमला, तीन

**लखीमपुर खीरी।** प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नई बस्ती बसड़िया निवासी रोहित वर्मा पुत्र स्व. सत्यप्रकाश वर्मा व उनके छोटे भाई शोभित कुमार अपनी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान गांव के ही अमरीश मिश्रा पुत्र रामयन लाल मिश्रा, सतीश पुत्र रामयन लाल, रिंकू पुत्र रामयन लाल तथा बहादुर पुत्र रामनरेश मिश्रा शराब के नशे में वहां पहुंचे और बेवजह गाली-गलौज करने लगे। जब रोहित वर्मा व उनके भाई ने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने झगड़ा शुरू कर दिया। आरोप है कि अमरीश मिश्रा व अन्य ने बांका व डंडे से हमला कर दिया। रोहित वर्मा के बाएं पैर में बांका लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। उन्हें बचाने आए छोटे भाई शोभित कुमार के बाएं कान पर डंडे से वार किया गया, जिससे वह भी घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर पड़ोस के सूर्यांश वर्मा पुत्र सुभाष चंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उनके हाथों में चोटें आईं। घटना के बाद मोहल्ले के अन्य लोग एकत्र होने लगे, जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की लिखित शिकायत पर थाना खमरिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक उदयभान उपाध्याय को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पड़रिया तुला में पशु चिकित्सालय की स्थापना की मांग ने पकड़ा जोर

▸ विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने पशुधन मंत्री को लिखा पत्र

समृद्धि न्यूज



**बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ के ग्राम पड़रिया तुला में पशु चिकित्सालय की स्थापना की मांग अब निर्णायक चरण में पहुंचती दिखाई दे रही है। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही इस मांग को अब जनप्रतिनिधि का भी समर्थन मिल गया है। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य अनूप गुप्ता ने प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह को पत्र भेजकर ग्राम पड़रिया तुला में पशु चिकित्सालय की स्थापना कराने का आग्रह किया है।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व ग्राम पड़रिया तुला निवासी गौरव शुक्ला ने विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में पशु चिकित्सालय की आवश्यकता से अवगत कराया था। ज्ञापन में बताया गया था कि ग्राम पड़रिया तुला एक बड़ा तथा तेजी से विकसित हो रहा क्षेत्र है, जहां पालतू पशुओं की संख्या काफी अधिक है। ग्रामीणों की आजीविका का मुख्य आधार कृषि और पशुपालन है, लेकिन क्षेत्र में पशु चिकित्सालय की सुविधा न होने के कारण टीकाकरण, उपचार तथा आपातकालीन स्थिति में किसानों को कई किलोमीटर दूर अन्य कस्बों में जाना पड़ता है। समय पर उपचार न मिल पाने के कारण कई बार पशुओं की मृत्यु हो जाती है, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। ग्रामीणों की इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम पड़रिया तुला एवं आसपास के गांवों में पालतू पशुओं की संख्या अत्यधिक है और अधिकांश ग्रामीण कृषि व पशुपालन पर निर्भर हैं। पशु चिकित्सालय की स्थापना से न केवल इस ग्राम, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने जनहित को ध्यान में रखते हुए विकास खंड बिजुआ के ग्राम पड़रिया तुला में शीघ्र पशु चिकित्सालय की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने की मांग की है।

# छात्र नेताओं ने बिगड़े एक्यूआई 253 पर छेड़ी मुहिम

▸ प्रशासन व पर्यावरण विभाग तत्काल सचेत हों



समृद्धि न्यूज

बांदा। दिल्ली की तरह ही, अब बुंदेलखंड के बांदा शहर की वायु गुणवत्ता भी खरा श्रेणी में पहुँचकर खतरे के निशान पर है। वर्तमान में बांदा का वायु गुणवत्ता सूचकांक 253 दर्ज किया गया है। इस गंभीर पर्यावरणीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए, स्थानीय छात्र नेताओं ने बांदा को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए डिजिटल और ज़मीनी स्तर पर एक जोरदार मुहिम शुरू की है। छात्र नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स और जनसंपर्क के माध्यम से शहरवासियों से इस समस्या पर तत्काल ध्यान देने का आग्रह किया है।

उनका मत है कि बांदा में कोई बड़ा औद्योगिक क्षेत्र न होने के बावजूद भी इतना बढ़ा हुआ स्तर यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर कचरा जलाना, वाहनों का अत्यधिक उपयोग, और वृक्षों की कमी ही मुख्य कारण हैं। मुहिम के तहत, छात्र नेताओं ने बांदा के निवासियों से मिलकर इन पाँच ठोस कदमों को अपनाने की अपील की है ताकि एक्यूआई को कम किया जा सके और स्वास्थ्य जोखिमों से बचा जा सके। अधिक से अधिक टेरेस/बालकनी गार्डन बनाएं और घर के बाहर, सड़क किनारे सघन वृक्षारोपण करें। छोटी दूरी के लिए पैदल चलने या साइकिल का उपयोग करें; गाड़ियों का उपयोग केवल मजबूरी में ही करें। प्लास्टिक दहन पर रोकरू कचरा, विशेषकर प्लास्टिक और सूखी पत्तियों को जलाना पूरी तरह बंद करें। प्लास्टिक का बहिष्काररू पर्यावरण को बचाने के लिए सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करें। छात्र नेता लव सिन्हा ने इस मौके पर कहा, ष्हमारा भविष्य साफ हवा पर निर्भर करता है। हमें जागरूक रहना होगा। छात्रनेता शैलेंद्र वर्मा एक छोटा शहर है, लेकिन 253 एक्यूआई हमें बता रहा है कि हम गहरी गलती कर रहे हैं। यश राज गुप्ता ने कहा हमारा निवेदन है कि बांदा का पर्यावरण विभाग इस स्थिति को गंभीरता से ले और शहर की हवा को स्वच्छ रखने के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए।ष् साजिद अली ने कहा आज हम दूषित हवा में जीने को मजबूर हो रहे है ये भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है वही दीपक गुप्ता का कहना है कि वर्तमान में हम सभी छात्र संभाल गए तो निश्चित बदलाव आएगा और साफ हवा प्राप्त कर पाएंगे। इस डिजिटल और ज़मीनी मुहिम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय पर्यावरण विभाग और जिला प्रशासन को इस गंभीर खतरे के प्रति सचेत करना है।

# वानिकी महाविद्यालय में मनाया गया अखिल भारतीय हस्तशिल्प सप्ताह

**बांदा।** भारत में सदियों से परंपरागत हस्तकलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हर क्षेत्र में बसे कारीगर और हस्तशिल्प कलाकार अपनी अनूठी कलाओं और परंपराओं को पीढ़ियों से संजो कर आगे बढ़ते आए हैं। इसी भावना को सम्मान देने के लिए अखिल भारतीय हस्तशिल्प सप्ताह 8 से 14 दिसंबर पूरे देश में मनाया जाता है। इसी उद्देश्य वानिकी महाविद्यालय के वन उत्पादन एवं उपयोग विभाग और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 के संयुक्त तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के लिए 8 से 14 दिसंबर 2025 के बीच अखिल भारतीय हस्तशिल्प सप्ताह मनाया गया। सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने बाँस और लकड़ी से विभिन्न शैलियों में हस्तशिल्प तैयार किए और अपनी कल्पनाशीलता को खूबसूरती के साथ शिल्प में उकेरा।

# एसपी ने पुलिस लाइन में स्थित कार्यालयों व शाखाओं का किया गया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा पुलिस लाइन में स्थापित समस्त शाखाओं/कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा वाचक कार्यालय, आईजीआरएस शाखा, अपराध शाखा, चुनाव सेल, गुमशुदा सेल, मॉनिटरिंग सेल, स्थानीय अभिसूचना इकाई, वीवीआईपी सेल, फील्ड यूनिट । साइबर क्राइम थाना, यूपी-112 कार्यालय, जिला नियंत्रण कक्ष, रेडियो शाखा, यातायात कार्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय व क्षेत्राधिकारी सदर कार्यालय आदि का गहन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के अभिलेखों की जांच कर उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी डायल-112 को आपातकालीन पुलिस सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने तथा आमजनमानस को इसके उपयोग के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए । पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त शाखा प्रभारियों को अपने-अपने कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए । साथ ही लंबित प्रकरणों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुए कार्यालय के कार्यों को सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी ढंग से संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया । पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बन्धित को आदेशित भी किया गया। कार्यालय परिसर की साफ-सफाई एवं अनुशासन बनाए रखने पर विशेष बल दिया तथा सभी कर्मचारियों से अपेक्षा की, कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, जिससे जनसामान्य को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

उन्नति की ओर | मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए तकनीकी व रोजगारपरक शिक्षा पर दिया बल

# माध्यमिक शिक्षा को बढ़ावा देने को सुविधाएं दे रही सरकार

समृद्धि न्यूज



फाइल फोटो

**बांदा।** माध्यमिक शिक्षा का उद्देश्य गुणवत्तापरक शिक्षा, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक कौशल, मनोदैहिक क्षेत्र की विभिन्न दक्षताओं को अर्जित करने के साथ उच्च शिक्षा तथा कौशल विकास हेतु तैयार करना एवं दक्षता संवर्द्धन, रचनात्मकता और मौलिकता की वृद्धि करना है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 29216 माध्यमिक विद्यालय संचालित हैं।

माध्यमिक शिक्षा आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की स्थापना को सुविधाजनक बनाती है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देते हुए तकनीकी एवं रोजगार परक शिक्षा पर बल दिया है। सरकार ने माध्यमिक शिक्षा के लिए अधिक से अधिक इण्टर कालेज का निर्माण कराया है। सरकार ने नवीन विद्यालयों की स्थापना एवं अवस्थापना सुविधाओं का विस्तार किया है। प्रदेश में 41 नए इंटर कॉलेज, 215 राजकीय हाई स्कूल का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है तथा 60 नए इंटर कॉलेजों की स्वीकृति दी है। प्रदेश में 280 नए राजकीय इंटर कॉलेज/हाई स्कूल का संचालन करते हुए शिक्षा प्रदान की जा रही है। पूर्वांचल के प्रथम एवं प्रदेश के दूसरे सैनिक स्कूल जनपद गोरखपुर की स्थापना एवं संचालन किया जा रहा है। प्रोजेक्ट अलंकार प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर मूलभूत सुविधाये उपलब्ध कराने हेतु प्रदेश के 480 राजकीय माध्यमिक विद्यालयो में पुस्तकालय कक्ष, 272 प्रयोगशाला, 1116 मल्टीपरपज हाल, 577 शौचालय, 1006 पेयजल, 464 अतिरिक्त कक्षा कक्ष तथा 1167 राजकीय माध्यमिक विद्यालयो मे चहारदीवारी एवं 184 विद्यालयों में विद्युतीकरण की सुविधाओं से संतृप्त किया गया है। माध्यमिक शिक्षा में प्रोजेक्ट अलंकार हेतु प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022-23 में रू0 9831 करोड, वर्ष 2023-24 में रू0 422.00 करोड, वर्ष 2024-25 में रू0 508.58 करोड़ व्यय एवं वर्ष 2025-26 में रू0 479.49 करोड़ के प्राविधान के सापेक्ष रू0 52.14 करोड़ आवंटित किया है।

सहयोगी अनुदान वर्ष 2023-24 में कुल 152 विद्यालयों को रू0 69.30 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 25.53 करोड़ आवंटित, वर्ष 2024-25 में कुल 316 विद्यालयों को रू0 141.74 करोड़ की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 57.55 करोड़ एवं वर्ष 2025-26 में कुल 86 विद्यालयों को रू0 297 करोड की स्वीकृति के सापेक्ष रू0 198 करोड आवंटित किया गया है। प्रदेश में राजकीय इण्टर कालेजों (बालक/बालिका) में खेल के प्रति जागरूकता बढाने के उद्देश्य से इण्डोर मिनी स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 23 राजकीय इण्टर कालेजों में खेल सुविधाओं के सुदृढीकरण हेतु रू0 49.68 करोड़ की धनराशि स्वीकृत तथा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 12 जून, 2025 को शिलान्यास किया गया है। वर्ष 2025-26 में रू0 50 करोड का प्रावधान किया गया। विद्यार्थियों में तकनीकि एवं व्यवहारिक ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश में स्वीकृत 778 आईसीटी लैब स्थापित करते हुए क्रियाशील किया गया है। 1236 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित किये जाने की कार्यवाही गतिमान है। वर्ष 2023-24 में भारत सरकार द्वारा समग्र शिक्षा (मा0) के अन्तर्गत 101 विद्यालयो में अटल टिकरिंग लैब स्थापित करते हुए क्रियाशील किया गया है। पीएम विद्यालय योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा प्रणाली के नवीन आयामों के साथ-साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक एवं समावेशी शिक्षा की उपलब्धता हेतु विद्यालयो मे अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित पी0एम0 श्री विद्यालय योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 145 राजकीय माध्यमिक विद्यालय पी0एम0 श्री विद्यालय के रूप में चयनित किये गये है। सरकार द्वारा मिशन रोजगार के अन्तर्गत योग्य शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए साक्षात्कार समाप्त कर लिखित परीक्षा के आधार पर चयन किया गया है। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में शिक्षको की कमी को पूरा करते हुए विगत 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित 6808 सहायक अध्यापक, 1939 प्रवक्ता एवं 219 प्रधानाचार्यो सहित कुल 8966 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र/पदस्थापन आदेश प्रदान किये गये है।